4 रायपुर संभाग
देश में 5 प्रतिशत लोग गरीब तो 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन...

6 अभिमत
किसान की समस्या की जड़ कौन बाजार या सरकार?

09 विविध
बेर हो रहा ढेर, एक्सपोर्ट बंद, घरेलू बाजार शून्य

10 संस्कारधानी
दलेश्वर के लोक मंडई में नया विवाद, पुलिसकर्मी ने भाजपाई...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 29 फरवरी 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-188 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### उच्च न्यायालय ने हेमंत सोरेन की याचिका को खारिज



**रांची।** झारखंड में जमीन घोटाला मामले में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राज्य विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की एकल पीठ ने हेमंत सोरेन की याचिका को खारिज करते हुए बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी। इस मामले में सोमवार को दोनों पक्षों की सुनाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। हेमंत सोरेन की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वर्चुअल मोड में पक्ष रखा था। वहीं वर्चुअल मोड में सुनवाई में ईडी की ओर से एएसजीआई एसवी राजू ने पक्ष रखा था।

### बिल गेट्स ने भुवनेश्वर की मां मंगला बस्ती में कार्यक्रमों की समीक्षा की

**भुवनेश्वर।** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक एवं परोपकारी बिल गेट्स ने बुधवार को बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में मां मंगला बस्ती में किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की। गेट्स मंगलवार रात यहां पहुंचे और आज उन्होंने मंगला बस्ती का दौरा किया। उन्होंने वहां की कुछ महिलाओं से सरकार द्वारा शुरू किए गए हर घर में शौचालय और पेयजल जैसे विभिन्न परिवर्तनकारी कार्यक्रमों के लाभों के बारे में चर्चा की।

### ईडी ने केजरीवाल को आठवीं बार समन भेजा



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बुधवार को आठवीं बार समन जारी किया। ईडी ने मुख्यमंत्री को चार मार्च को उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा है। केन्द्रीय एजेंसी ने 22 फरवरी को सातवां समन जारी किया था। केजरीवाल उसे गैर कानूनी बताते हुए ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। उन्होंने कहा कि वह ईडी के समक्ष तभी पेश होंगे जब अदालत ऐसा करने का आदेश देगी। भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने ईडी के समन पर अनुपस्थित रहने को लेकर केजरीवाल के खिलाफ हाल ही में दिल्ली की एक अदालत में शिकायत दर्ज करायी है।

# सत्र के आखिरी दिन भी चौसिंगाओं की मौत का मामला सदन में गूंजा

## डॉ. रमन ने कहा- तीन वर्ष तक निलंबित रहे डॉक्टर को वहां क्यों रखे हैं?

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




विधानसभा बजट सत्र के दौरान बुधवार को फिर जंगल सफारी में वन्य प्राणियों की मौत का मामला सदन में गूंजा। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने विधानसभा में इस पूरे मामले की केंद्रीय एजेंसी सेंट्रल जू अथॉरिटी से जांच कराने की घोषणा की। नवा रायपुर स्थित एशिया की सबसे बड़ी जंगल सफारी में 2023 से जनवरी 2024 के बीच 74 वन्य जीवों की मौत हो चुकी है। जिसमें से 58 जीवों की मौत स्वभाविक है, बाकी मौत अलग-अलग कारणों से बताई गई। प्रश्नकाल के दौरान फिर से वन्य जीवों का मामला सदन में गूंजा। कांग्रेस सदस्य शेषराज हरवंश ने इसको लेकर प्रश्न पूछा। सदन में इस पर सवाल- जवाब के दौरान विधायक ने बताया कि जंगल सफारी में जिस डॉ. राजेश वर्मा को पदस्थ किया गया है उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज है। तीन वर्ष तक निलंबित रहे हैं। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि 3-3 वर्ष तक निलंबित रहे डॉक्टर को वहां क्यों रखे हैं? अध्यक्ष ने टिप्पणी करते हुए कहा कि किसी अच्छे डॉक्टर को वहां भेजिए। वहीं वन मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि वन्य जीवों की मौत के मामले में 3 लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है उनका जवाब आते ही विभागीय कार्यवाही की जाएगी। मंत्री ने बताया कि जंगल सफारी के वन्यजीवों को आवश्यक दवाएं दी जा रही है।

### नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत पीसीसीएफ वाईल्ड लाईफ पर कार्रवाई करने की मांग कर चुके हैं



राज्य में लगातार हो रही वन्य जीवों की मौत का मामला बजट सत्र में गूंजता रहा। इससे पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने वन्य जीवों की मौत पर पीसीसीएफ वाईल्ड लाईफ पर कार्रवाई करने की मांग कर चुके हैं। चौसिंगाओं की मौत पर गठित की गई जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट विभाग को सौंप दी है। महंत पूर्व में भी पशु चिकित्सक डॉ. राकेश वर्मा अन्य के उपर सवाल खड़े कर चुके हैं। विभाग द्वारा उक्त डॉक्टर को संरक्षण दिया जा रहा है। डॉ. महंत ने वन विभाग के अफसरों के उपर कई गंभीर आरोप लगाए। वहीं वन्य जीवों की मौत की कार्यवाही सुनिश्चित करने का फैसला विधानसभा अध्यक्ष के उपर छोड़ा था। बुधवार को कांग्रेस सदस्य शेषराज हरवंश द्वारा प्रश्नकाल में फिर उठाया गया।

### विधानसभा का बजट सत्र समाप्त



विधानसभा के बजट सत्र का बुधवार को समापन हो गया, सत्र 1 मार्च तक चलना था, सत्र की शेष कार्यवाही पूरी कर ली गई, जिसके चलते सत्र अवसान की घोषणा विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने की। विधानसभा मानसून सत्र अब जुलाई में प्रारंभ होगा। बजट सत्र के अंतिम दिन बुधवार को 11 पेज की कार्यसूची जारी की गई इसमें 109 ध्यानाकर्षण सूचनाएं पटल पर रखी गई थी जिसमें से 4-5 पर चर्चा हुई। वहीं दो केंद्रीय अधिनियमों के अनुमोदन पर संकल्प भी पारित किया गया। सत्रावसान के संबोधन में स्पीकर डॉ रमन सिंह ने बताया कि मानसून सत्र जुलाई के अंतिम सप्ताह में आहूत किया जाएगा।

### अमृत काल में हमारा देश और हमारा राज्य विकास की नई ऊंचाईयां छुएगा : मुख्यमंत्री साय



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के समापन के अवसर पर कहा कि यह अमृत काल है इस अमृत काल में हमारा देश और हमारा राज्य विकास की नई ऊंचाईयां छुएगा। हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ के नागरिकों को दी गई गारंटी को प्रतिबद्धता के साथ पूरा कर रही है। आगामी 5 वर्षों में उनकी हर गारंटी को पूरा करने के लिए हमारी सरकार वचनबद्ध है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस मौके पर बजट सत्र के सफल संचालन के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, मंत्रियों, सहित पक्ष-विपक्ष के सभी विधायकों के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने स्वास्थ्य ठीक न होने के बावजूद आपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनके मार्गदर्शन में इस सत्र का संचालन सफलतापूर्वक हुआ। उन्होंने सदन के संचालन में नेता प्रतिपक्ष द्वारा दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। संसदीय कार्य मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने अपने अनुभवों से सत्र को नया आयाम दिया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मंत्रिमंडल के सभी साथी अपने-अपने विभागों के माध्यम से आम नागरिकों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लेकर आए।

## देश को नशा मुक्त बनाना सरकार की प्रतिबद्धता : शाह

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि देश को नशा मुक्त बनाना सरकार की प्रतिबद्धता है। शाह ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा एक संयुक्त अभियान में तीन हजार किलो मादक पदार्थ जब्त किए जाने पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नशा मुक्त भारत के सपने को आगे बढ़ाते हुए हमारी एजेंसियों ने देश में विदेशों से लाई गई मादक पदार्थों की सबसे बड़ी जब्ती करने में बड़ी सफलता हासिल की है। एन सी बी, नौसेना और गुजरात पुलिस के संयुक्त अभियान में 3132 किलोग्राम ड्रग्स की बड़ी खेप जब्त की गई। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक सफलता देश को नशा मुक्त बनाने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने इस सफलता के लिए एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस को बधाई भी दी ।

## मुर्मु चार दिवसीय दौरे पर बुधवार को ओडिशा पहुंचीं



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बुधवार को चार दिवसीय दौरे के लिए रांची से भारतीय वायु सेना की विशेष उड़ान से ओडिशा के मयूरभंज पहुंचीं। राष्ट्रपति मुर्मु के स्वागत के लिए यहां सुकरिली के पंडरशिला फुटबॉल मैदान में बने अस्थायी हेलीपैड पर राज्यपाल रघुवर दास, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और मयूरभंज कलेक्टर समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद मुर्मु का यह अपने गृह जिले का तीसरा दौरा है। राष्ट्रपति का यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। उनकी एक झलक पाने के लिए हेलीपैड पर स्कूली बच्चों सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## यूपी की सभी 80 सीटें जीतना हमारा लक्ष्य : योगी आदित्यनाथ

पायनियर संवाददाता ‹ लखनऊ
www.dailypioneer.com




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का लक्ष्य है और इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ना है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित विकसित भारत 'मोदी की गारंटी' पेटिका अभियान के शुभारंभ के दौरान श्री योगी ने कहा माहौल हमारे अनुकूल है, मोदी जी के 10 साल के काम, उनका नाम और नेतृत्व के साथ ही इस बार भगवान श्रीराम का भी आशीर्वाद हमारे साथ है। ऐसे में इस बार 80 में से 80 लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना है। साथ ही यह भी ध्यान रखना है कि हम अति आत्मविश्वास में ना रहें। हमें अपनी बूथ संरचना को और सुदृढ़ करते हुए जनता के साथ बेहतर संवाद को और अधिक प्रगाढ़ करना है। याद रहे राजनीतिक दलों के व्यवहार और कार्यपद्धति को जनता हमेशा नोट करती है और वक्त आने पर जवाब भी देती है। पार्टी का प्रत्याशी मतलब कमल का फूल, हमें बस यही मानकर चलना है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समेत भाजपा नेताओं की मौजूदगी में योगी ने इस अभियान को शुरू किया। इसके अंतर्गत विकसित भारत 'मोदी की गारंटी' पेटिका को बीजेपी कार्यकर्ता घर-घर लेकर जाएंगे और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र के लिए सुझाव मांगेंगे। इसके अलावा पार्टी की ओर से मिस्ड कॉल अभियान की भी शुरूआत की गई है। इसमें 9090902024 पर मिस्ड कॉल के जरिए भी पार्टी के संकल्प पत्र के लिए जनता से सुझाव आमंत्रित किये जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने का एक ही तरीका है, हम अपने बूथ पर ध्यान दें। बूथ जीते तो सब जीते। बूथ पर हम जितना सशक्त और सामर्थ्यवान हैं, परिणाम उतना ही अनुकूल आएगा। हमारे संगठन का दायरा बढ़ा है।

## कृषि, किसानों की सरकार की निगाह में विशेष जगह उनकी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता : मुंडा

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्ववाली वर्तमान केंद्र सरकार की निगाह में देश के किसानों और कृषि का एक विशेष स्थान है और सरकार खेती-किसानी की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देती है। मुंडा ने यहां देश में कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा के शीर्ष निकाय भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की 95वीं वर्षिक आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत कृषि क्षेत्र में प्रगति के चलते आज 80 करोड़ लोगों को मुफ्त आनाज दे रही है। उन्होंने दलहन और तिलहन में मांग की तुलना में उत्पादन की अभी कमी की स्थिति की ओर संकेत करते हुए कहा कि भारत आने वाले समय में ऐसे उत्पादों के क्षेत्र में भी आत्म निर्भरता की ओर बढ़ेगा। मुंडा ने कहा, अन्य खाद्य खाद्य वस्तुओं के क्षेत्र में भी हम आने वाले समय में अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लक्ष्य की ओर बढ़ सकेंगे। मुंडा आईसीएआर के अध्यक्ष भी है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार की ओर से कृषि एवं किसानों को एक प्रमुख वर्ग मान कर उनकी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी गयी है। उन्होंने कहा कि आत्म निर्भर भारत के संकल्प को किसानों की आत्मनिर्भरता के साथ पूरा करने का संकल्प है। कार्यक्रम में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह, कृषि राज्य मंत्री एवं आईसीएआर के उपाध्यक्ष कैलाश चौधरी, आईसीएआर के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक तथा उत्तर प्रदेश और नगालैंड के कृषि विभाग के मंत्रियों ने भी संबोधित किया। कृषि मंत्री ने देश में कृषि एवं संबंधित व्यावसायों के विकास में आईसीएआर की भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस संस्थान के योगदान से भारतीय कृषि क्षेत्र में बड़ी तरक्की की है। श्री मुंडा ने मत्स्य सम्पदा जैसे क्षेत्रों को बड़ी संभावनाओं के क्षेत्र बताया, लेकिन कहा कि जलवायु परिवर्तन, मृदा क्षरण और हरित-क्रांति के दौर में (रसायनों आदि के प्रयोग से) 'जाने-अनजाने हुए दुष्प्रभावों' को दूर करने की चुनौती है।

## भारत-अमेरिका ने आतंकवाद रोधी और सुरक्षा संबंधी सहयोग की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत और अमेरिका ने आतंकवाद रोधी और सुरक्षा संबंधी विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की है। दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच बुधवार को यहां होमलैंड सुरक्षा संवाद हुआ जिसमें केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने भारतीय और अमेरिका के होमलैंड सुरक्षा विभाग की कार्यवाहक उप सचिव क्रिस्टी केनेगेलो ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। संवाद के दौरान दोनों पक्षों ने भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख स्तंभ रहे आतंकवाद रोधी और सुरक्षा संबंधी विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की। दोनों पक्षों ने आतंकवाद, मादक पदार्थ तस्करी और संगठित अपराध से मुकाबले के लिए द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के आवश्यक कदमों पर चर्चा की।दोनों पक्षों ने सुरक्षित और वैध माइग्रेशन सुनिश्चित करने, अवैध माइग्रेशन, मानव तस्करी, धन शोधन, साइबर अपराधों से मुकाबला करने और आतंकवादियों के वित्त पोषण सहित अन्य अवैध गतिविधियों के लिए साइबर क्षेत्र के दुरुपयोग को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाकर दोनों देशों के लोगों के बीच जीवंत संबंधों को मजबूत करने की भी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों सह-अध्यक्षों ने सूचना के आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण और तकनीकी सहायता तथा होमलैंड सुरक्षा संवाद के दायरे में गठित उप-समूहों की नियमित बैठकों के जरिए संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच परस्पर लाभकारी सहयोग को मजबूत बनाने की अपनी इच्छा को दोहराया। दोनों देशों ने द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग को मजबूत बनाने में सहायक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर भी किये।

### हमारे वैज्ञानिकों, अंतरिक्ष क्षेत्र और देश के करदाता का अपमान किया है

## द्रमुक को नहीं करना कुछ काम झूठा श्रेय लेने को है तैयार : मोदी

वार्ता ‹ तिरुनेलवेली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु की द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार पर तीखा हमला करते हुए बुधवार को कहा कि राज्य सरकार कोई काम नहीं करती, लेकिन झूठा श्रेय लेने के लिए तैयार रहती है।

मोदी ने तिरुनेलवेली में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा, कौन नहीं जानता कि ये लोग (द्रमुक) हमारी (केंद्र) योजनाओं पर अपना स्टिकर लगाते हैं। अब तो उन्होंने हद कर दी है। उन्होंने तमिलनाडु में इसरो लॉन्च पैड का श्रेय लेने के लिए चीन के स्टिकर चिपकाए हैं। वे भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की प्रगति को देखने के लिए तैयार नहीं हैं और आपके द्वारा भुगतान किए जाने वाले कर से इन्होंने विज्ञापन दिए हैं और इसमें भारत के अंतरिक्ष की तस्वीर भी शामिल नहीं की है। उन्होंने कहा, यह लोग दुनिया के सामने हमारे देश को अंतरिक्ष के क्षेत्र में मिली सफलता को साझा नहीं करना चाहते हैं। इन्होंने हमारे वैज्ञानिकों, अंतरिक्ष क्षेत्र और देश के करदाता का अपमान किया है और अब समय आ गया है कि द्रमुक को इसके लिए सजा दी जाए। मोदी ने केंद्र की योजनाओं को राज्य में लागू करने के लिए जरूरी सहयोग भी न करने का आरोप द्रमुक सरकार पर लगाया। उन्होंने कहा कि ऐसी पार्टियां केवल अपने परिवारों के लिए काम करती हैं। अगर इनसे पूछा जाए कि विकास के लिए आप क्या कर सकते हैं तो इनके पास कोई जवाब नहीं होगा लेकिन अगर इनसे पूछे कि द्रमुक का अगला अध्यक्ष कौन होगा तो यह तपाक से उत्तर दे देंगे। मोदी ने कहा, द्रमुक जैसी पार्टियां देश के लिए नहीं बल्कि अपने परिवार के लिए काम करती हैं।मुझे पूरा विश्वास है कि इस राज्य की जनता ऐसी पार्टी को सत्ता से उखाड़ फेकेगी जो केवल अपने परिवार के हित के लिए काम करती है। द्रमुक केवल विभाजनकारी राजनीति में रूचि रखती है।द्रमुक और कांग्रेस देश को बांटने पर तुले हुए हैं, जबकि भाजपा हर व्यक्ति को परिवार का सदस्य मानती है। उन्होंने ने कहा कि भारत ने अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का जश्न मनाया। कुछ दिन पहले जब संसद में इसे लेकर एक प्रस्ताव पारित किया गया तो दुमक के सभी सदस्य सदन छोड़कर चले गये। यह व्यवहार दिखाता है कि द्रमुक नेता लोगों की आस्था का कितना तिरस्कार करते हैं

## पिस्टल लेकर सीएम हाउस पहुंचा युवक, 3 सुरक्षाकर्मी निलंबित

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। 25 फरवरी को सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात करने पहुंचा एक युवक पिस्टल लेकर सीएम हाउस में घुस गया था। वह शख्स लाइसेंसी पिस्टल लेकर सीएम आवास तक आ गया था। लेकिन सीएम कक्ष के बाहर उसे रोक लिया गया। फिर उस शख्स की पिस्टल जब्त कर ली गई। बताया जा रहा है कि यह शख्स वीआईपी गाड़ी में आया था, जिसके चलते उनकी चेकिंग नहीं की गई थी। सीएम सुरक्षा में हुई चूक के मामले में एडीजी इंटेलिजेंस ने 3 सुरक्षाकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। अभी और सुरक्षा अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। मामले की जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। मामले की जांच की जा रही है। वहीं इस तरह का मामला पहली बार सामने आया है। जब राज्य में मुख्यमंत्री निवास में गन लेकर लोग मुलाकात करने पहुंच जा रहे हैं। हालांकि पुलिस विभाग द्वारा इस पर कार्रवाई की बात कही जा रही है। मामले में सिर्फ सिपाहियों पर कार्रवाई की गई है। सीएम सुरक्षा में तैनात जिम्मेदार अफसरों पर फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### आगे भी कार्रवाई हो सकती है : डीजीपी



वहीं इस मामले में डीजीपी अशोक जुनेजा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, सिक्योरिटी इंटेलिजेंस इस मामले को देख रहे हैं। कुछ लोगों को निलंबित किया गया है, मामले की जांच चल रही है। आगे भी कार्रवाई हो सकती है। भविष्य में इस तरह की घटना न हो, इस पर सिक्योरिटी इंटेलिजेन्स देखेंगे।

## हिमाचल में सरकार गिराने का प्रयास असंवैधानिक, अनैतिक : कांग्रेस

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हिमाचल प्रदेश में धन बल तथा सत्ता का दुरुपयोग करके बहुमत की सरकार गिराने का अनैतिक तथा असंवैधानिक प्रयास से राज्य के लोगों के अधिकारों को कुचलने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, लोकतंत्र में आम जनता को अपनी पसंद की सरकार चुनने का अधिकार है। हिमाचल की जनता ने अपने इसी अधिकार का इस्तेमाल किया और स्पष्ट बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनाई। लेकिन भाजपा धनबल, एजेंसियों की ताकत और केंद्र की सत्ता का दुरुपयोग करके हिमाचल वासियों के इस अधिकार को कुचलना चाहती है। इस मक़सद के लिए जिस तरह भाजपा सरकारी सुरक्षा और मशीनरी का इस्तेमाल कर रही है, वह देश के इतिहास में अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा, यदि 25 विधायकों वाली पार्टी 43 विधायकों के बहुमत को चुनौती दे रही है तो मतलब साफ है कि वह पार्टी प्रतिनिधियों के खरीद-फरोख्त पर निर्भर है। इनका यह रवैया अनैतिक और असंवैधानिक है। हिमाचल और देश की जनता सब देख रही है। भाजपा प्राकृतिक आपदा के समय प्रदेशवासियों के साथ खड़ी नहीं हुई लेकिन अब प्रदेश को राजनीतिक आपदा में धकेलना चाहती है। इस बीच कांग्रेस संचार विभाग की प्रभारी जयराम रमेश ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, हिमाचल की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नकार कर कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत दिया था।

# सनातन मूल्यों की स्थापना से ही श्रेष्ठ समाज का निर्माण संभव : स्वामी निश्चलानंद

**पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद जी ने ग्राम मुरा में मीडियाकर्मियों से चर्चा में कहा, गुरुवार को विशाल धर्मसभा को करेंगे संबोधित**



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री गोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर श्रीमदगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज ग्राम मुरा, खरोरा पहुंचे। यहां वे राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आयोजित धर्म महासभा में हिस्सा लेंगे। मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि सनातन को मानने से ही व्यक्ति का उत्कर्ष हो सकता है। इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। जहां इसका पालन नहीं हो रहा है वहां अव्यवस्था है। संस्कार नष्ट हो रहा है। सनातन मूल्यों की स्थापना से ही श्रेष्ठ समाज का निर्माण हो सकता है। इस आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के प्रदेश संयोजक तथा सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी गणेश शंकर मिश्र ने बताया कि राष्ट्रोत्कर्ष अभियान अंतर्गत सनातन मूल्यों और राष्ट्र चेतना के विकास के लिए ग्राम मुरा में धर्म महासभा का आयोजन किया गया है। इसमें शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद जी महाराज सनातन मूल्यों के संबंध में मार्गदर्शन करेंगे। हमारे कई जन्मों का पुण्य फ्ल उदित हुआ है कि महाराज जी यहां पधारे हैं। यह पूरा क्षेत्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का गढ़ रहा है। मिश्र ने बताया कि राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के अंतर्गत हम सनातन मूल्यों को सुदृढ़ करने कार्य कर रहे हैं। इस संबंध में स्वामी निश्चलानंद जी महाराज हमारी सनातन परंपरा के गहरे मूल्यों के संबंध में प्रकाश डालेंगे। मिश्र ने बताया कि आयोजन पंडित लखनलाल मिश्र पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे किया जा रहा है। ग्राम मुरा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पंडित लखनलाल मिश्र की पुण्यभूमि है। इस पुण्यभूमि में यह सुंदर आयोजन किया जा रहा है जो निश्चित रूप से राष्ट्रोत्कर्ष के अभियान को बढ़ावा देने में मदद करेगा। अगले दिन पंडित लखनलाल मिश्र सेवा परिसर में दर्शन, संगोष्ठी एवं दीक्षा का कार्यक्रम किया जाएगा।

# भगवान उसी के मन मे विराजमान होते हैं जिसका मन निर्मल होता है : पंडित त्रिपाठी

## आनंदम वर्ल्ड सिटी में भक्तों ने ज्ञान गंगा में लगाया गोता





पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

हमें संकीर्तन करना चाहिए, मन को विशुद्ध करने के लिए भगवान नाम का संकीर्तन करना आवश्यक है। संकीर्तन करने से मन का मैल साफ हो जाता है। शरीर के ऊपर लगा मैल साफ करने के लिए तो बहुत से साधन है लेकिन अंतःकरण के लिए भगवान नाम का संकीर्तन ही आवश्यक है। ऊपर की गंदगी तो दिख जाती है लेकिन अंदर की गंदगी नहीं दिखती। भगवान भी उसी के मन में जाकर विराजमान होते हैं,जिनका मन निर्मल होता है। जिसके मन में कपट भरा हुआ है,वह कभी भगवान को प्राप्त नहीं कर सकता। उक्त उद्गार पंडित चंद्रशेखर त्रिपाठी महाराज ने आज आनंदम वर्ल्ड सिटी में श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस भागवत महात्म्य का महत्व समझाते हुए व्यक्त किया। व्यासपीठ पर विराजमान पंडित त्रिपाठी ने कहा कि इस कलयुग में भवसागर पार करने का एकमात्र उपाय भगवान का नाम है। संसार की चर्चा में आज लोगों को फुर्सत नहीं है,आज मोबाइल ने लोगों को बहुत बिजी कर दिया है,लोग इधर-उधर की बातों में अधिक व्यस्त है। अगर कलयुग में भवसागर को पार करना है तो भगवान नाम रूपी नौका का सहारा लेना ही होगा। महाराज ने कहा कि संकीर्तन स्वयं गाना चाहिए। आप धीरे-धीरे करें, मन में करें लेकिन करते रहिए,संकीर्तन दूसरों से नहीं करवाया जाता। पंडित त्रिपाठी ने कहा कि कोई भी मंदिर, कथा,तीर्थ,साधु- महात्मा व्यक्ति विशेष के नहीं होते, वे संसार के होते हैं। ऐसे ही यह भागवत साधारण कथा नहीं है। इसे केवल व्यक्ति विशेष परिवार नहीं करता,यहां बैठे सभी को लाभ होगा। आप जिस उद्देश्य से कथा को सुनेंगे वह उद्देश्य पूरा होगा। भागवत कथा सब देने वाली है। हम जन्म को सुधार नहीं सकते लेकिन मृत्यु को भगवान नाम से सुधारा जा सकता है। पंडित त्रिपाठी ने कहा कि भागवत कथा सुनने का कारण बहुत हो सकता है लेकिन उद्देश्य क्या है यह महत्वपूर्ण है। आप उद्देश्य से कथा का श्रवण करेंगे तो वह उद्देश्य पूरा होगा। पंडित त्रिपाठी ने भागवत महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्र की महिमा को बताने के लिए महात्म्य की चर्चा होती है। जब कई जन्म-जन्मांतर के पुण्य का उदय होता है तब कथा सुनने का सौभाग्य होता है। कथा ईमानदारी से सुनना चाहिए। आप कथा को अच्छे से सुनेंगे तो ही कथा कहना सार्थक होगा,इसलिए कथा के पूर्व महात्म्य का उल्लेख आता है। पंडित त्रिपाठी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के पहले श्लोक में भगवान के स्वरूप, भगवान के कार्य और भगवान के स्वभाव का उल्लेख होता है। आज रूप, स्वरूप का ही मेल होता है, पहले मन का मेल होता था, इसलिए पहले श्लोक में भगवान के स्वरूप का वर्णन है। सत- चित- आनंद भगवान का स्वरूप है। संसार में यदि कोई सत्य है तो वह प्रभु है। चेतना के रूप में प्रभु आपके शरीर में विराजमान रहते हैं। भगवान ब्रह्मा सृष्टि का सृजन करते हैं,भगवान विष्णु सृष्टि का पालन करते हैं और भगवान शंकर पाप का विनाश करते हैं। यही भगवान का कार्य है। भगवान का स्वभाव भी बड़ा दयालु है,जो पूतना भगवान श्रीकृष्ण को मारने आई थी, प्रभु ने माता का दर्जा देकर स्तनपान किया था और इस भवसागर से उसे मुक्त किया था।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में संसदीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप एवं जिलाशिक्षाअधिकारी के आदेशानुसार युवा संसद प्रतियोगिता का विकासखंड स्तरीय आयोजन किया गया। यह आयोजन बेमेतरा विकासखंड के हायर सेकंडरी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए किया गया। उक्त आयोजन मे विद्यार्थियों ने लोकसभा मे होने वाली गतिविधियों का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों के द्वारा अध्यक्ष, महासचिव, प्रधानमंत्री, मानव संसाधन मंत्री, गृहमंत्री, कृषि मंत्री, रक्षा मंत्री, नेता प्रतिपक्ष सहित अन्य भूमिका निभाई गई। उनके द्वारा शपथ ग्रहण, निधन संबंधित उल्लेख, नए मंत्रियों का परिचय, प्रश्नोत्तर काल, विशेषाधिकार का भंग होना, ध्यानाकर्षण विदेशी प्रतिनिधि मण्डल का स्वागत आदि प्रतिमानों का का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बेमेतरा के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य कविता बाचपेयी ने कहा कि इस आयोजन से बच्चों को संसदीय कार्य प्रणाली को जानने का अवसर मिलता है, संसद का आदर्श स्वरुप कैसा होना चाहिए, साथ ही नेतृत्व क्षमता का विकास और लोकतंत्र मे संसद की भूमिका पर जानकारी प्राप्त होती है। विद्यार्थियों ने संस्था के व्याख्याता सुनील कुमार झा के मार्गदर्शन मे यह प्रस्तुति दी।

# जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजनाओं का संचालन मरम्मत एवं रखरखाव पर कार्यशाला का आयोजन





पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जल जीवन मिशन के अंतर्गत दुर्ग के होटल गार्नेट इन में जल जीवन मिशन के महत्वपूर्ण घटक पेयजल योजनाओं का संचालन, मरम्मत एवं रखरखाव पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन समर्थन सेंटर फॉर डेवलपमेंट सपोर्ट संस्था के माध्यम से आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यरत सहायक समन्वयक एजेंसी के प्रतिनिधि, जिला स्तर पर कार्यरत पी.एच.ई. विभाग में पदस्थ जल जीवन मिशन के जिला समन्वयक, सहायक अभियंता, उप अभियंता के साथ ही ग्रामीण स्तर पर कार्यरत हैंडपंप मैकेनिक, ग्राम पंचायत के सरपंच उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समर्थन संस्था की ओर से ट्रेनर के रूप में देवीदास निमजे उपस्थित थे जिन्होंने विभाग के अधिकारी, फील्ड में कार्यरत संस्थाओं के प्रतिनिधि समेत हैंड पंप मैकेनिक से जल जीवन मिशन से जुड़े मरम्मत रखरखाव उनके संचालन में आने वाली समस्या से संबंधित एवं किस तरह उस समस्या को दूर किया जा सकता है। इस संबंध में विस्तृत चर्चा की साथ ही ग्राम जल स्वच्छता समिति के दायित्व व मानव संसाधन उचित जल प्रबंधन को किस तरह निरंतर सुचारू रूप से चलाया जा सकता है इस पर कार्यशाला में प्रयोग भी किया गया। जिसमे जनप्रतिनिधि स्टाफ के कर्मचारी के साथ ही फील्ड में कार्यरत संस्थाओं ने मुख्य भूमिका अदा की। कार्यशाला के अंत में सभी उपस्थित लोगो ने इस कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में इस कार्यशाला का असर जरूर दिखाई देगा जिससे जमीनी स्तर पर कार्य करने में आने वाली समस्या का समाधान करने में आसानी होगी साथ ही प्रतिभागियों का मानना था कि ऐसे कार्यशाला का आयोजन साल में 2 बार अवश्य किया जाना चाहिए, जिससे सामूहिक रूप से समुदाय की सहभागिता बढ़े और जल जीवन मिशन अपने उद्देश्यों की प्राप्ति करने में सफ्ल हो सके।

## हर्ष ने अपने जन्मदिन पर कठिया में किया पौधारोपण



**बेमेतरा।** पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के सहयोग से हर्ष निषाद पिता बलराम निषाद (धर्म सेना के पूर्व अध्यक्ष) ने अपने जन्मदिन के अवसर पर ग्राम कठिया के मुक्तिधाम में पीपल के वृक्ष लगाए। संगठन के द्वारा संदेश व अभियान चलाया जा रहा है, कि कोई भी धार्मिक पर्व हो जन्मदिन, विवाह, आदि अवसरों पर लोगों को पेड़-पौधे लगाने के लिए जागरुक व सहयोग किया जा रहा है। जिसमें पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा (छ.ग.) को वृक्षारोपण के लिए आमंत्रित किया गया, व ट्रीगार्ड का सहयोग राशि संगठन को प्रदान किया। जिसमें संगठन अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, सचिव गणेश साहू, सदस्यगण खोमन चंद्राकर, सुनील बल्लू, धनेश साहू, डिकेन्द्र साहू, गणेश सेठ, रोहित साहू, केदार साहू रोजगार सहायक हर्ष निषाद, बलराम निषाद, आदि ने मिलकर के वृक्षारोपण किया।

# जेवरी हायर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी एवं विज्ञान प्रश्न मंच



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरी में विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी एवं विज्ञान प्रश्न मंच का आयोजन किया गया था, मुख्य अतिथि सीआर साहू हाई स्कूल चरगवा एवं वेभा विश्वकर्मा सेजस सिंघौरी थे। कार्यक्रम के अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य एसके तिवारी ने किया प्रतियोगिता के निर्णायक प्रमुख अतिथि एवं स्कूल के ऋषि कुमार साहू द्वारा किया गया। विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम नीमा एवं नीलम, द्वितीय संध्या तथा दीपिका, एवं तृतीय करण कुशवाहा और छबिलाल रहे। विज्ञान मॉडल में गायत्री एवं ग्रुप बायो मेडिकल वेस्ट रहे भूगोल मॉडल में ऋतु परिवर्तन प्रथम स्थान प्राप्त किया। आभार प्रदर्शन इंन्दु द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में विद्यार्थी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों का विशेष योगदान था।

# माघी पूर्णिमा पर संगम स्थल पर हुआ विविध कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

माघी पुन्नी मेंला दुल्लाहरा, दुहानी मेंला, गोपालभैना घाट जो कि हाफ नदी व सकरी नदी के संगम स्थल पर,परम पूज्य संत गुरु घासीदास बाबा जी के मंदिर प्रांगण में मेला संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सतनामी समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद थे, इस अवसर पर संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी के मंदिरों पर पालो, चढ़ाया गया साथ ही पूजा अर्चना कर भव्य आयोजन किया गया, इस अवसर पर मेला स्थल के मालिक पुनदास पुरेना व उनकी धर्मपत्नी चन्द्रकली पुरेना व रुप चंद पुरेना ग्राम हेमाबंद विकास खण्ड बेमेतरा, मेला आयोजन समिति के मुखिया सुधारण दास कौशले, जवाहर दास कौशले, हुस्न प्रकाश कौशले, पूर्व सरपंच लोचन प्रसाद कौशले, गया दास सोनवानी ग्राम भंवरदा, मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त इंस्पेक्टर ध्रुव प्रसाद मार्कंडेय ग्राम सुरकी, सरपंच प्रमोद मार्कंडेय सुरकी, साहित्यकार डॉ गोकुल बंजारे चंदन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक बेमेतरा, कान्ति बंजारे चंदन, समाज सेवक महेश बंजारे ग्राम माढ़र, शिक्षिका हिमेश्वरी कौशल, सेवा निवृत्त लाइन इंस्पेक्टर बंशीलाल मार्कंडेय सुरकी, पदमा कौशल, संजना पुरेना, राजू सोनवानी, मोहब्बत दास, कवि सोनू वारे, कल्याण दास कौशले, राजेश मार्कंडेय, पंथी नृत्य कलाकार ग्राम सुरकी सहित झाझाडीह, मोतिमपुर रामपुर, सेंदरी नवागांव, मोहतरा, खंडसरा, लावातरा, हेमाबंद सहित आसपास के श्रद्धालु जन मेला कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, इस अवसर पर सेवा निवृत्त इंस्पेक्टर थाने दार ध्रुव प्रसाद मार्कंडेय परिवार द्वारा खीर पुड़ी प्रसाद वितरण किया गया, मेला आयोजन समिति सदस्यों द्वारा मेला स्थल के स्वामी स्व. हुलास दास पुरेना मंडल हेमाबंद के पुत्र पुनदास पुरेना का मेला स्थल पर शाल श्रीफल भेंटकर व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया, समस्त कार्यक्रमों का संचालन राजेश मार्कंडेय द्वारा किया गया।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव से की भेंट



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

उपमुख्यमंत्री अरूण साव से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, मोदी की गारंटी के तहत 100 दिनों के अंदर कमेटी बनाने की बातों को रखा गया उपमुख्यमंत्री द्वारा एसीएस हेल्थ मैडम को तत्काल कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया, ज्ञात हो कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने सभी संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि करने की विधानसभा में घोषणा किया था जिसमें छत्तीसगढ़ के 37000 हजार संविदा कर्मचारियों के लिए 350 करोड रुपए का बजट का प्रावधान किया गया था जिसमें अभी तक छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत का लाभ अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है, कर्मचारी संगठनों के द्वारा मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ में चुनावी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी 100 दिवस के अंदर संविदा कर्मचारियों के लिए नियमितीकरण का रास्ता निकालने समिति कठिन करने के लिए भी ध्यान आकृष्ट किया गया।

## बालोद के अर्जुन्दा थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम सहित आईपीसी, पीआरई धाराओं के तहत किया गया अपराध पंजीबद्ध

# पीएससी के पूर्व चेयरमैन, सचिव सहित अन्य पर एफआईआर, जल्द हो सकती है गिरफ्तारी

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की भर्ती में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के आरोप में जिले के अर्जुदा थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। जिसमें तत्कालीन चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी, सचिव, परीक्षा नियंत्रक समेत अधिकारियों और नेताओं का नाम शामिल है। पुलिस 2019 के बाद जितनी भी भर्ती परीक्षाएं हुई हैं, उन सभी की जांच करेगी। दावा किया जा रहा है कि जल्द ही पूर्व चेयरमैन सोनवानी सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। इससे पहले इस मामले में ईओडब्ल्यू केस दर्ज कर चुकी है। साथ ही सरकार ने सीबीआई की जांच की अनुशंसा की है। पीएससी घोटाले को लेकर अब जांच का दायरा बढ़ता जा रहा है। अभ्यर्थी की शिकायत पर अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। शिकायतकर्ता का नाम उजागर नहीं किया गया है। पुलिस मामले को सेंसेटिव बता रही है। अभ्यर्थी ने अपनी शिकायत में कहा है कि छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा-2021 में 171 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की थी। इसमें अभ्यर्थी भी शामिल हुआ। अभ्यर्थी का कहना है कि वो भर्ती प्रक्रिया के सभी चरणों को पास करते हुए साक्षात्कार तक पहुंचा, इंटरव्यू भी काफी अच्छा रहा। लेकिन, आयोग ने 11 मई 2023 को जो मेरिट लिस्ट व चयन सूची जारी की, उसमें अभ्यर्थी का चयन नहीं हुआ। अभ्यर्थी का दावा है उसकी मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार बहुत अच्छा हुआ, लेकिन चयन नहीं हुआ। ज़िले के अर्जुन्दा थाने में धारा 120-बी-आईपीसी, 420-आईपीसी, 12-पीआरई, 7(ए)-पीआरई के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में अभ्यर्थी ने कहा है कि बाद में उसे मालूम हुआ कि परीक्षा में काफी गड़बड़ी हुई है। मैंने मेरिट लिस्ट की जांच की। कुछ विशेष नामों को चिन्हित कर जब उनके बारे में ज्यादा जानकारी एकत्र की तो पता चला कि इसमें बड़े स्तर पर गड़बड़ी की गई है।







### उच्च एजेंसी को मामला सौपा जाएगा : एएसपी

शिकायत में तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी, सचिव जीवन किशोर सहित अन्य पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए करीबियों को नौकरी दी। इस मामले में बालोद एएसपी सुशील नायक ने बताया कि छत्तीसगढ़ पीएससी घोटाले मामले को लेकर जिले के अर्जुंदा थाने में धारा 420 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। प्रार्थी पीएससी परीक्षा में शामिल हुआ था, इंटरव्यू भी दिया, लेकिन अनियमितता और गड़बड़ी होने के कारण उसका चयन नहीं हो पाया। जिसके बाद उसने लिखित शिकायत दर्ज कराया। अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। एएसपी ने आगे बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर यह मामला उच्च जांच एजेंसी जो मामले की जांच कर रही है, उसे सौंपा जाएगा। पूरे मामले में टामन सिंह सोनवानी एवं अन्य लोगों के खिलाफमामला दर्ज किया गया।

**शिकायती पत्र में ये लिखा हैं :** महोदय, निवेदन है कि छग लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा-2021 में 171 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की थी। इसमें मैं भी शामिल हुआ। मैं भर्ती प्रक्रिया के समस्त चरणों को पास करते हुए साक्षात्कार तक पहुंचा। आयोग द्वारा 11.05.2023 को मेरिट लिस्ट तथा चयन सूची जारी की गई। रिजल्ट बहुत चौंकाने वाला था। मेरी मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार बहुत अच्छा हुआ, लेकिन चयन नहीं हुआ। बाद में मुझे मालूम हुआ कि परीक्षा में काफी गड़बड़ी हुई है। मैंने मेरिट लिस्ट की जांच की। कुछ विशेष नामों को चिन्हित कर जब उनके बारे में ज्यादा जानकारी एकत्र की तो पता चला कि इसमें बड़े स्तर पर गड़बड़ी की गई है। टामन सिंह सोनवानी द्वारा आयोग के अध्यक्ष रहते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में घोटाला किया गया है। परीक्षा में अनुपस्थित पटेल को असिस्टेंट प्रोफेसर बना दिया है। एक परीक्षा केंद्र में 50 अभ्यर्थी में से 36 अभ्यर्थियों को असिस्टेंट प्रोफेसर बनाया गया है। इसमें भी टामन सिंह के द्वारा अपने रिश्तेदार को असिस्टेंट प्रोफेसर में नियुक्ति दी गई है। इसी तरह 2019 और 2020 में भी आयोजित परीक्षा में पूर्व चेयरमैन सोनवानी ने साक्षात्कार खुद लेकर अपने पुत्र, पुत्री एवं रिश्तेदारों को विभिन्न पदों में नौकरी दी है। चयनित अभ्यर्थियों का विवरण निम्नानुसार है। इसमें नितेश, रोल नंबर- 2109166651 को डिप्टी कलेक्टर चयनित किया गया। ये आयोग के अध्यक्ष सोनवानी के पुत्र हैं। इनके नाम में सोनवानी सरनेम को छुपाया गया है। इसी तरह साहिल जिसका चयन डीएसपी के पद पर हुआ है वह सोनवानी के बड़े भाई का पुत्र है। इसमें भी सोनवानी सरनेम छुपाया गया है। मिशा कोसले डिप्टी कलेक्टर टामन सिंह की बहु है। दीपा आदिल जिला आबकारी अधिकारी, सुनीता जोशी श्रम पदाधिकारी ये दोनों पूर्व अध्यक्ष के बहन की पुत्रियां हैं। पीएससी के सचिव जीवन किशोर के बेटे सुमीत ध्रुव को डिप्टी कलेक्टर, नेहा व निखिल डिप्टी कलेक्टर चुने गए हैं। ये दोनों राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो के पुत्र-पुत्री हैं। डिप्टी कलेक्टर चयनित साक्षी ध्रुव बस्तर नक्सल आपरेशन के तत्कालीन डीआईजी केएल ध्रुव की पुत्री हैं। कांग्रेसी नेता की बेटी अनन्या अग्रवाल का चयन भी डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ है। डिप्टी कलेक्टर शशांक गोयल व भूमिका कटियार कांग्रेस नेता सुधीर कटियार के बेटी दामाद हैं। खुशबू बिजौरा कांग्रेसी नेता के ओएसडी के साढ़ू की पुत्री है। राजेन्द्र कौशिक कांग्रेसी नेता के पुत्र हैं। इसी तरह बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार आयोग के अध्यक्ष, सचिव, राजनेता एवं अन्य के द्वारा किया गया है। डिप्टी कलेक्टर शशांक गोयल व भूमिका कटियार कांग्रेस नेता सुधीर कटियार के बेटी दामाद हैं। खुशबू बिजौरा कांग्रेसी नेता के ओएसडी के साढ़ू की पुत्री है। राजेन्द्र कौशिक कांग्रेसी नेता के पुत्र हैं। इसी तरह बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार आयोग के अध्यक्ष, सचिव, राजनेता एवं अन्य के द्वारा किया गया है।

# पल्स पोलियों आभियान के लिए सभी दल कर्मियों का प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता ∢ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय पल्स पोलियो को लेकर स्वस्थ्य विभाग ने तैयारी पुर्ण कर ले है कलेक्टर विजय दयानन्द के. निदेर्शानुसा मुख्यचिकित्सा एवम स्वस्थ्य अधिकरी डॉ. आर.के.चतुवेदी के मार्गदर्शन में पल्स पोलियों आभियान मे 0 से लेकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को ओरल पोलियो की अतिरिक्त खुराक पिलाई जाएगी शहरी कार्यक्रम प्रबन्धक संजीव दुबे ने बताया कि जगदलपुर शहरी क्षेत्र में लगभग 2400 बच्चों को पोलियों की अतिरिक्त खुराक पिलाने के लिए 72 टीमों की व्यस्था की गई है जो शहर के प्रमुख वार्डो स्थानों में 3 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक पोलियो बूथ में पोलियो की दवा पिलाएंगे इसके अलावा 3 अतिरिक्त मोबाइल टीम का गठन किया गया है जो रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और अन्य जगह पोलियों की दावा पिलाएंगे। पल्स पोलियों आभियान के लिए सभी दल कर्मियों का प्रशिक्षण जिला टिकाकरण अधिकरी डॉ. सी. मैत्री ने बी.एस.सी. नर्सिंग कॉलेज के सभागार में दिया और उन्होंने निर्देशित किया की कोई भी बच्चा पोलियो की अतिरिक्त खुराक से वंचित न रहे पल्स पोलियो के आभियान के दूसरे दिन जो बच्चे किसी कारण वस छूट गए हो उन्हें 4 मार्च ओर 5 मार्च को टीकाकरण दल के द्वार घर घर जाकर दवा पिलाई जाएगी ईस मौके पर डी.पी.एम. डॉ. रीना लक्ष्मी, जिला टिकाकरण सलाहकर आसू पोद्दार, नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल स्वर्णलता पीटर, प्रशान्त श्रीवस्ताव, नरेश मरकाम, चंचल जोशी, शेखर सेठिया के अलावा बी.एस.सी., एम.एस.सी. नर्सिंग के छात्राएं, ए.एन.एम. एम.पी.डब्ल्यू., सी.एच.ओ. शमिल हुए।

### कलेक्टर ने चित्रकोट महोत्सव की तैयारियों का लिया जायज़ा



**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने चित्रकोट महोत्सव की तैयारियों का मौका निरीक्षण कर जायज़ा लिया। चित्रकोट महोत्सव के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विवाह कार्यक्रम, विभिन्न विभागों के विभागीय प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद की गतिविधियों के स्थल और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चाकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, अति. पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, एसडीएम लोहांडीगुड़ा एसएल सिन्हा, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, जिला और जनपद पंचायत के अधिकारी उपस्थित थे।

# एसपी थ्री घटना में 4 मजदूरों की हुई मौत




पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल एनएमडीसी की निर्माणाधीन स्क्रीन प्लांट-03 में रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी चट्टान गिरने से दुर्घटना हुई हैं। उक्त दुर्घटना में चार मजदूरों की मृत्यु हुई है। जिनके शव मलबा के नीचे दबा हुआ था। घटना की सूचना पर प्रशासन पुलिस और एसडीआरएफ की टीम द्वारा तत्काल रेस्क्यू आपरेशन चलाया गया। चारों मृतकों बिट्टू बाला पिता राजन बाला उम्र 26 वर्ष साकिन पश्चिम बंगाल, तुषार बाला पिता रमेश बाला उम्र 49 वर्ष साकिन पश्चिम बंगाल, निर्मल बाला पिता सुधीर बाला उम्र 56 वर्ष साकिन पश्चिम बंगाल, संतोष कुमार दास पिता रमाशंकर उम्र 29 वर्ष साकिन बिहार के शव बरामद कर लिये गये हैं। मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। मामले में थाना किरन्दुल द्वारा मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। एएसपी आर के बर्मन ने बताया कि 4 मजदूरों की मौत हुई हैं एवम एक मजदूर को सिर पर चोट आई हैं।

# उच्च प्राथमिक शाला कोड़ेनार क्रमांक 2 में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दंतेवाड़ा मयंक चतुर्वेदी द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश और मार्गदर्शन में बुधवार को शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कोड़ेनार क्रमांक 02 में विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया।बता दें कलेक्टर द्वारा सभी बच्चों तक विज्ञान के महत्व और क्रियाशीलता का संचार करने हेतु प्रत्येक विकासखण्डों और सभी संकुलों में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन एवं स्वरूपि भोज का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में पहली से आठवीं कक्षा के बच्चों के लिए विज्ञान के मॉडल, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, स्वरूचि भोज आयोजन किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य उमा ठाकुर, संकुल समन्वयक शंकर चौधरी, लक्ष्मी राव, बसंती नेताम, कविता वर्मा, ज्योत्सना महारखाडे उपस्थित थे।

# 4092 छात्र-छात्राएं 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा में होंगे सम्मिलित

■ 1 मार्च से शुरू होगी परीक्षा

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने बताया कि वर्तमान सत्र में जिले के कुल 4092 छात्र-छात्राएं 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित होंगे। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने परीक्षा के तनाव को दूर करने और तनावमुक्त परीक्षा दिलाने बच्चों को शुभकामनाएं दी और कहा है कि पढ़ाई के साथ-साथ अपने सेहत पर भी ध्यान दें और अच्छे नंबर लाकर अपने उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करें। कलेक्टर के दिशा-निर्देशन में जिले में परीक्षा की तैयारी पूर्ण किया जा चुका है। 01 मार्च को 12वीं एवं 02 मार्च को 10वीं की परीक्षाएं शुरू होने जा रही है जो 23 मार्च 2024 तक चलेगी। जिसमें हाई स्कूल के 2420 एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के 1672 परीक्षार्थी रेगुलर परीक्षा में बैठेंगे। परीक्षा के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों, जुलुस, प्रदर्शनों पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

केन्द्रवार सुरक्षा हेतु पुलिस के जवानों ड्युटी लगाई जाएगी। परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचने में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में संबंधित प्राचार्यो को निर्देशित किया जा चुका है। नकल एवं सामूहिक नकल को रोकने हेतु जिला स्तर पर 04 एवं विकासखण्ड स्तर पर 04 उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के अचानक अस्वस्थ होने पर उपचार हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्थानीयस्तर पर में मेडिकल टीम की व्यवस्था की जाएगी।

# पुलिस नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 4 माओवादी ढेर, मौके से हथियार विस्फोटक, वाकी टॉकी एवं अन्य माओवादी सामग्री बरामद

■ बड़े तुंगाली-छोटे तुंगाली के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com



थाना जांगला क्षेत्रान्तर्गत बड़े तुंगाली, छोटेतुंगाली के जंगल में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन पश्चिम बस्तर डिविजन के कंपनी नम्बर 2 के प्लाटून कमाण्डर प्रशांत, माटवाड़ा एलओएस कमाण्डर अनिल पूनेम, भैरमगढ़ एरिया जनताना सरकार अध्यक्ष एसीएम राजेश एवं भैरमगढ़ एरिया कमेटी के 40-50 माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी, बस्तर फाईटर, केरिपु 80, 231 बटालियन की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान आज पूर्वान्ह सुबह 06:45 बजें बड़े तुंगाली और छोटे तुंगाली के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच हुए अलग-अलग 02 मुठभेड़ में 4 माओवादी मारे गये एवं मौके से 315 देशी कटटा-01, 04 नग जिंदा कारतुस, बीजीएल लांचर -01, भरमार-01, टिफिन बम-03, कार्डेक्स वायर, जिलेटिन स्टीक-10, सेफ्टी फ्यूज-15 मीटर, वाकी टॉकी वायरलेस सेट मय बैटरी-02, तीर-धनुष, कुल्हाडी, चाकू, मेडिकल बॉक्स, डिजिटल मल्टी मीटर, माओवादी वर्दी, माओवादी पिटठू एवं अन्य माओवादी सामग्री बरामद किया गया । घटना में मृत माओवादियों के शव शिनाख्तगी एवं अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### हड़ेली के समीप सड़क दुघर्टना में आईटीबीपी के जवानों ने मरीज का किया उपचार



**कोंडागांव।** आई.टी.बी.पी. समवाय हड़ेली 41 वीं वाहिनी के समीप सड़क दुघर्टना पीड़ित जागेश्वर उम्र 50 वर्ष गाँव जोंदरी कोकपाड़ (गर्दापाल) जिला नारायणपुर जो कि कड़ेनार से हड़ेली जाने वाली कच्ची सड़क पर गिर जाने के कारण मरीज के सिर और हाथ में गंभीर रूप से चोट लगने के कारण अत्यधिक रक्तावि हुआ। जहां आईटीबीपी के जवानों के द्वारा तत्काल मरीज को हड़ेली कैंप के मेडिकल सेंटर में लाया गया, जहां पर उपस्थित सेनानी डॉ अक्षय राजपुरोहित द्वारा उपचार कर मरीज की जान बचायी गई। मरीज की हालत में सुधार होने के उपरांत परिजनों को सूचना देकर द्वारा उन्हें घर ले जाया गया और परिजनों ने इस नेक कार्य के लिए 41 वीं वाहिनी की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।

# ईको पर्यटन केन्द्र टाटामारी में दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन




पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

वनमंडल केशकाल अंतर्गत ईको पर्यटन केन्द्र टाटामारी में क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का आयोजन जैव विविधता समिति को सुदृढ़ और कार्य क्षमता को बेहतर करने के लिए किया जा रहा है। इस दौरान उपवन मंडल अधिकारी सुषमा जे नेताम एवं मास्टर ट्रेनर प्रीतम कौर, परिक्षेत्र अधिकारी सेवक राम ठाकुर एवं अन्य जैव विविधता समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कार्य कारणी सदस्य उपस्थित रहें।

# बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों से मिले पूर्व मंत्री महेश गागड़ा

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com



पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश गागड़ा और भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों से सुबह की तड़के बीजापुर स्थित सांस्कृतिक मिनी ग्राउंड में मुलाकात की।और हाल ही में 41 वीं नेशनल जूनियर सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में जीत के आये मेडलिस्ट खिलाड़ियो को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कि। स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने पूर्व मंत्री महेश गागड़ा के सामने नया खेल ग्राउंड, खेल सामग्री की मांग रखी और पिछले पाँच सालों में जिले के अधिकारी खिलाड़ियों को ध्यान न देने और बहार खेलने जाने पर फंड न होने का हवाला देने की बात कही। जिस पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने जल्द खेल सामग्री देने की बात कही। इस दौरान युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य फूलचंद गागड़ा, भाजपा मीडिया प्रभारी सुरेश परतागिरी व हेड कोच सोपान कणेर्वार उपस्थित थे।

# अज्ञात चोरों ने की सड़क की चोरी पुलिस अधीक्षक से की गई शिकायत



पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले में अजीबोगरीब चोरी को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है, आपने कई प्रकार के चोरी के बारे में सुना होगा पर कभी ये नहीं सुना होगा कि दो किलोमीटर लंबी सड़क ही चोरी हुई हो, ऐसा ही एक मामला है जिले के बासागुड़ा थाना अंतर्गत पुतकेल ग्राम की है। जहां प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत वर्ष 2022 में विभाग द्वारा दो किलोमीटर लंबी सड़क पूर्ण होने की जानकारी दी गई थी, पर असल में जहां सड़क बननी थी, वह बिना सड़क बनाये ही साइन बोर्ड लगा दिया गया है, जिसे लेकर स्थानीय पत्रकार ईश्वर सोनी, कुशल चोपड़ा एवं प्रसून ने सड़क की कवरेज के लिए गए थे, जहां सड़क नहीं मिलने पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी की शिकायत पुलिस अधीक्षक बीजापुर से की गई।

## जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किया अवलोकन

# कृषि सखियों को दिया जा रहा प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन का प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



रासायनिक खाद के उपयोग के कारण किसानों के लिए बढ़ती जा रही लागत से छूटकारा दिलाने के साथ ही मृदा पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभावों से निजात दिलाने के लिए प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढ़ाने की मांग पूरी दुनिया में की जा रही है। यही कारण हैं कि, प्राकृतिक खेती से उपजी फसल की कीमत भी अब किसानों को बहुत अच्छी मिल रही है। इसी कड़ी में कोंडागांव जिले में भी प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए 300 कृषि सखियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संबलपुर में आयोजित कृषि सखियों के प्रशिक्षण में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीलम टोप्पो पहुंचे और प्रशिक्षण का अवलोकन किया। उन्होंने इस दौरान कृषि सखियों को प्राकृतिक कृषि के इस प्रशिक्षण का लाभ भलीभांति उठाते हुए अधिक से अधिक सीखने को कहा। उन्होंने कहा कि, रासायनिक खाद के उपयोग के कारण मानव शरीर के साथ ही प्रकृति पर पड़ रहे दुष्प्रभावों के कारण अब पूरा विश्व प्राकृतिक कृषि से उपजे फसल की मांग कर रहा है। यह उचित अवसर हैं कि, इसका प्रशिक्षण लेकर हम प्राकृतिक खेती के माध्यम से अधिक उपज की तकनीक सीखें, जिससे इस मांग को पूरा करते हुए अपनी आय को बढ़ा सकें। उन्होंने मृदा प्रबंधन के अभाव में निरंतर गिरती जा रही उर्वरता को दूर करने के लिए मृदा प्रबंधन के प्रशिक्षण का भी लाभ उठाने की अपील की, जिससे भूमि की उर्वरता निरंतर बनी रहे और फसल की उपज अच्छी हो। इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक विनय सिंह भी उपस्थित रहें।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हर घर गुब्बारा का हुआ आयोजन





पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन समग्र शिक्षा के आदेशानुसार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी बच्चों में नवाचार व खिलौना आधारित विज्ञान शिक्षा के प्रति रुचि जागृत करने के उद्देश्य से हर घर गुब्बारा का आयोजन किया गया। जहाँ बच्चों ने गुब्बारे के माध्यम से न्यूटन के गति के नियम को समझा व गुब्बारा कार का प्रदर्शन किया। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने गुब्बारा कार की अवधारणा से बच्चों को परिचित कराया। बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गुब्बारा कार का निर्माण कर चलाया और साथ ही भारत र महान वैज्ञानिक डॉ सी वी रमन की जीवनी से बच्चों को परिचित कराया। जिन्हें 1930 में उनकी खोज रमन प्रभाव के लिए भौतिकी का नोबल पुरस्कार प्रदान कर बच्चों ने भी सभी गतिविधियों में उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# देश में 5 प्रतिशत लोग गरीब तो 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों दे रहा मोदी सरकार : विनोद चंद्राकर

## गरीबी को लेकर मोदी सरकार प्रदर्शित कर रहा फर्जी आंकड़ा, 5 प्रतिशत वाला गरीबी सर्वे चुनावी लाभ लेने की कोशिश

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि मोदी सरकार ने सरकारी एजेंसियों पर दबाव बनाकर फिर से चुनावी लाभ लेने देश में गरीबी को लेकर फर्जी आंकड़े प्रदर्शित की है। चंद्राकर ने नीति आयोग के सर्वे पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि नीति आयोग आजकल गरीबी को लेकर झूठ परोस रहा है। किसी तरह से यह सिद्ध करने की कोशिश की जा रही है कि नरेंद्र मोदी सरकार ने गरीबी मिटा दी है। दावे में सरकार का कहना है कि इस देश का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा अब गरीब रह गया है। यदि ऐसा है तो देश के 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों देना पड़ रहा है? देश के 35 करोड़ लोगों के पास आवाजाही का कोई साधन और 45 करोड़ लोगों के पास टीवी क्यों नहीं है? रोज़मर्रा की चीजों में भी गिरावट आई है, जो साबित करता है कि लोग खर्च नहीं कर पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 11 साल के बाद जारी किया गया यह उपभोग व्यय भी भारत में लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता को उजागर करता है। यह सर्वेक्षण 5 वर्षों में एक बार आयोजित किया जाता है, लेकिन सरकार ने 2017-18 में डेटा ही नहीं जारी किया, क्योंकि



नोटबंदी और त्रुटिपूर्ण जीएसटी के कारण सर्वेक्षण में उपभोग में 40 सालों में सबसे निचले स्तर पर सरक गया और अब डेटा में लीपापोती का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर इस रिपोर्ट को ही मान लें तो सच बड़ा भयावह है कि हिंदुस्तान के सबसे गरीब 5 प्रतिशत लोग अपने पूरे दिन की गुजर बसर सिर्फ और सिर्फ 46 रुपये रोज पर कर रहे हैं। इसी में रोटी, कपड़ा, दवाई, पढ़ाई सब शामिल है। देश में गांव एवं शहर और अमीर एवं गरीब के बीच लगातार खाई बढ़ती जा रही है। भारत के सबसे गरीब 5 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन औसतन 46 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 67 रुपये खर्च करते हैं तो वहीं सबसे अमीर 5 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में 350 रुपये और शहरी भारत में 700 रुपये खर्च करते हैं। अमीरों और गरीबों के बीच का यह अंतर भयानक है। चंदाकर ने कहा कि गरीबी के सभी मूर्खतापूर्ण दावों के अलावा गंभीर वास्तविकता यह है कि सबसे गरीब भारतीय अपने सभी खर्चों को केवल 46 रुपये प्रतिदिन से चलाता है। सवाल तो यह है कि अगर सरकार की ही मान ली जाए कि अगर सिर्फ 5त्न ही ग़रीबी रह गए हैं, मतलब 7 करोड़ लोग गरीब हैं, तो 81 करोड़ को मुफ्त राशन क्यों देना पड़ रहा है? क्योंकि यह सच्चाई है कि अगर ऐसा ना किया गया तो वो भुखमरी से मर जाएंगे। मोदी सरकार द्वारा दिए जा रहे मुफ्त राशन से ही पता चल रहा है कि गरीबी के आंकड़े किस हद तक वास्तविक है। फर्जी आंकड़े प्रदर्शित कर चुनावी लाभ लेने की कोशिश मोदी सरकार द्वारा की जा रही है।

# आरोग्य समिति की महिलाओं और मितानिनों ने की शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के जल्द निर्माण प्रारम्भ करने की मांग

## पार्षद राजेश ठाकुर के नेतृत्व में सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



लगभग सवा सौ साल पुराने अंग्रेजो के जमाने का सिविल डिस्पेंसरी जिसे अब शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नाम से जाना जाता है का जीर्णोधार का काम शुरू हुआ था। 46 लाख की लागत से इसे हमार अस्पताल प्रोजेक्ट के तहत अपग्रेड किया जाना है। लेकिन लगभग डेढ़ माह से ठेकेदार ने इसका काम रोक दिया। आज आरोग्य समिति की महिलाएं और मितानिनों ने अस्पताल के पास नारेबाजी करते हुए काम जल्द से जल्द शुरू करने की मांग की। आरोग्य समिति की महिलाओं ने कहा कि यहां पर डिलीवरी की सुविधा अच्छी है। काम रुक जाने से जिला अस्पताल के भीड़ भाड़ में जाना पड़ता है। टीकाकरण के साथ.साथ बुजुर्गों को भी सहुलियत मिल जाती है। आसपास के वार्डवासियों को दूर जिला अस्पताल तक जाना नहीं पड़ता है। जीर्णोधार का काम शुरू होने के बाद से ऐसी उम्मीद थी कि अस्पताल में और सुविधाएं बढ़ेगी लेकिन काम रुक गया है। कोई यह बताने को तैयार नहीं था कि क्यों रुक गया।आखिरकार एक पत्र प्राप्त हुआ जिसमें कार्यपालन अभियंता सीजीएमएससी लिमिटेड रायपुर ने सीएमएचओ धमतरी को पत्र लिखा है जिसमें बताया गया है कि उक्त कार्य निज सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्री के निर्देश पर रोका गया है महिलाएं अस्पताल से पोस्ट ऑफिस वार्ड के पार्षद राजेश ठाकुर के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंची और वहां तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम विभोर अग्रवाल ने बताया कि महिलाओं ने अस्पताल के काम रुकने पर के संबंध में ज्ञापन सौंपा है। इस सम्बद्ध में आगे जानकारी लेकर कार्यवाही की जाएगी।

# विराट धनुयात्रा एवं माघी मेला में सजा कंस दरबार



**सरायपाली।** सिंघनपुर में आयोजित विराट धनुयात्रा एवं मेले का आयोजन सवरा समाज एवं ग्राम वासीओ द्वारा किया गया कार्यक्रम में महाराज कंस के दरबार में मुख्यअतिथि के रूप में संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल उपस्थित हुए, महाराज कंस द्वारा भगवान शिव की पूजा आराधना कर दरबार आरंभ किया गया, महाराज कंस के सेनापति द्वारा समस्त अतिथियों को गमछा पहना कर अभिवादन किया गया ,एवं महाराज कंस द्वारा संगम सेवा समिति के सामाजिक कार्यों के लिए सम्मान स्वरूप मोमेंटो संस्थापक प्रखर अग्रवाल को भेंट किया गया, आर्केस्ट्रा टिम द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, अपने उद्बोधन में अग्रवाल ने आयोजन समिति एवं सिंघनपुर ग्राम वासीयो का आभार जताया कि उन्हें इस भव्य कार्यक्रम में आमंत्रित किया, एवं महाराज कंस के दरबार में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया कार्य म में समिति के सदस्य तुषार सेन, आयुष साहू, प्रखर शर्मा, तरुण गड़तिया सम्मिलित हुए।

# शादी कार्यक्रम में बच्चों को न्योता भोजन कराया गया



पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com

संकुल केन्द्र जमदरहा के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक शाला ललितपुर टुकड़ा में शादी कार्यक्रम में बच्चों को न्योता भोजन कराया गया। यह आयोजन जयलाल दीवान परिवार के द्वारा कराया गया।शासन के द्वारा आदेश निकालकर एक अच्छी पहल की शुरवात की गई है। जिससे बच्चों को बीच-बीच में गांव में होने वाले आयोजन कार्यक्रम में बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जाना बहुत ही उत्कृष्ट पहल है। संकुल केंद्र जमदरहा के समन्वयक डिजेन्द्र कुर्रे ने बैठक में जानकारी देकर शिक्षकों को प्रेरित किया गया जिससे आज प्रेरित होकर प्राथमिक शाला ललितपुर तुकड़ा के शिक्षक बसंत साहू एवं देवकी साहू की पहल से न्योता भोजन दीवान परिवार के द्वारा दिया गया। बच्चे भोजन ग्रहण करके बहुत खुश है। इससे मध्यान भोजन योजना में एक दिन का बचत हो जायेगा। शासन की अच्छी पहल की शुरवात बसना विकासखंड के कई स्कूलों में प्रारम्भ हो चुकी है। इसी तारतम्य में जमदरहा संकुल का भी शुरवात हो गई। इस पहल के लिए बसना विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे. आर. डहरिया, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला, बद्रीविशाल जोल्हे, लोकेश्वर कंवर, बी आर सी सी ललित देवता, नोडल प्राचार्य उत्तर कुमार चौधरी एवं समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा, अनिल साव आरिफ बेग, रोहित पटेल, तिरिथ राम पटेल, लक्ष्मण पटेल, लोकनाथ खूंटे के अलावा सभी समन्वयकों ने बधाई दिए।

# अछोटा पुल बने रामवन गमन पथ सेतु

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ सरकार से मांग किया है कि जैसा की देश के प्रधानमंत्री ने भेट द्वारका में सेतु का लोकार्पण कर प्रभु कृष्ण से जोड़ने जन जन के लिए यात्रा सुगम एवं सुंदर बनाने के लिए सेतु बनाया है वैसे ही सेतु का निर्माण इंजीनियरिंग का बेहतरीन नमूना एवं सुंदरता को भी देखा जा सकता है। इसी तरह का कार्य अछोटा पुल को राम सेतु के स्वरूप में दिखाया जाए क्योंकि यह पुल रामवन गमन पथ का सेतु हैं सिहावा को जोड़ने वाला यह पुल प्रभु राम की याद दिलाता रहेगा ऐसा भव्य सुंदर सेतु का निर्माण किया जाना चाहिए जो पर्यटन स्थल पर जाने वाले यात्रियों का मन मोह ले अगर ऐसा होता है तो यह चरितार्थ हो जायेगा की यह रामवन गमन पथ सेतु हैं और जन भावना को भी प्रभु सेतु में चलने का आनंद प्राप्त होगा साथ ही क्षेत्र की खुबिया उकेरते हुए यहां से दिखाया जाए की राम जी आए और इस सिहावा में जाकर अपनी छाप छोड़ कर हमे जोड़ रखा है जनता को यह मांग करते हुए प्रसन्नता हो रही है और उम्मीद भी है की सरकार जल्द ही अपनी सहमति प्रदान करेगी।

# शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ जिला बलौदाबाजार भाटापारा की बैठक संपन्न हुई जिसमे जिले भर से खेल अधिकारी उपस्थित होकर आगामी माह मे रायपुर मे होने वाली महासम्मेलन की सफलता के साथ ही छत्तीसगढ की शिक्षा मे शारीरिक शिक्षा को भी पाठयपुस्तक मे सम्मिलित करने की मांग पर चर्चा की गयी। शारीरिक शिक्षा से संबंधित शिक्षको की बहुप्रतीक्षित मांग पदोन्नति एवं शारीरिक शिक्षा एवं खेल को विषय के रूप मे पाठयपुस्तक पाठयक्रम मे शामिल करने हेतु वर्षो से संघर्षरत हैइस संबंध मे पूर्ववर्ती सरकारो को भी अवगत कराया गया है। पर इस पर आज तक कोई भी निर्णय नही लिया गया है वही भारत सरकार की नई शिक्षा नीति मे शारीरिक शिक्षा एव खेल को पाठयक्रम मे शामिल किया गया है। शिक्षको की मांग है कि



केन्द्र के अनुरूप राज्य भी पाठयक्रम मे शारीरिक शिक्षा एवं खेल को शामिल करे। साथ ही शारीरिक शिक्षा से सबंधित शिक्षको को व्याख्याता पद पर पदोन्नति प्रदान किया जाये। बैठक मे पूर्व वर्षो के आय व्यय का विवरण प्रस्तुत करते हुए पुन अधिकारिक संख्या मे महासम्मेलन मे सहभागिता का संकल्प दोहराया गया। बैठक मे सहायक जिला क्रीडा प्रभारी आलोक गुप्ता, संध अध्यक्ष शरद पंसारी, सचिव शिवकुमार बांधे, विकासखंड प्रभारी आलोक मिश्रा, कोषाध्यक्ष हरबंश निषाद, कार्यकारिणी उपाध्यक्ष यास्मीन अफ रोज, प्रीति जलहरे, सदस्य तिलोत्मा वर्मा योगेश कटैलिहा, किशोर वर्मा, सत्यनारायण राजपुत, दौलतराम महिलांगे, संतोष साहु, श्रीधर राव, जे आर बारले, विरेन्द्र पटेल, राजकुमार कैवर्त्य, परिचय मिश्रा, चद्रदीप रात्रे सहित व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे।

# श्री सीमेंट में रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

श्री रायपुर सीमेंट प्लांट के आवासीय परिसर में रात्रिकालीन अंतर्विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट श्री प्रिमियर लीग का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट के पुरूष वर्ग में 09 टीमों (माईस, मेंटेनेंस, एच.आर.,कमर्शियल, क्वालिटी कंट्रोल, जी.पी.पी., टाउनशिप, प्रोसेस एवं आर.एम.पी.) ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का शुभारंभ दिनांक 15 फरवरी 2024 को हुआ, जबकि फाइनल मैच 26 फरवरी 2024 को खेला गया। गौरतलब है कि टूर्नामेंट के फाइनल मैच माईस और मेंटेनेंस की टीमों के बीच खेला गया। मैच मे पहले टॉस जीत कर मेंटेनेंस टीम के कप्तान प्रियेश चैबे ने बल्लेबाजी करने का फैसला किया और विपक्षी टीम माईस को गेंदबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मेंटेनेंस की टीम ने निर्धारित 14 ओवरों मे 10 विकेट खोकर 78 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमे कप्तान प्रियेश चैबे ने सर्वाधिक 26 रन बनाये वहीं दूसरी तरफ माईस की टीम की ओर से अच्छी गेंदबाजी करते हुए मानेन्द्र और राहुल मिरी ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। 79 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए माईस




की टीम बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरी और दोनो प्रारंभिक बल्लेबाज मानसिंह व रवि टंडन ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए तेजी के साथ क्रमशः 38 एवं 36 रनों का योगदान दिया। इस प्रकार माईस की टीम ने बगैर कोई विकेट गंवाये जीत के लिए आवश्यक 79 रन महज 6.2 ओवरों मे ही बना लिया। माईस की टीम ने वर्ष 2024 का चैम्पियनशिप अपने नाम किया। इससे पूर्व 15 फरवरी 2024 को टूर्नामेंट के शुभारंभ के अवसर पर सृजन लेडीज क्लब की 02 टीमों पॉवरमैक्स वारियर्स एवं रॉकस्ट्रांग चैलेंजर्स के बीच एक संघर्षपूर्ण व रोमांचक मैच खेला गया था। मैच मे पावरमैक्स वारियर्स की कप्तान रेणु छीपा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया था। उनकी टीम ने निर्धारित 07 ओवरों मे 02 विकेट खोकर 62 रन बनाये जवाब मे 63 रनों के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से रॉकस्ट्रांग चैलेंजर्स की टीम की कप्तान नीतू चैहान की टीम बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरी और निर्धारित 07 ओवरों मे 04 विकेट खोकर 57 रन ही बना सकी। इस प्रकार पॉवरमैक्स वारियर्स की टीम ने एक नजदीकी मुकाबले में 05 रनों के अंतर से मैच मे जीत दर्ज किया। इस मैच में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए नीतू चौहान (44 रन) एवं नुपुर माहेश्वरी (28 रन एवं 02 विकेट) को मैन ऑफदी मैच का पुरस्कार दिया गया। 26 फरवरी 2024 को समापन समारोह के दौरान विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को कम्पनी के कलस्टर हेड मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं सृजन लेडीज क्लब के प्रमुख रीतू श्रीवास्तव के करकमलों से पुरस्कृत किया गया। विशिष्ट पुरस्कारों की श्रेणी मे पुरूष वर्ग मे मैन ऑफदी सीरीज नवीन गनवीर, बेस्ट बैट्समैन मानसिंह, बेस्ट बॉलर मानेन्द्र, बेस्ट विकेटकीपर भाबतोष दास, बेस्ट फिल्डर पीयुष ओझा को मनोज कुमार श्रीवास्तव के करकमलो से पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह के अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियो की 02 टीमों के मध्य एक मैत्री क्रिकेट मैच भी खेला गया। इस मैच मे उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए मनोज कुमार श्रीवास्तव को मैन ऑफ दी मैच, बेस्ट बैट्समैन डॉ संतोष कुमार, बेस्ट बॉलर मनोज जैन एवं बेस्ट फिल्डर विजय कुमार अग्रवाल को घोषित किया गया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खेले गए सभी मैचो का शानदार ढंग से आयोजन किया गया और बड़ी संख्या मे दर्शक उपस्थित होकर खेल का आनंद उठाते नजर आये। श्री रायपुर सीमेंट प्लांट क्रिकेट टूर्नामेंट में खिलाड़ियों और उनके समर्थकों मे काफी उत्साह और उमंग देखने को मिला। समापन समारोह के दौरान बड़ी संख्या में दर्शको के बीच वरिष्ठ अधिकारियों में मनोज कुमार श्रीवास्तव, विजय कुमार अग्रवाल, अक्षय जैन, मनोज जैन, अमित बाजपेयी, मुस्ताक अली खीरा, आशीष माहेश्वरी, धर्मेन्द्र सिंह, आर.एस. सोडा, हरीश गनवानी, साबुज, अशोक कुमार अग्रवाल, अमित चैहान, अभिषेक चैहान, डा. संतोष कुमार, विमल झा, इन्द्रजीत सिंह, शैलेन्द्र राठौर एवं मोहम्मद तबरेज इत्यादि उपस्थित रहें।

# इन दिनों क्षेत्र मे बिजली कटौती व लो- वोल्टेज से किसानों की बढ़ी चिंता

पायनियर संवाददाता < महासमुंद/नर्रा
www.dailypioneer.com

विद्युत मंडल कोमाखान के अतर्गत ग्रामीण अंचल के ग्रांवों मे इन दिनो बिजली कटौती से अन्नदाता किसान की चिंता बढ़ गई है। उल्लेखनीय यह है साधन सम्पन्न ट्यूवेल वाले किसान इन दिनो बिजली कटौती के साथ साथ लो-वोल्टेज की समस्या झेल रहे है। इसके चलते किसानो का बोर पतली धार व ठीक से नही चल पा रहा है। क्षेत्र के किसान रोशन तारक ग्राम खट्टी ने



बताया कि स्वंय रबी फसल की खेती मे धान का उत्पादन ले रहे है। उन्होने बताया कि लगभग चार से पांच एकड़ मे धान की रोपाई किए दो माह हो गए है। यदि बिजली कटौती व लो- वोल्टेज की समस्या रहा तो फसल को पका पाना मुश्किल है। इसी तरह ग्राम पंचायत परकोम के सरपंच एवं किसान चिंतामणी चन्द्राकर ने बताया कि वे 16 एकड़ मे रबी फसल धान की उत्पादन ले रहे है। वहां के अन्य किसानो ने भी 300 एकड़ मे रबी फसल मे धान की खेती ले रहे है। उन्होने बताया कि इस क्षेत्र मे हमेशा लो- वोल्टेज की समस्या बना रहता था। पूर्व संसदीय एवं वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रयास से ग्राम परसुली मे विद्युत उपकेन्द्र का निर्माण किया गया है। उपकेन्द्र निर्माण होने से दस से बारह गांवों के हजारों उपभोक्ताओं एवं किसानो को लो-वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेंगी कह कर उत्साह थे। मगर विद्युत सप्लाई शुरू होने के बाद जस का तस वही रोना रो रहे किसान जैसे बिजली कटौती और लो- वोल्टेज की समस्या बरकरार यदि सुधार नही हुआ तो फसल को बचा पाना संभव है। लो-वोल्टेज के चलते ट्यूवेल संबसिबल मोटर पंम टोटक टोटक कर चलना कम पानी निकलना। जिससे पानी की रफ्तार कम होने से खेत की सिंचाई भी नही हो पा रहा है। इस क्षेत्र के किसानो व जनप्रतिनिधि सरपंच चिंतामणी चन्द्राकर सरपंच प्रतिनिधि तिरथ पटेल खट्टी सरपंच प्रतिनिधि आनंद चक्रधारी परसुली सरपंच लता कुम्हार पंडरीपानी परमेश्वर पटेल गणेश पटेल नैनसिंह यादव बृजलाल पटेल डालेश्वर पांडे आदि ने बिजली कटौती व लो वोल्टेज समस्या को दुर करने की मांग विभाग से की है।

# भूसा बोरियों के नीचे छिपा कर अवैध 145 किलो गांजा परिवहन करते गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

सिंघोड़ा पुलिस के सजगता व सक्रियता के साथ ही मजबूत सूचना तंत्र का लाभ सिंघोड़ा पुलिस को लगातार मिल रहा है। आये दिन लगातार गस्त के चलते अवैध गांजा परिवहन करते कोई न कोई आरोपी तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ रहे हैं व भारी तादाद में गांजा भी जप्त किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज फिर 145 किलो गांजा महाराष्ट्र पासिंग वाहन से जप्त किया गया । इस संबंध में सिंघोड़ा टी आई अमित शुक्ला ने जानकारी देते हुवे बताया कि महासमुंद पुलिस द्वारा जिले मे अवैध गांजा के परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश के तहत थाना सिंघोडा द्वारा 26/02/2024 को मुखबीर सूचना पर उडिसा की ओर से आने वाली संदिग्ध वाहनों को चेकिंग किया जा रहा था चेकिंग के दौरान उडिसा से छत्तीसगढ की ओर आ रही एक गेरूआ कलर टाटा वाहन ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीएम 7102 को रोका गया। वाहन मे सवार एक व्यक्ति से पुछताछ करने पर वह गोल मोल जवाब देने लगा कडाई से पुछताछ करने पर ट्रक वाहन के पीछे डाला में भुसा बोरियो के नीचे गांजा रखना तथा उक्त गांजा को बरगढ के पहले उडिसा से नागपुर महाराष्ट्र ले जाने की जानकारी दी गई। नाम पता पुछने पर चालक अपना नाम धमेंद्र अहिरवार पिता रमेश अहिरवार उम्र 29 साल निवासी 02 नंबर नाका कामटी रोड मनीनगर मांडवा थाना यशोधरा नगर जिला नागपुर महाराष्ट्र निवासी होना बताया । जांच के दौरान वाहन मे कुल 145 किलो मादक पदार्थ गांजा मिलने पर आरोपीयो के विरूद्ध थाना सिंघोडा मे एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो के तहत विधिवत कार्यवाही कर आरोपियो से 145 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया है। प्रकरण को जांच में लिया गया है

# अखिल भारतीय गोड़ समाज 18 गढ़ भालु चुंवा सर्कल का वार्षिक सम्मेलन हुआ



पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

आमत्य गोड़ समाज सुवरमार सर्कल भालूचुवां के अंतर्गत ग्राम बिहाझर में वार्षिक बैठक हुई। जिसमें सर्व प्रथम गोड़ समाज के इष्ट देव भगवान बुढ़ादेव की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुजा आरती कर की गई उक्त बैठक में सभापति सुवरमाल राज अध्यक्ष देवसिंह ठाकुर के मुख्य अतिथि के आसंदी पर विराजमान थे साथ ही भालूचुवां सर्कल के सभी पदाधिकारी को चयन समिति द्वारा मनोनीत किया गया साथ राज अध्यक्ष ने समाज को एक साथ मिलजुल कर रहे और सहयोग करने की बात कही समाज को शिक्षा और ब्यापार के लिए आगे आने की आग्रह किया कार्यक्रम के संचालन कर रहे थे रूप सिंह ठाकुर ।

### नवनिर्वाचित पदाधिकारी

अध्यक्ष मोहर सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष चैतराम ठाकुर कोषाध्यक्ष विकास ठाकुर सचिव रूप सिंह ठाकुर सहसचिव वीर सिंह ठाकुर मीडिया प्रभारी तूफान दीवान ऑडिटर सुकालू ठाकुर संरक्षक दीपक ठाकुर संयोजक नारायण ठाकुर महामंत्री पुनीत राम ठाकुर शिक्षा प्रभारी पंचराम ठाकुर समाज दूध कन्हैया ठाकुर एवं भालूचुवां सर्कल के पंचगण ललित ठाकुर तेजू राम ठाकुर टीकम ठाकुर मेहर सिंह ठाकुर लखन ठाकुर पहलाद ठाकुर राजेश ठाकुर प्रदीप ठाकुर नेतराम ठाकुर युधिष्ठिर ठाकुर मीना लाल ठाकुर राजू ठाकुर चुन्नी ठाकुर नोहर सिंह ठाकुर जरूर सिंह ठाकुर चंद्रशेखर ठाकुर नारायण ठाकुर नरेश ठाकुर भुवनेश ठाकुर गोवर्धन ठाकुर एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे ।

# नेशनल चैंपियन दृष्टिहीन बेटी ईश्वरी निषाद से समाज सेवी पटेल ने की मुलाकात



पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

जिले के बागबाहरा ब्लॉक मुख्यालय से महज 7 किलोमीटर दूरी पर बसे ग्रामीण अंचल के ग्रांव सम्हर में एक बहुत ही गरीब परिवार से नेत्रहीन ईश्वरी निषाद जो कि अपने संघर्ष मेहनत करके गांव व जिला छत्तीसगढ़ देश का नाम रोशन किया है। जानकारी होते ही पटेल ने उनकी घर पहुंच कर मुलाकात की नेत्रहिन बेटी का सम्मान कर चर्चा किया बेटी ईश्वरी निषाद ने बतायी की 2016 से मैं दौड़ लगाने का प्रयास कर रही हूं यहां तक पहुंचने के लिए काफी समस्याओं का सामना भी करना पड़ा सबसे बड़ी समस्या गरीबी फिर भी अलग-अलग राज्यों में जाकर मैं गोल्ड मेडल जीती हूं लेकिन आगे और बड़ा सपना है तैयारी तो कर रही हूं लेकिन गांव में दौड़ने के लिए मैदान भी नहीं लेकिन रोड में दौड़ने का प्रयास करती हूं। लेकिन कही सड़क पर दौडते दौड़ते दुर्घटना न हो जाय। डर भय बना रहता है खिलाड़ियों को जो खाना चाहिए वैसा खाना भी मुझे नहीं मिल पाती जिसके चलते मेरी तबीयत में भी खराबी होने लगी है बागबाहरा ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष पीलेश्वर पटेल ने यह बात सुनकर बताया हमारे ग्राम पंचायत में दो एकड़ जमीन आरक्षित है जिसे हम बेटी का सपना पूरा करने के लिए मैदान बनाने में पूरा प्रयास करेंगे चैंपियन बेटी के पिताजी छबिराम निषाद और माता मोगरा बाई दोनों ने बताया की शासन प्रशासन द्वारा मिला हुआ सहयोग राशि अभी तक पूरा प्राप्त नहीं हो पाया समाजसेवी मनोज पटेल ने नेत्रहीन बेटी का सपना पूरा करने में मदद करने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से अपील किया।

## शरद साहू का निधन



**रायपुर।** डीडी नगर निवासी शरद साहू का निधन हो गया। वे मीरा साहू के पति, शिशिर साहू के पिता व संजय साहू, विमल साहू, विवेक साहू के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को महादेवघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# रेल्वे परियोजना आधारशिला, मोदी के वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग कार्यक्रम में सांसद मंडावी पहुंचे

## विडियों कॉन्फ्रेंसिग जरिये मोदी दल्ली राजहरा स्टेशन का रखे रेनोवेशन की आधारशिला

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये वर्चुअल रूप से जुड़कर 41,000 करोड़ रुपये से अधिक की लगभग 2000 रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया साथ ही छत्तीसगढ़ के 21 स्टेशनों का रेनोवेशन का वर्चुअल से जुड़ कर शिलान्यास किया। इस वर्चुअल कार्यक्रम में दल्लीराजहरा स्टेशन के वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम में कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी, भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू, भाजपा प्रवक्ता देवलाल ठाकूर भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, भाजपा नेता श्याम जायसवाल, व सहित सैंकड़ों की संख्या में स्थानीय व जिला के प्रतिनिधि, रेल्वे अधिकारी, कर्मचारी सहित आम नागरिक उपस्थित रहे। देश भर के विभिन्न राज्यों में 500 रेलवे स्टेशनों और 1500 अन्य स्थानों से लाखों लोग विकसित भारत, विकसित रेलवे कार्यक्रम से जुड़े। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य में लगभग 2700 करोड़ रुपये की लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किए जा रहे 21 स्टेशनों तथा 83 रोड ओवर ब्रिज/ रोड अंडर ब्रिज का शिलान्यास/लोकार्पण किया। समारोह में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 2900 करोड़ की लागत से कुल 37 अमृत भारत तथा 185 रोड ओवर ब्रिज/ रोड अंडर ब्रिज का शिलान्यास/ लोकार्पण किया। छत्तीसगढ़ व दिगर राज्यों के स्टेशनों में कोरबा, रायगढ़, राजनांदगांव, सरोना, भाटापारा, डोंगरगढ़, भिलाईनगर, हथबंध, बिल्हा, बैकुंठपुर रोड, अम्बिकापुर, उसलापुर, पेंड्रारोड, जांजगीर नैला, चांपा, बाराद्वार, दल्लीराझरा, भानुप्रतापपुर, निपनिया, मंदिरहसौद, भिलाई, बेलपहाड़, ब्रजराजनगर, शहडोल, उमरिया, अनुपपुर, बिजुरी, इतवारी, कामठी, आमगांव, भंडारा रोड, तुमसर रोड, मांडला फोर्ट, बालाघाट, नैनपुर, छिंदवाड़ा एवं सिवनी स्टेशन शामिल है। इस अवसर पर अपने संबोधन में वर्चुअल रूप से लोगों से जुड़ कर प्रधानमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम नए भारत की नई कार्य संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा, भारत जो कुछ भी करता है, वह अभूतपूर्व तेजी से और बड़े पैमाने पर करता है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें साकार करने के लिए अथक परिश्रम करते हैं। यह संकल्प इस विकसित भारत विकसित रेलवे कायक्रम में दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि 12 राज्यों के 300 जिलों में 550 रेलवे स्टेशनों का नवीनीकरण किया जा रहा है। 1500 से अधिक ओवरब्रिज/अंडर ब्रिज परियोजनाओं के बारे में बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने नए भारत की महत्वाकांक्षा और संकल्प के पैमाने और गति को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 40,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू हुई। रेलवे परियोजनाओं के लिए लोगों को बधाई दी, साथ ही विकास परियोजना के लिए भारत की युवा शक्ति को विशेष रूप से बधाई दी, क्योंकि वे ही विकसित भारत के वास्तविक लाभार्थी हैं।

# प्रवक्ता व वि.प्रभारी ने अपने हाथों से बच्चों को भोजन परोसा

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व मा. शाला खैरखुंट के स्कूली बच्चों के लिए प्रवक्ता ज्योतिष कुमार एवं विशेष सहयोग शिवकुमार हनुमंता, कमलेश साहू सहयोग के द्वारा न्योता भोज दिया गया। जिसमे सभी विद्यार्थीयो को चावल, दाल, सब्जी के साथ खीर पुड़ी, तथा सुपोषित आहार केला, अंगूर, अदि व्यंजन परोसे गए। इस अवसर पर कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त शिक्षक, एस एम सी सदस्य एवं प्रतिनिधियो द्वारा फल काट कर ज्योतिष कुमार का सहियोग किया। भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियां झलक रही थी, वे खिल उठे और प्यार से प्रवक्ता व् प्रभारी के पास जाकर उपहार स्वरूप पुष्प दिया । यहीं नही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और विकासखंड शिक्षा अधिकारी व संकुल समन्वयक को थैंक यू कहा। साथ ही उन्होंने उत्साहित होकर कलेक्टर बनने की भी इच्छा जाहिर की।

वही शाला में सेवा दे रहे गेस्ट टीचर्स को सम्मान स्वरुप भेट दिया। प्रवक्ता व् प्रभारी ने अधिकारीगण और आम नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा कि वे अपने जीवन के महत्वपूर्ण दिन क्षण इत्यादि को स्कूल के बच्चों के साथ मनाएं।

यह प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर यह आयोजन किया गया। सामुदायिक सहयोग से स्कूली बच्चों के खानपान में पोषण आहार की मात्रा बढ़ाने न्यौता भोज '' की अभिनव पहल की जा रही है। इस खुशी के क्षण में सुरजवंती साहू (अध्यक्ष महिला समूह ) ने ज्योतिष कुमार को बधाई दी जो की वह जब से मध्याह्न भोजन योजना शुरू हुई है तब से स्कूल में भोजन आपूर्ति कर रही है। वही उक्त कार्यक्रम में, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एल के जहिरे, बी आर सी. शर्मा, नरोत्तम धुव्र संकुल समन्वयक, स्थानी जनप्रतिनिधि जनपद रतनचंद निषाद, सरपंच खैरखुंट शिवकुमार, देवेंद्र वर्मा पूर्व जनपद, दौलत यादव अध्यक्ष, रमेश यादव अध्यक्ष, कमलेश साहू, संकुल समन्वयक विजय कुमार तिवारी, प्रेमनारायण वर्मा (प्रधान पाठक), रोशन लाल शर्मा (प्रधान पाठक), रामखिलावन निषाद (प्रधान पाठक) शिव कुमार वर्मा, संजय यादव, लखन लाल साहू, आलोक सर, मंजू, शेषनारायण साहू, परमेश्वर एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

# युवा कांग्रेस का वार्ड चलो पंचायत चलो महाअभियान प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी डॉक्टर पलक वर्मा, छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश पर एवं युवा कांग्रेस डौंडीलोहारा विधानसभा अध्यक्ष भरत देवांगन के नेतृत्व में विधानसभा के दल्लीराजहरा ब्लाक के वार्ड 10,11,12 में रोजगार दो न्याय दो कैंपेन तहत वार्ड चलो पंचायत चलो महाअभियान को लेकर जनता के बीच घर घर पहुंच कर बीजेपी सरकार के झूठे वादों को उजागर किया। युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष अयान अहमद ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार 2014 में प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार देने के वादे के साथ सत्ता में आई थी मगर आज तक 1 करोड़ युवाओं को भी रोजगार नहीं मिला। , विधानसभा चुनाव में 500 रुपए सिलेंडर देने का वादा किया था मगर आज भाजपा सरकार बनने के बाद उस वायदे को पूरा करना भूल गई । युवा कांग्रेस नेता हेमंत पटेल ने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा जन हितेषी योजना में भत्ता प्रति महीने 2500 रूपए बेरोजगारों को दिया जा रहा था उसे भी द प्रदेश भाजपा सरकार बनते ही बंद कर दिया गया। जिससे युवाओ में काफी आक्रोश है और इससे ये पता चलता है की भाजपा युवा विरोधी पार्टी है आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता जरूर केंद्र सरकार को मुंहतोड़ जवाब देगी। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष भरत देवांगन ने बताया कि रोजगार दो न्याय दो, वार्ड चलो पंचायत चलो अभियान 26 फरवरी से शुरू की गई है जो 7 मार्च तक चलेगी जिसमे युवा कांग्रेस पूरे विधानसभा के अधिकतर में गावो, वार्डो में पहुंचकर यूवाओ, महिलाओं, को जागरूक करेगी।

# संकल्प यात्रा के दूसरे दिन में 1 हजार से ज्यादा लोग जुड़े निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 193 लोगों ने कराया अपना चेकअप

## विकसित संकल्प यात्रा शिविर में लोगों ने शासन की योजनाओं का लाभ लिया

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरा दिन की शिविर में 1 हजार 74 से ज्यादा लोग जुड़े,मंगलवार को शनिचरी बाजार एवं केलाबाड़ी शिविर में 1000 से ज्यादा लोगो ने योजना का लाभ लेने पंजीयन कराया।इस अवसर पर अधिकारी ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार हो रहा है, बल्कि हितग्राहियों को लाभ भी मिल रहा है। शिविर में आधार कार्ड अपडेट से लेकर लगभग दसयोजनाओं का स्टॉल लगाया गया है। शिविर में विभिन्न शासन की योजनाओं के आवेदन प्राप्त हुए।आज क्षेत्र के दोनो शिविरों में 193 से ज्यादा लोगो ने अपना निशुल्क स्वास्थ्य चेकअप कराया, विकसित संकल्प यात्रा शिविर में लोगो ने शासन की योजनाओं का लाभ लिया,बता दे कि कल दिनाँक 28 फरवरी दिन बुधवार को क्षेत्र के दो स्थानों पर वार्ड क्रमांक 52 शीतला चौक हनोदा रोड बोरसी में सुबह 8 से दोपहर 2 तक और वार्ड क्रमांक 04 मुक्तिधाम रोड गया नगर में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक संकल्प रथ रहेगी।दोनों ही शिविरों में स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान भारत, पी.एम. स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आधार पंजीयन तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के स्टॉल लगाये गये।

# श्रम विभाग के द्वारा विशेष शिविर लगाकर कोटवारों का किया जायेगा पंजीयन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के घोषणा अनुरूप जिला के असंगठित श्रमिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुचाने के लिए श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ असगंठित कर्मकार राज्य सुरक्षा मंडल अंतर्गत जिले में कार्यरत कोटवारों का श्रमायुक्त के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में विशेष शिविर का आयोजन कर पंजीयन करने हेतु विकासखण्डवार शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर का आयोजन 29 फरवरी 2024 को नवागढ़, 01 मार्च 2024 को बेमेतरा, 04 मार्च 2024 को साजा एवं बेरला के एसडीएम कार्यालय में आयोजित किया जायेगा। कोटवारों का पंजीयन कर शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। श्रम विभाग द्वारा मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों हेतु नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना में लाभान्वित किया गया। छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग के हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों हेतु संचालित नौनिहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना में हितग्राही के प्रथम दो बच्चों को कक्षा पहली से उच्च कक्षाओं के लिए 1,000 रूपये से 10,000 रूपये राशि दिये जाने का प्रावधान है। इस योजना में वर्तमान वित्तीय वर्ष में 7054 हितग्राहियों को कुल 1 करोड़ 49 लाख 57 हजार राशि प्रदान किया गया। इसी प्रकार हितग्राही के प्रथम दो बच्चों हेतु संचालित नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना में कक्षा दसवी से उच्च कक्षाओं में 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को 5,000 रूपये से 1,00,000 रूपये की राशि दिये जाने का प्रावधान है।

# ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की आपूर्ति के लिए आवश्यक तैयारी करें: आयुक्त

## समीक्षा बैठक में ध्रुव ने दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



आगामी ग्रीष्म ऋतु में भिलाई निगम क्षेत्र के निवासियो को पेयजल की किल्लत न हो इसे लेकर हमे पर्याप्त तैयारी रखना होगा। जिसके लिए समय पर उच्चस्तरीय जलागार की सफाई, पाईप लाईन लिकेजो का संधारण, हैण्ड पम्प, पावर पम्प चालू हालत में हो। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में निगम क्षेत्र के सभी वार्डो के बस्तियो में लोगो को पर्याप्त मात्रा में पेयजल व निस्तारी पानी मिले इसके लिए हमे आवश्यक तैयारी करना होगा। सभी जोन के ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया जाये जहॉ गत वर्ष पानी की समस्या से जुझना पड़ा हो, उन क्षेत्रो के हैण्ड पम्प, पावर पम्प की जॉच कर आवश्यक संधारण किया जावे। पानी टंकी एवं सम्पवेल की सफाई समय पर हो तथा पेयजल आपूर्ति हेतु बिछाये गये पाईप लाईन का सभी जोन आयुक्त जॉच कर लिकेज पाये जाने की स्थिति में संधारण कार्य पूर्ण करवा लें ताकि आखरी छोर तक पानी का प्रेशर बना रहे। जिन क्षेत्रो में टेंकर के माध्यम से जल आपूर्ति किया जाना है ऐसे मोहल्लो की पहचान कर निविदा संबंधी आवश्यक कार्य समय पर पूर्ण कर लेवें। आयुक्त ने आनलाईन शिकायत पोर्टल निदान में पानी के प्राप्त शिकायतो पर सभी जोन आयुक्त तत्काल कार्यवाही कर निराकरण करने को कहा। जिस किसी भी क्षेत्र का पेयजल जॉच के दौरान दुषित पाया जाता है तो वहॉ तत्काल आवश्यक उपचार कर पानी को पीने योग्य बनाये।

# बारूद गाड़ी में लगी आग के बाबत शिकायत पत्र एवं सक्षम अधिकारी द्वारा जांच की मांग की

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने बताया कि संघ का एक प्रतिनिधिमंडल 28 फरवरी को अनुविभागीय दंडाधिकारी दल्ली राजहरा से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपकर आईओसी एल प्लांट राजहरा में 16 सितंबर.2023 की रात बारूद गाड़ी में लगी आग के बाबत शिकायत पत्र एवं सक्षम अधिकारी द्वारा जांच की मांग की। संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने बताया कि आईओ सी एल प्लांट राजहरा के मौजूदा मैनेजर मार्केटिंग शिव सदन साहू द्वारा अपने कार्य पर लापरवाही बरती जा रही है और प्लांट में होने वाले दुर्घटना की जानकारी सक्षम अधिकारीयों से भी छुपाई जा रही है। इनके द्वारा बरती जा रही लापरवाही के वजह से विगत दिनों दल्ली राजहरा के नागरिकों की सुरक्षा भी दांव पर लग गयी थी। घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 16 सितंबर 2023 को रात्रि लगभग 11.35 बजे बी एम डी पंप ट्रक क्रमांक CG vS 5112, जिसमें लगभग 10 टन बारूद था, में आग लग गयी जिसे की बीएसपी के अग्निशमन विभाग द्वारा किसी तरह से काबू में किया गया।

जिस समय यह घटना घटी उस समय प्लांट में इसी गाड़ी के पास दो और गाड़ियां खड़ी थीं जिनमें 10-10 टन बारूद भरा था, साथ ही प्लांट के साइलो स्टोरेज में भी भी 20 टन बारूद था। तीनों गाड़ियों का डीजल टैंक पूरा भरा हुआ था। यह भी जानकारी मिली है कि इन सबके अलावा उस रात कोरबा से आई एक और गाड़ी भी वहीं खड़ी थी जिसमें 10 टन बारूद था और गौर करने की बात यह है कि घटना के समय प्लांट में 25 टन अमोनियम नाइट्रेट भी रखा हुआ था। पंप ट्रक में आग लगने की बात को शिव सदन साहू द्वारा न केवल छुपाया गया बल्कि इसकी जानकारी उनके द्वारा न तो चीफ एक्सप्लोसिव कंट्रोलर को दी गयी और न ही दल्ली राजहरा पुलिस थाने में दी गयी जो कि इंडियन एक्सप्लोसिव एक्ट 1884 के सेक्सन 8 का स्पष्ट उल्लंघन है। सोचिये अगर अग्निशमन विभाग द्वारा आग को समय पर बुझाया नहीं गया होता लगभग एक दो किलोमीटर के क्षेत्र को पूरी तरह से अपने चपेट में लिया होता और बड़े जान माल की हानि होती और इसके लिए जिम्मेदार आई ओ सी एल के अधिकारी हैं मगर इस घटना को छुपाकर आई ओ सी एल के मैनेजर ने बड़ी लापरवाही की है इसलिए लोगों के जान को जोखिम में डालने वाले आई ओ सी एल के मैनेजर को तत्काल निलंबित किया जाएं ।

# सदन में विपक्ष की भूमिका अहम: रंजना साहू

## युवा संसद कार्यक्रम में शामिल हुई पूर्व विधायक रंजना साहू

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




नेहरू युवा केंद्र धमतरी द्वारा ऑडिटोरियम श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी में जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गयाए जहां पर युवाओं को संसद में होने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए विकसित भारत 2047 के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई एवं संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी युवाओं को दायित्व के साथ संसद के नियमावली अनुसार विभाजित कर संसद के सदन की कार्रवाई की तरह कार्यक्रम को संपन्न कराया गयाए कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रंजना डीपेंद् साहू उपस्थित रही। अतिथि स्वागत सम्मान उपरांत अतिथि उद्बोधन में पूर्व विधायक रंजना साहू ने युवाओं को कहा कि विपक्ष की भूमिका पूरी पारदर्शिता से क्षेत्र के मुद्दों को रखते हुए सत्ता पक्ष का ध्यान आकृष्ट कराने का सर्वाधिक कार्य होता है, सदन में कहे तो सत्ता पक्ष के सामने विपक्ष बड़ी मजबूती से मुद्दों पर चर्चा करें तो सदन की कार्रवाई एवं जनहित कार्य संपन्न होता है, सदन में सबसे बड़ी भूमिका सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की होती है। साहू ने 2018 से 2023 विधानसभा सत्र के अनगिनत यादों को युवा संसद कार्यक्रम में रखी और आगे बताया कि युवा शक्ति ही देश ही विकास में अपना अग्रणी योगदान दे सकते हैं। आज विकसित भारत संकल्प की यात्रा की बागडोर युवाओं पर है क्योंकि अभी वर्तमान में सन 2024 चल रहा है और विकसित भारत संकल्प यात्रा 2047 तक चलने वाली यात्रा हैं एइस अभियान को देश की यशस्वी प्रधानमंत्री के द्वारा चलाए जा रहा है। 2047 में भारत देश विकसित भारत के रूप में परिलक्षित होता यह अटल सत्य है। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से यशवंत सिन्हा, राजकुमार विश्वकर्मा, लुकेश्वर कुमार साहू, योगेश्वर सिंहा, तब्बू पटेल, वासुदेव साहू, वीरेंद्र साहू सहित अनेक युवा उपस्थित रहे।

## निनवा मे कलश यात्रा के प्रारम्भ हुई शिव महापुराण पुराण कथा

# शिव जी कल्याण और सुख का मूल स्तोत्र है: आचार्य नंदकुमार शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



समीपस्थ ग्राम निनवा मे आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के प्रथम दिवस मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी. जिसमें समस्त ग्रामवासी शामिल हुए.. कथा वाचक आचार्य पंडित नंदकुमार शर्मा जी निनवा वाले ने बड़े ही सरल शब्दों के साथ शिव महापुराण कथा को श्रद्धालुओं को श्रवण कराए. आचार्य जी ने कहा भगवान शिव की कथा मानव जाति को सुख समृद्धि व आनंद देने वाली है क्योंकि भगवान शिव कल्याण एवं सुख के मूल स्त्रोत हैं। वे संपूर्ण विद्याओं के ईश्वर समस्त भूतों के अधीश्वर, ब्रह्मवेद के अधिपति तथा साक्षात परमात्मा हैं। भगवान भोलेनाथ की कथा में गोता लगाने से मानव को प्रभु की प्राप्ति होती है लेकिन कथा सुनने व उसमें उतरने में अंतर होता है। सुनना तो सहज है लेकिन इसमें उतरने की कला हमें केवल एक संत ही सिखा सकता हैं। उन्होंने बताया कि भगवान शिव ने लोक कल्याण के लिए हलाहल विष का पान कर लिया और अमृत देवताओं को देकर सारी मानव जाती के सामने एक सन्देश रखा कि यदि महान बनना चाहते है तो त्याग की भावना से पोषित होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जब तक मानव अज्ञानता के गहन अंधकार से त्रस्त रहेगा तब तक उसका सर्वांगीण विकास संभव नहीं हैं। जिस प्रकार बाहर के प्रकाश से बाह्य अंधकार दूर होता है उसी प्रकार आंतरिक ज्ञान प्रकाश से आंतरिक अज्ञान तमस नष्ट होता है। ज्ञान की प्राप्ति किसी पूर्ण गुरू की शरण में जाकर ही होगी, जो मानव के भीतर उस ईश्वरीय प्रकाश को प्रकट कर देते हैं। भगवान शिव के पूजन की विधि सबसे आसान और सहज है। सृष्टि के कल्याणकारी देव महादेव शिव शंकर ही ऐसे देव हैं जो मात्र एक लोटा जल श्रद्धा भाव से ग्रहण कर ही मानव के जीवन को सरल बना देते हैं। शिव हम सभी के आसपास ही विराजमान रहते हैं। न जाने किस रूप में वे अपने भक्तों को दर्शन दे जाएं। आचार्य जी शिव पुराण महात्म्य के अन्तर्गत बिन्दुग ब्राह्मण और चंचुला की कथा सुनाए. उन्होंने बताया कि चंचुला जो कि पाप कर्मों से युक्त थी शिव पुराण की कथा सुनते सुनते अपने प्राण त्याग दी. जिसके बाद चंचुला को शिव लोक के प्राप्ति हो गई. उन्होंने कहा कि जो भी जीव मरण काल मे शिव की कथा सुनता है या शिव जी के नामों का स्मरण करता वह जी सारे पापो से मुक्त होकर शिव लोक को प्राप्त कर लेता है ।

# साहू समाज भवन किरंदुल में हुआ निशुल्क योग कक्षा का शुभारंभ



**किरन्दुल।** योग जागरण समिति किरंदुल एवं पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वाधान में साहू समाज भवन किरंदुल में मंगलवार रात निःशुल्क दैनिक योग कक्षा का शुभारंभ हुआ।विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार गुप्ता,पार्षद गायत्री साहू ,जिला साहू संघ उपाध्यक्ष ढाल सिंह साहू के विशेष आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में मजदूरों की दुर्घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त कर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने योग जागरण समिति और पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वाधान में किरंदुल में योग के क्षेत्र में कर रहे प्रयास की प्रशंसा की और अपनी ओर से हर संभव सहयोग करने की बात कही।साहू समाज किरंदुल के अध्यक्ष टीकमचन्द्र साहू एवं सचिव देवेन्द्र साहू ने कहा कि साहू समाज के लिए बड़े गौरव की बात है कि इस निःशुल्क दैनिक योग शिविर के माध्यम से साहू समाज के साथ-साथ अन्य समाज के लोगो को भी इस प्रांगण में आकर स्वास्थ्य लाभ लेने का मौका मिलेगा।

# वायु प्रदूषण
## समस्या गंभीर

**वायु प्रदूषण** की समस्या गंभीर है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण-एनजीटी ने 53 शहरों में खराब वायु गुणवत्ता पर कार्रवाई का आह्वान किया है जिससे समस्या की गंभीरता का पता चलता है। दुनिया के हमारे हिस्से में वायु गुणवत्ता बहुत खराब है और वास्तव में यह सांस लेने योग्य भी नहीं है, लेकिन हमने इसके साथ जीना सीख लिया है। एनजीटी ने देश के 53 शहरों को वायु प्रदूषण में योगदान करने वाला मानते हुए इसे नियंत्रित करने के उपायों का सुझाव दिया है। वायु प्रदूषण हमें धीरे-धीरे मार रहा है, पर इसे नियंत्रित करने के लिए कुछ खास नहीं किया गया है। जब कोई शहर वायु गुणवत्ता सूचकांक-एक्यूआई के 'बहुत खतरनाक' स्तर पर पहुंचने के कारण गैस चैंबर बन जाता है तो त्वरित प्रतिक्रिया होती है। ऐसे में अधिकारी आमतौर से कुछ सतही कदम उठाते हैं, लेकिन इनसे समस्या की जड़ पर प्रहार नहीं होता है। लेकिन जैसे ही एक्यूआई 'खराब' के स्तर पर वापस आता है, इसे सामान्य मान लिया जाता है और फिर कोई कार्रवाई नहीं होती है। एनजीटी का कदम वायु गुणवत्ता की समस्या गंभीर होने को रेखांकित करता है जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य व पर्यावरण सुरक्षा के लिए समग्र कार्रवाई की आवश्यकता उजागर होती है। दशकों से वायु प्रदूषण एक बड़ी पर्यावरणीय व स्वास्थ्य चुनौती के रूप में उभरा है। भारत में तेजी से शहरीकरण, औद्योगीकरण, वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन तथा कृषि व्यवहारों के चलते वायु गुणवत्ता खराब हुई है। ऐसी हवा में लंबे समय तक रहने के नतीजे खतरनाक होते हैं जिनसे श्वसन रोग, कार्डियोवैस्कुलर रोग तथा जल्दी मौत तक हो सकती है। लेकिन हम



सबकी आदत जानलेवा वायु गुणवत्ता की शिकायत किए बिना काम करते रहने की है। इससे हमारी आंखों में जलन होती है तथा फेफड़े बरबाद हो जाते हैं। खराब वायु गुणवत्ता समस्या से निपटने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता, खोजी समाधानों तथा सामूहिक जिम्मेदारी अनुभव करने की जरूरत है।

बढ़ते हुए संकट से निपटने के लिए एनजीटी का 53 शहरों के लिए निर्देश सामयिक हस्तक्षेप है। इन शहरों से प्रदूषण के स्रोतों की पहचान करने तथा उनसे निपटने के उपाय करने को कहा गया है। इस निर्देश से एनजीटी का उद्देश्य स्वच्छ वायु तथा स्वस्थ जीने योग्य परिवेश के लिए सक्रिय प्रयास करना है। स्रोतों तथा उनके तुलनात्मक योगदान को समझने से प्रदूषण पर प्रभावी लगाम लगाने के लिए लक्षित रणनीतियां बनाने में सहायता मिलेगी। समान रूप से इन शहरों द्वारा प्रदूषण घटाने के कदम परिभाषित करना जरूरी है। इसके लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए जिसमें नियामक उपाय, तकनीकी हस्तक्षेप, सार्वजनिक जागरूकता अभियान तथा सभी पक्षों के सामूहिक प्रयास शामिल हैं। हालांकि, वायु प्रदूषण समस्या के समाधान में एनजीटी के निर्देश महत्वपूर्ण कदम हैं, पर अभी अनेक चुनौतियों का सामना करना है। क्रियान्वयन में आने वाली बाधायें और कमियां, संसाधनों का संकट तथा सार्वजनिक जागरूकता की कमी बड़ी बाधायें हैं। वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए स्थानीय, क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्तरों पर सुनियोजित प्रयासों की जरूरत है जिसके लिए नीतिगत संगति, अंतर-क्षेत्रीय समन्वय तथा सामुदायिक सहभागिता जरूरी है। दुर्भाग्य से अतीत के अनुभव ज्यादा उम्मीद नहीं जगाते हैं, अत: हमें ज्यादा आशावादी होने की जरूरत नहीं है। वायु प्रदूषण समस्या के वास्तविक समाधान के लिए लोगों को अच्छी गुणवत्ता वाली हवा सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाना चाहिए। देश में जहरीली हवा से निपटने के लिए जन-जागरूकता व जन-अभियान की जरूरत है। इसके बिना समस्या समाधान कठिन है।

# किसान की समस्या की जड़ कौन बाजार या सरकार?



डॉ. राजाराम त्रिपाठी
राष्ट्रीय संयोजक :
अखिल भारतीय
किसान महासंघ
(आईफा)

**इन** दिनों देश के किसान फिर आंदोलित है, दिल्ली की देहरी पर हैं। इससे पहले अभी हाल में ही देश ने एक बड़ा व्यापक किसान आंदोलन भी देखा है। लेकिन यदि गौर से देखा जाए तो आजादी के बाद से ही अलग-अलग समस्याओं को लेकर स्थानीय स्तर पर किसान लगातार आंदोलन रत रहे हैं। बिजली पानी खाद बीज, परिवहन,गोदाम और बाजार की अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग समस्याएं रही हैं। छुटपुट स्तर पर इन्हें अस्थाई तौर पर सुलझाने के प्रयास भी हुए पर रोग बढ़ता ही गया ज्यों ज्यों दवा की। इन समस्याओं के स्थाई समाधान हेतु कोई दूरगामी नीति आज पर्यंत नहीं बन पाई जो की बेहद जरूरी थी।

पिछले आंदोलन की अगर बात करें तो इसके जड़ में सरकार के वह तीनों विवादास्पद कानून थे, जिसे सरकार दे बिना किसान संगठनों और किसानों से चर्चा किये, बिना उन्हें विश्वास में लिए ही किसानों की भलाई के नाम पर किसानों पर थोप दिया था। अंधे को भी दिख रहा था कि तीनों कानून कॉर्पोरेट के पक्ष में गढ़े गए थे। परंतु कॉरपोरेट्स प्रेमहिंडोले पर झूल रही सरकार ने किसानों को निरा ही बेवकूफ समझ लिया। किंतु इन तीनों कानून की गाज जब किसानों पर गिरी और उन्हें उनकी जमीन हाथ से निकलती नजर आई तो किसान अपनी तत्कालीन सभी छोटी बड़ी समस्याओं को किनारे रखकर अपने खेत,खेती बचाने सड़क पर उतर आए। आखिरकार जब तीनों कानून वापस हुए और आंदोलन वापस हुआ तो किसानों के हाथ एक बार फिर खाली के खाली थे। हाथ में था केवल एमएससी गारंटी कानून लागू करने का आश्वासन का झुनझुना। जैसे ही सरकार ने अपने चुनिंदा तनखैय्या नुमाइंदों की एक नौटंकी एमएसपी गारंटी कमेटी बनाई, यह बिल्कुल साफ हो गया कि सरकार की नीयत किसानों को 'एमएसपी गारंटी' देने की नहीं है। सरकार के इस धोखे और वादा खिलाफी ने पहले ही से ही सुलग रहे किसान आक्रोश की आग मे घी का काम किया है। ऐसी हालत में किसान आक्रोश के तवे पर राजनीतिक रोटी सेंकने वाले वाले कोढ़ में खाज का काम करते रहे हैं और इससे समस्या और उलझ जाती है। कुल मिलाकर यह स्थिति किसानों के साथ ही सरकार तथा देश के लिए भी उचित नहीं है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि इस समस्या का हल ढूंढने के लिए इसकी जड़ों की तहकीकात के साथ ही इस संदर्भ में उठने वाले कुछ प्रमुख सवालों के ईमानदार जवाब ढूंढे जाएं।

### सरकार का फसल लागत पर 50% लाभ जोड़कर एमएसपी तय करने/देने का दावा कितना सही है?:

सरकार का यह दावा पूरी तरह से झूठ और गलत आंकड़ों पर आधारित है।एमएसपी तय करने में सबसे महत्वपूर्ण आंकड़ा फसल लागत का होता है। इसमे एमएस स्वामीनाथन की अनुशंसा के अनुसार ष्ट2+स्नरु की मांग किसानों द्वारा की जाती रही है। फसल लागत में जब तक किसान व उसके परिवार की मजदूरी वर्तमान कुशल मजदूर की तय दर से जोड़ी जाए, मजदूरों का वास्तविक भुगतान, बैलों के मूल्य तथा उनके भोजन एवं रखरखाव का व्यय, ट्रैक्टर, पावर टिलर, मोटरसाइकिल आदि का संचालन व्यय,भूमि के लीज का भुगतान , बीज, उर्वरक, खाद, सिंचाई शुल्क एवं ट्रैक्टर,ड्रिप ,सिंचाई पंप आदि सभी कृषि उपकरणों एवं कृषि भवनों पर वार्षिक मूल्यह्रास की गणना, कार्यशील पूंजी पर ब्याज आदि को वर्तमान बाजार मूल्य के आधार पर नहीं जोड़ा जाता, तब तक खेती की लागत की गणना सही नहीं मानी जा सकती। हालत यह है कि डीजल की बढ़ी कीमतों के कारण ट्रैक्टर की जुताई के खर्चे में लगभग 20% की वृद्धि हो गई मजदूरी में लगभग 25% की वृद्धि हो गई। खाद बीज दवाई में 20 से 25% की वृद्धि देखी जा रही है।

ऐसी हालत में जब फसल लागत में 20 से 25% वृद्धि हो रही है तब सरकार की एमएसपी में अधिकतम 1% से 6% तक की जाने वाली सालाना वृद्धि से किसान लाभ की बजाय उल्टा घाटा हो रहा है। किसान को लागत पर 50% फायदा मिलने के बजाय लागत 15 से 20% घाटा हो रहा है। यही कारण है कि किसान की कमर टूट गई है।

### एमएसपी नहीं मिलने से किसान को कितना नुकसान है ?

इस संदर्भ में सरकार की ही शांताकुमार कमेटी का कहना है कि, अभी केवल 6% उत्पादन ही एमएसपी पर खरीदा जाता है, बाकी 94% किसानों का उत्पादन एमएसपी से भी कम रेट पर बिकता है, जिसके कारण किसानों को हर साल लगभग 7 लाख करोड़ का नुकसान होता है । हर साल किसानों को मिलने वाली सभी प्रकार की सब्सिडी को अलग कर दिया जाए तो भी, देश भर के किसानों को लगभग 5 लाख करोड़ का घाटा हर साल सहना पड़ रहा है। इन हालातों में खेती और किसानी कैसे बचेगी यह सरकार तथा उसके नीति निर्माताओं के लिए भी सोचने का विषय है।

### एमएसपी पर खरीद में सरकार और बाजार की भूमिका ?

एक सवाल उठाया जाता है की भला सरकार किसानों का सारा माल भला कैसे खरीद सकती है ? और सरकार व्यापारियों को भी किसानों का माल खरीदने के लिए कैसे बाध्य कर सकती है? सौ बात की एक बात यह है हम किसान तो यह कहते ही नहीं कि किसानों का 'एक-दाना' भी सरकार हम किसानों से खरीदे। हमारा सरकार से कहना साफ है कि आप तो बस किसानों के साथ बैठकर खेती पर होने वाले सभी वाजिब खर्चों को जोड़कर समुचित 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' तय कर दें और उससे कम पर की जाने वाली किसी भी खरीदी को गैर कानूनी घोषित करते हुए उसके लिए समुचित सजा के प्रावधान का कानून पारित कर दें। वर्तमान में सरकार डीजल पेट्रोल का रेट तय कर ही रही है। जमीन की खरीदी बिक्री का भी मूल्य स्टांप ड्यूटी हेतु सरकार ही तय करती है। गन्ने का मूल्य तो कितने ही सालों से सरकार तय कर ही रही है। बाजार को भी खरीदी हेतु बाध्य करने की जरूरत नहीं है। साथ ही आयात नीति में जिस तरह देश की अन्य जरूरी वस्तुओं को आयात संरक्षण दिया जाता है वैसे ही कृषि उत्पादों को भी सस्ते आयात से आवश्यकतानुसार जरूरी संरक्षण दिया जाए। बस सरकार को इतना ही तो करना है। वैसे भी खरीदी-बिक्री का कार्य तथा विशेष परिस्थितियों के अलावा अनाजों की खरीदी करके वोट के लिए उसे मुफ्त बांटना किसी सरकार का काम नहीं होना चाहिए।

### क्या 'एसपी गारंटी कानून' से सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ेगा ?

जी बिल्कुल नहीं! सरकार के खजाने पर ?1 अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ने वाला। यह जानबूझकर फैलाया जाने वाला निरर्थक भ्रम है। सरकार तो वैसे भी जो भी अनाज सरकारी योजनाओं में वितरण हेतु किसानों से खरीदनी है वह न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ही खरीदनी है, इसलिए सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ने का सवाल ही नहीं उठता। सरकार को तो बस एक छोटा सा कानून बनाना है, जिसमें सरकार का एक पैसा खर्च नहीं होने वाला। वैसे भी यह सरकार बिना जनता के मांगे ही सैकड़ो नये नये कानून बनाने के लिए जानी जाती है, तो फिर किसानों की जायज मांग पर एक कानून और सही।।

### क्या इससे बाजार और व्यापारी को नुकसान होगा?

जी बिल्कुल नहीं! व्यापारी न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर उससे ऊपर की दर पर खरीदी करेंगे और अपना वाजिब लाभ जोड़कर आगे उपभोक्ताओं को बेचेंगे। किसान अपना पैसा बैंक में नहीं रखता इसलिए किसान को मिला पैसा तत्काल वापस बाजार में आ जाएगा जिससे क्रियाशील पूंजी तथा बाजार की गति को और तेजी मिलेगी, देश के विकास दर में तीव्रता आएगी।

### क्या इससे अंतिम उपभोक्ता को नुकसान होगा?

जी बिल्कुल नहीं, बल्कि उल्टे इससे उपभोक्ताओं का भी अनावश्यक शोषण बचेगा। जरा उदाहरण देखें, बाजार में किसानों का गेहूं ?16 किलो बिका है और उपभोक्ताओं को ?40 किलो आटा खरीदना पड़ रहा है। अर्थात बाजार की ताकतें एमएसपी से कम दर पर खरीदी कर किसानों का शोषण करने के साथ ही साथ लगभग 100% फायदा लेकर उपभोक्ताओं की भी जेब काट रही हैं। एक और उदाहरण गन्ना भी सरकार नहीं खरीदती पर चीनी मिलों की खरीदी के लिएउसका रेट उसने तय कर दिया है तो इससे उपभोक्ताओं को लगातार चीनी वाजिब मूल्य पर मिल रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ ही कृषि उत्पादों तथा उनसे तैयार उत्पादों की अधिकतम विक्रय मूल्य भी तय कर दिए जाएंगे तो उपभोक्ताओं को जबरदस्त राहत मिलेगी।

### क्या यह समस्या सचमुच में बहुत जटिल है ? जी बिल्कुल नहीं!

इस समस्या का हल ढूंढने कहीं दूर जाने की भी जरूरत नहीं है, क्योंकि वह तो पहले ही मौजूद है। बस सरकार और किसान दोनों के द्वारा इसे जीत हार का प्रश्न न बनाया जाए और सरकार अपना अब तक के अपने गैरजरूरी अड़ियल, दमनकारी अलोकतांत्रिक रुख तत्काल तत्काल छोड़कर, दिमाग के जाले साफ कर देश के सभी किसान संगठनों के साथ मिल बैठकर एक ऐसा सकारात्मक हल बड़े आराम से निकाल सकती है, जिसमें किसानों को उनकी लागत और मेहनत की वाजिद कीमत मिले, व्यापारियों को भी वाजिब मुनाफा के साथ खुला बाजार मिले तथा उपभोक्ताओं को भी वाजिब मूल्य पर कृषि उत्पाद मिलें। उसके साथ ही किसानों की अन्य लंबित समस्याएं भी मिल बैठकर बड़े आराम से सुलझाई जा सकती है। ऐसी किसी भी सकारात्मक पहल को अखिल भारतीय किसान महासंघ ( आईफा 45 किसान संगठनों का महासंघ) , राष्ट्रीय एमएसपी गारंटी किसान मोर्चा ( 223 किसान संगठन) तथा अन्य सकारात्मक किसान संगठनों का पूरा साथ व समर्थन मिलेगा।

# ई-न्यायालय से डिजिटल क्रांति की ओर

> यह भारतीय न्यायपालिका के भीतर दक्षता, पहुंच और पारदर्शिता के एक नए युग की शुरुआत करने का वादा करता है।



कुलदीप सिंह कुशवाहा
(लेखक, मप्र उच्च न्यायालय में सिस्टम एनालिस्ट हैं)

**स**मकालीन डिजिटल परिदृश्य में, जहां प्रौद्योगिकी हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग बन गई है, न्यायिक प्रणाली को समाज की बेहतरी के लिए इन प्रगतियों को अपनाना चाहिए और उनका उपयोग करना चाहिए। भारत में ई-कोर्ट मिशन मोड प्रोजेक्ट (एमएमपी) इस कार्य का नेतृत्व कर रहा है, और अब चरण तीन चल रहा है, हम एक अधिक कुशल, सुलभ और पारदर्शी न्याय वितरण प्रणाली की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति देख रहे हैं।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी.वाई चंद्रचूड़ के मार्गदर्शन में, भारतीय न्यायपालिका में क्रांति लाने के उद्देश्य से ई-कोर्ट चरण ढ्ढ्ढ्ढ का प्रस्ताव लॉन्च किया गया था। यह चरण अदालती संचालन को बढ़ाने और समग्र न्यायिक पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार के लिए डिजिटलीकरण, विभिन्न नई सुविधाओं और प्रौद्योगिकियों को पेश करने पर जोर देता है।

चरण तीन के मुख्य उद्देश्यों में अदालती रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण और संरक्षण, कुल लगभग 3100 करोड़ दस्तावेज़ और कागज रहित अदालतों की स्थापना शामिल है। भौतिक दस्तावेजों पर निर्भरता को कम करके और डिजिटल विकल्पों को अपनाकर, इस पहल का उद्देश्य अदालती प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना, कागजी कार्रवाई को खत्म करना और केस प्रबंधन दक्षता को बढ़ाना है। कागज रहित वातावरण में यह परिवर्तन न केवल समय और संसाधनों की बचत करता है बल्कि पर्यावरणीय स्थिरता में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसके अलावा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियां तीसरे चरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। एआई-संचालित प्रणालियाँ कानूनी अनुसंधान, मामले के विश्लेषण और निर्णय




लेने में सहायता कर सकती हैं, जिससे न्यायाधीशों पर बोझ कम हो जाएगा और निर्णयों की गति और सटीकता में सुधार होगा। न्याय प्रणाली में एआई को एकीकृत करने से कानूनी परिणामों की गुणवत्ता और स्थिरता में वृद्धि होगी, जिससे निष्पक्ष और निष्पक्ष फैसले सुनिश्चित होंगे।

चरण तीन प्रौद्योगिकी के माध्यम से न्यायिक बुनियादी ढांचे के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर भी केंद्रित है। भारत सरकार द्वारा 7,210 करोड़ रुपये का पर्याप्त बजट आवंटन एक मजबूत और तकनीकी रूप से उन्नत न्यायपालिका के निर्माण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह निवेश न्यायिक कर्मियों के लिए अत्याधुनिक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, नेटवर्किंग और क्षमता निर्माण पहल की तैनाती की सुविधा प्रदान करेगा।

इसके अतिरिक्त, चरण तीन में विभिन्न नई सुविधाओं की सुविधा की कल्पना की गई है, जिसमें डिजिटल और पेपरलेस कोर्ट जैसी डिजिटल पहल शामिल है, जिसका उद्देश्य अदालती कार्यवाही को डिजिटल बनाना है, और ऑनलाइन कोर्ट, जिसका उद्देश्य डिजिटल रूप से सक्षम सुनवाई के माध्यम से अदालत में भौतिक उपस्थिति को कम करना है। वर्चुअल कोर्ट का दायरा यातायात उल्लंघनों के निर्णय से आगे भी बढ़ेगा। इसके अलावा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों और इसके सबसेट जैसे ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकॉग्निशन (ओसीआर) का उपयोग लंबित मामलों के विश्लेषण और भविष्य की मुकदमेबाजी की भविष्यवाणी के लिए किया जाएगा।

ई-कोर्ट चरण तीन में डिजिटलीकरण के लाभ न्याय प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए दक्षता और पहुंच से परे हैं। प्रौद्योगिकी का उपयोग करके अदालती कार्यवाही की लाइव-स्ट्रीमिंग जनता को न्यायिक प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखने की अनुमति देती है, जिससे विश्वास का निर्माण होता है, न्यायिक जवाबदेही सुनिश्चित होती है और नागरिक न्याय प्रशासन में सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम होते हैं। जैसे ही ई-कोर्ट एमएमपी का तीसरा चरण सामने आएगा, हम भारतीय न्याय प्रणाली में एक परिवर्तनकारी युग देखने के लिए तैयार हैं। इस चरण में शुरू की गई डिजिटलीकरण पहल न केवल दक्षता, पहुंच और पारदर्शिता को बढ़ाएगी बल्कि सभी नागरिकों को त्वरित और न्यायसंगत न्याय वितरण भी सुनिश्चित करेगी। यह नागरिक-केंद्रित न्याय वितरण प्रणाली के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जहां प्रत्येक व्यक्ति, उनकी पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, अपने संवैधानिक अधिकारों तक पहुंच सकता है और कुशलतापूर्वक और लागत प्रभावी ढंग से निवारण प्राप्त कर सकता है। ई-कोर्ट चरण ढ्ढ्ढ्ढ में डिजिटलीकरण क्रांति एक आधुनिक, समावेशी और तकनीकी रूप से उन्नत न्याय प्रणाली की दिशा में एक मील का पत्थर का प्रतिनिधित्व करती है। डिजिटल प्रौद्योगिकियों की क्षमता को अपनाकर, भारत एक ऐसे भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहा है जहां न्याय वास्तव में सभी के लिए सुलभ है, समानता, निष्पक्षता और कानून के शासन के सिद्धांतों को मजबूत कर रहा है।

## आप की बात

### योगी की लोकप्रियता

**उत्तर प्रदेश** में पिछले चुनाव में कांग्रेस को मात्र एक सीट मिली थी। अब सपा ने कांग्रेस को बड़ी जद्दोजहद के बाद 17 सीटें देकर गठबंधन बना लिया है। इससे मुस्लिम वोट आकर्षित करने का मौका मिलेगा। इसका सर्वाधिक खामियांजा बीएसपी को उठाना पड़ सकता है। वैसे एनडीए गठबंधन यूपी में सर्वाधिक मजबूत स्थिति में है और अब उसका मुस्लिमों में भी असर बढ़ रहा है। ऐसे में भाजपा गठबंधन यूपी की सभी सीटें जीत सकता है। भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बीजेपी के पक्ष में मतदाताओं का झुकाव सबसे ज्यादा है। खासतौर से योगी की शासन प्रणाली को जनता ने बहुत सराहा है। इसके अलावा सात साल सत्ता में रहने के बावजूद योगी सरकार के खिलाफ कोई सत्ता विरोधी हवा नहीं है। यूपी की जनता तो यह भी चाहती है कि मोदी के बाद योगी प्रधानमंत्री बनें। योगी का सुदृढ नेतृत्व और असामाजिक तत्वों का कठोरता से दमन प्रदेशवासियों के लिए बहुत राहत देने वाला रहा है। बीजेपी के जमीनी विकास कार्य खुद मुंह बोल रहे हैं। यूपी की जनता ऐसे बेहतर कार्य करने वाली सरकार का साथ देने को तत्पर है। समय बीतने के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लगातार बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी हताशा और निराशा के पूरी तरह शिकार हो गए हैं।

**- विभूति बुपक्या**, खाचरोद

### मतदान की अपील

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में युवाओं से अधिकाधिक मतदान की अपील की है। आशा करनी चाहिए कि उनकी इस अपील का निश्चित रूप से अच्छा प्रभाव पड़ेगा और लोग मतदान करने के लिए आधिकाधिक प्रोत्साहित होंगे। यह हमारे देश की विडंबना है कि जरा सी भी कमी होने पर लोग सरकारों को कोसने लगते हैं, मगर सरकार द्वारा अवकाश देने के बावजूद लोग उस दिन पिकनिक मनाने निकल जाते हैं और मतदान नहीं करते। हालत यह है कि शहरी पढ़े लिखे लोगों का मतदान प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र से भी कम होता है। अब समय आ गया है कि देश का प्रत्येक मतदाता जागरूक बने तथा मतदान अवश्य करे। हालांकि, मतदान प्रक्रिया और मतदान सूचियों में व्यापक सुधार हुए हैं, पर ये अब भी कमियों का शिकार हैं। देश का युवा आज तकनीक के प्रयोग से अपना जीवन सुगम बनाने में प्रयासरत है। ऐसे में मतदान प्रक्रिया को भी अधिकाधिक तकनीकी सक्षम और सुगम बनाना चाहिए। यदि मतदान प्रक्रिया एटीएम से पैसा निकालने या मोबाइल से भुगतान करने जितनी सुगम हो जाए तो देश में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य की ओर बढ़ा जा सकता है।

**- सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### संगीत जगत को सदमा

**सुरीली आवाज** वाले अमीन सयानी के निधन के बाद पंकज उधास का आकस्मिक निधन न केवल शब्द-सुर के लिए बल्कि प्रशंसकों के लिए भी एक सदमा है। दूर स्थित अपने प्रियजनों की यादों की चिट्ठी और उतने ही भावपूर्ण ढंग से गाया हुआ पंकजजी का गीत-स्वर आंखों में आंसू लाये बिना नहीं रहता।1986 में आज की तरह सोशल मीडिया जैसा कोई मीडिया नहीं था। अत: चिट्ठी का एक विशिष्ट महत्व था। इस प्रकार की ग़ज़ले उन दिनों व्यापक रूप से प्रसारित नहीं हुई थीं। महान गजल गायक जगजीत सिंह के बाद पंकज उधास ने ग़ज़लों की कीमिया जारी रखी। अब्दुल करीम खाँ साहब से वीणा की शिक्षा लेने वाले पंकज उधास को पहला मौका उनके भाई ग़ज़ल गायक मनहर उधास ने दिया था। भारत-चीन युद्ध के दौरान उन्होंने लता दीदी का गाना -ऐ मेरे वतन के लोगों गाया था। इसके साथ गाने का यह कारवाँ और परंपरा 2023 तक जारी रहा। ना कजरे की धार, चांदी जैसा रंग है तेरा जैसे उनके कई एल्बम आज भी लोकप्रिय हैं। पंकज उधास इस दुनिया का सफर छोड़ चुके हैं। लेकिन उनकी सुरीली आवाज दिलों में मधुर स्मृतियां जगाती रहेगी। उनकी गाई-चिट्ठी आज संगीत प्रेमियों की आंखों में आंसू छलकाने का काम कर रही है।

**-दत्तप्रसाद शिरोडकर**, मुंबई

### अलविदा पंकज उधास

**गायक पंकज उधास** का जाना बड़ी संख्या में लोगों को उदास कर गया है। हम में से बहुत से लोग पंकज उधास को फिल्म नाम के मशहूर गीत-चिट्ठी आयी है जैसे गाने से जोड़ कर देखते हैं। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने-जिए तो जियें कैसे, चांदी जैसा रंग है तेरा, घुंगरू टूट गए, एक तरफउसका घर, थोड़ी थोड़ी पिया करो जैसे शानदार गाने और ग़ज़लें गाई हैं। उनकी भावपूर्ण आवाज थी और उनकी आवाज़ में शिष्टता अलग से दिखती थी। वह मरहूम जगजीत सिंह की ही तरह ग़ज़ल गायकी के पायनियर थे। लेकिन उनके व्यक्तित्व का एक पहलू यह भी था जिससे हममे से अधिकतर लोग वाकिफ नहीं हैं। उन्होंने वर्ष 2002 में खज़ाना की शुरआत की जो युवा ग़ज़ल गायकों को एक प्लेटफार्म देने वाला वार्षिक उत्सव है। इसमें उनके साथ तलत अज़ीज़ और अनूप जलोटा भी जुड़े हुए थे। पंकज उधास ने हमेशा युवा गायकों की मदद की और अपने साथ के संगीतकारों को प्रोत्साहन दिया। उनके जाने से ग़ज़ल की दुनिया को खासतौर से धक्का लगा है। संगीत प्रेमियों के दिल में पंकज उधास का विशेष स्थान था जिसकी जल्दी भरपाई संभव नहीं है।

**- बाल गोविंद**, नोएडा

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# प्रभु श्रीराम लला जी के दर्शन हेतु राम भक्तों के दूसरे जत्थे ने अयोध्या धाम के लिए दुर्ग रेलवे स्टेशन से किया प्रस्थान



## सांसद विजय बघेल के साथ विधायकगण ललित चंद्राकार, डोमन लाल कोरसेवाड़ा ने हरी झंडी दिखाकर किया विदा

मंडल अध्यक्ष कुम्हारी राजू निषाद ने जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या धाम यात्रा में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि विश्वविद्यालय कुम्हारी रामाधार शर्मा, सांसद प्रतिनिधि मनोज वर्मा, सांसद प्रतिनिधि शासकीय विद्यालय राम कुमार सोनी, भाजपा नेता अवधेश शुक्ला, राजेश सिन्हा, गिरीश सोनी, आशीष शुक्ला, प्रणव श्रीवास्तव, गोविंद बघेल, दीपक बैस, सौरभ पांडेय, शुभम पाण्डेय, मोहित पटेल, महेंद्र वर्मा, कौशल सिंह(गोलू) आदि लोगों का जत्था दुर्ग स्टेशन से आस्था स्पेशल ट्रेन पर सवार हुआ। दुर्ग लोकसभा के लोकप्रिय सांसद विजय बघेल के साथ विधायकगण ललित चंद्राकार, डोमन लाल कोरसेवाड़ा, एवं भिलाई जिला महामंत्री प्रेम लाल साहू की गरिमामय उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया इस अवसर पर कुम्हारी स्टेशन में अयोध्या धाम स्पेशल ट्रेन के स्वागत के लिए मंडल अध्यक्ष कुम्हारी राजू निषाद, उपाध्यक्ष दीपक चतुर्वेदी, भाजपा नेता मनीष पॉल एवं बंशी जगत मुख्य रूप से उपस्थित थे।

पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा प्रभु श्रीराम लला जी के दर्शन हेतु आस्था स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। 28 फरवरी को पाटन विधानसभा कुम्हारी मंडल से भिलाई जिला अध्यक्ष महेश वर्मा के नेतृत्व में राम भक्तों का दूसरा जत्था दुर्ग रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ, जिसमें कुम्हारी मंडल से कुल 15 लोगों को अयोध्या धाम प्रभु श्रीराम लला जी के दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है।

# विधानसभा में भावना बोहरा ने उठाया एनएच 130ए निर्माण में गड़बड़ी का मुद्दा

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने अपनी निरंतरता दिखाते हुए क्षेत्र एवं प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न किये। इस दौरान भावना बोहरा ने शून्यकाल के दौरान पंडरिया विधानसभा अंतर्गत हो रहे पोड़ी वाह्य पंडरिया से पांडातराई तक नेशनल हाइवे निर्माण कार्य में हो रही अनियमितता एवं गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य को सदन के समक्ष रखा और निर्माण कार्य की जांच कर इसमें लापरवाही करने वाले ठेकेदार एवं संलिप्त अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की। भावना बोहरा ने कांग्रेस शासन में स्वयसहयता समूहों की महिलाओं से रेडी-टू-ईट का कार्य वापस लेने के विषय में भी मांग की है कि जल्द से जल्द उन महिलाओं को यह कार्य पुनः दिया जाए जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। इसके अलावा उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत महिलाओं को और सशक्त, बच्चों को पर्याप्त पोषण एवं डिजिटल शिक्षा तथा मानव तस्करी के विषय में भी सदन का ध्यानआकर्षण किया। भावना बोहरा ने विधानसभा में कहा कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन नेशनल हाइवे 130ए जो की पंडरिया होते हुए मुंगेली-तखतपुर-बिलासपुर तक टू-लेन सड़क के निर्माण हेतु केंद्र सरकार द्वारा 351.19 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। यह सड़क पंडरिया विधानसभा के क्षेत्र पोड़ी वाह्य पंडरिया से पांडातराई होकर गुजरती है, जिसके निर्माण कार्य की गति बहुत ही धीमी है और विगत 1 वर्ष से अधिक समय से इसका निर्माण कार्य चल रहा है जो अभी तक पूर्ण नही हुआ है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता भी बहुत ही निम्न स्तर की है जिससे क्षेत्रवासियों को भी असुविधा हो रही है एवं आये दिन वहां कोई न कोई दुर्घटनाएं घटित हो रहीं हैं। इस संबंध में जनता से लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर मैनें पूर्व में भी कलेक्टर से लेकर एनएच के अधिकारियों को पत्र लिखकर इसकी शिकायत भी की है, लेकिन संबंधित ठेकेदार पर न कोई कार्यवाही की गई और ना ही निर्माण कार्य की जांच की गई। बल्कि समयावधि पूर्ण होने के बाद भी निर्माण कार्य अधूरा है लेकिन ठेकेदार को समय-समय पर पैसों का भुगतान किया जा रहा है। निर्माण कार्य में ख़राब निर्माण सामग्री उपयोग करने एवं कार्य धीमी गति से चलने के बाद भी ठेकेदार को समय पर भुगतान मिलने से कहीं न कहीं इसमें कुछ अधिकारियों की संलिप्तता भी संदेह के घेरे में हैं।

## स्कुल आने और जाने के समय स्कुल, कॉलेजो, सार्वजनिक स्थानों में की जा रही है पेट्रोलिंग



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को छात्र/छात्राओं के स्कुल आने-जाने के समय स्कुल/कालेजो एवं सभी भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों में लगातार पेट्रोलिंग करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों एवं स्टाफ के द्वारा 27.02.2024 को जिले के स्कुल/कॉलेजो एवं अन्य सभी भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक जगहो के साथ-साथ छात्र/छात्राओं के स्कुल आने-जाने के समय लगातार पेट्रोलिंग किया जा रहा है। जिससे यातायात व्यवस्था सुगम व सुरक्षित बनाने और बच्चों को किसी प्रकार की कोई परेशानियों का सामना करना न पडे। बच्चों की सुरक्षा को लेकर बेमेतरा पुलिस हमेशा सजग और तत्पर है।

# भाजपा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यालय का किया उद्घाटन



पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

देश में 18वीं लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा द्वारा कांकेर मे केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के पश्चात बालोद जिले के तीनों विधानसभा संजारी बालोद, डौंडीलोहारा एवं गुंडरदेही में राजनांदगांव के पूर्व सांसद एवं कांकेर लोकसभा चुनाव प्रभारी अभिषेक सिंह, कांकेर लोकसभा सांसद मोहन मंडावी, लोकसभा संयोजक भारत मटियारा, सहसंयोजक यज्ञदत्त शर्मा, जिला सह प्रभारी भोजराज नाग, जिला अध्यक्ष पवन साहू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य कृष्णकांत पवार, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, राकेश यादव सहित भाजपा नेताओं ने चुनावी प्रबंधन के लिए विधानसभा स्तर पर कार्यालय का उद्घाटन किया। चुनाव प्रभारी अभिषेक सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय नेतृत्व ने 370 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। वही छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीट हम प्रचंड बहुमत के साथ जीतकर पुनः नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। देश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व एवं नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। केवल जितना हमारा लक्ष्य नहीं बल्कि 51 प्रतिशत वोट शेयर के साथ प्रचंड बहुमत से जीत को संकल्पित होकर पार्टी के कार्यकर्ता आज से ही काम में जुट जाएं।

### 560 सीट पर प्रत्याशी घोषित

अभिषेक सिंह ने कहा कि 370 का लक्ष्य जनसंघ के हमारे नेता 1951 में कश्मीर को लेकर पीढ़ियों ने अनेकों बलिदान दिए हैं। इसलिए संगठन ने यह लक्ष्य तय किया है अगले 2 माह प्रदेश द्वारा निर्धारित 24 बिंदुओं पर काम करना यही हमारा रामायण, भागवत, गीता, बाइबल, कुरान है। संगठन द्वारा मतदान के दिन तक प्रतिदिन कार्यकर्ताओं को क्या-क्या करना है, तय किया है हम सबको इसमें अपनी पूरी ताकत लगानी है, मोदी ने 560 सीट पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। भाजपा का कमल फूल व्यक्ति चाहे कोई भी हो चुनाव की तैयारी बीजेपी ऐसी करने वाली है कि कांग्रेस को टेबल पर बैठने के लिए एजेंट भी नहीं मिलेगा। जिस तरह से कांग्रेस के राष्ट्रीय से लेकर बुथ स्तर तक के नेता भाजपा में जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस कहीं नजर आने वाली नहीं है। क्योंकि भाजपा के विचारधारा से जो लोग जुड़ जाते हैं वे भाजपा के हो जाते हैं क्योंकि भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम पार्टी दूसरी हो होती है देश में मोदी के नेतृत्व में ईमानदार सरकार काम कर रही है और केवल काम ही नहीं देश मे पुर्व सरकार की गलतीयो को सुधार कर देश को तेजी से विश्व पटल पर प्रथम स्थान पर लाने एवं हर वर्ग के लिए सुरक्षित भविष्य समृद्ध भारत का निर्माण कर रही है।

### पूर्ववर्ती सरकार में भ्रष्टाचार आम बात थी : मोहन मंडावी

अभिषेक सिंह ने भारत र , पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के विदिशा में लोकसभा चुनाव में उनके चुनाव प्रभारी रहे मूलचंद महेश्वरी का कार्यालय में पुष्प हार से सम्मान कर चरण छूकर आशीर्वाद लिए। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद मोहन मंडावी ने अपने चित परिचित अंदाज में केंद्र सरकार की उपलब्धियो को रखा एवं मोदी के नेतृत्व में हो रहे ऐतिहासिक कार्यों को बताया कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में भ्रष्टाचार आम बात थी तू चल मैं आया की तर्ज पर लगातार मंत्रियों का घोटाले मैं जेल आना जाना लगा रहता था। किंतु 10 वर्षों में मोदी सरकार के ऊपर एक भी भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे देश का कोई भी नागरिक भूख ना सोए आने वाले 5 वर्षों तक निशुल्क राशन, निशुल्क चिकित्सा व्यवस्था सहित विकास के अनेकों सोपान तय किए हैं।

### भाजपा का एक एक सिपाही प्रण प्राण से जुटने वाला हैं : पवन

चुनाव संयोजक भारत मटियारा ने लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी के संदर्भ में कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए बुथ स्तर पर प्रवास कर प्रत्येक बूथ में ग्रेडिंग करते हुए भाजपा के पक्ष में 10 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया। स्वागत भाषण देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने कहां कि भारतीय जनता पार्टी के जिले में एक एक कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव को लेकर उत्साहित है यह चुनाव आने वाले 25 वर्षों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने देश की दशा और दिशा को तय करने वाली है। देश विरोधी ताकतों को हराकर सुदृढ़, विकसित और सशक्त भारत के निर्माण के लिए भाजपा का एक-एक सिपाही प्रण प्राण से जुटने वाला है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश यादव एवं आभार प्रदर्शन महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपा साहू ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधानसभा वार राजेश ताम्रकार, लेखराम साहू, छगन देशमुख, देवेंद्र जायसवाल, किशोरी साहू, नरेश यद्दु, त्रिलोकी साहू, ठाकुर राम चंद्राकर, सुदेश सिंह, मोहन जैन, सुशीला साहू, संध्या भारद्वाज, शरद ठाकुर, राजीव शर्मा, नरेश साहू, संजय दुबे, सुरेश निर्मलकर, प्रेम साहू, कौशल साहू, दुष्यंत सोनवानी, प्रणेश जैन, टिनेश्वर बघेल, रुपेश सिन्हा, मनीष झा, राकेश द्विवेदी, आदित्य पिपरे, तोमन साहू, जितेन्द्र साहू, डिशोक जांगड़े, अकबर तिगाला, लोकेश श्रीवास्तव, कुलदीप कत्याल, देवेंद्र माहला, पुष्पेंद्र चंद्राकर, मोंटी यादव, होरीलाल रावटे, शीतल नायक, प्रेमलता साहू, कृतिका साहू, भिखि मसिया, रानू हेमंत सोनकर, अब्दुल ईब्राहिम, पायल सोनी, प्राची लालवानी सहित सैकड़ो पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खदान मजदूर संघ ने मांगों को लेकर प्रशासक राजहरा खदान समूह के नाम सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के सचिव लखनलाल चौधरी ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नगर प्रशासक राजहरा खदान समूह के नाम ज्ञापन उनकी अनुपस्थिति में सीनियर मैनेजर सिविल रमेश हेडऊ को सौंपा और मांग किया कि बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए टाऊनशीप राजहरा में दोनों टाईम पानी दिया जाये, जिससे बढ़ती हुई गर्मी में जो लोगों के घरों में पानी की कमी हो रही है उसे दूर किया जा सके। साथ ही आग्रह किया है कि टाऊनशिप में पसरी गंदगी को साफ कराया जाए क्योंकि नगरपालिका द्वारा राजहरा टाऊनशिप की साफ-सफाई पर समुचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे टाऊनशिप में जगह जगह झाड़ियां उग आई है और मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इसलिए टाऊनशिप में मच्छरों से बचाव के दवाई का भी छिड़काव किया जाए और वह सिर्फ खानापूर्ति न हो दवा छिड़काव सही तरीके से हो जिससे इसका लाभ टाऊनशिप वासियों को हो, न कि ठेकेदार को। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष एम पी सिंग, राजहरा शाखा के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद, और उपाध्यक्ष संजय यादव उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रभान ने कल हो रहे कलेक्ट्रेट घेराव में शामिल होने ज़िले के युवाओं से की अपील

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com




संत कबीर के धाम जिला कवर्धा में दिन प्रतिदिन लगातार अलग अलग स्थानों शहरों गावो में बढ़ते अपराध हत्याकांड और देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दों को लेकर 28 फरवरी को कांग्रेस के युवाओं द्वारा कलेक्ट्रेट घेराव कर सरकार को आईना दिखाया जायेगा। युवा कांग्रेस अथवा एनएसयूआई के युवा नेताओ द्वारा उक्त आंदोलन तय किया गया हैं जिसमें प्रदेश स्तर के युवानेतृत्व युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला प्रभारी जसमीत शर्मा एनएसयूआई छात्र संगठन प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे सहित प्रदेश की अन्य युवा नेता उक्त आंदोलन में शामिल होंगे जिनके अगवाई में युवा - आक्रोश हुंकार भरेगी। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर एक बजे अतिथियों के आगमन स्वागत से होगा जहां रायपुर बाई पास से बाईक रैली कर भारत माता चौक पर सभा आयोजित होगी इसके उपरांत सभी आंदोलनकर्ता रैली निकाल कर अपनी मांगो के साथ कलेक्टर घेराव करेंगे। इस आंदोलन को लेकर युवा कांग्रेस जिलाअध्यक्ष चंद्रभान कोशले व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शितेष चन्द्रवंशी सहित दोनों विधानसभा के युवा कांग्रेस अध्यक्ष वाल्मीकि वर्मा व तेजस्वी चन्द्रवंशी द्वारा कार्यक्रम का संचालन कर रहे है इन दोनों संगठनों के विधानसभा, ब्लॉक अध्यक्ष व सभी पदाधिकारियों ने जिले के अपने पार्टी कार्यकर्ताओं तथा आम युवाओ से आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील करते हुवे आमंत्रित किया है। साथ ही इस कार्यक्रम को बेहतर ढंग से सफल बनाने के लिए ज़िले के कुशल नेतृत्वकर्ता व अनुभवी युवा नेता आनंद सिंह व गोपाल चन्द्रवंशी दोनों विंग संगठनों के साथ इस आंदोलन में संगठनात्मक व्यवस्था इनका सरंक्षण कर रहे है जिससे निश्चित ही यह आंदोलन बेहतर रहेगी व हजारो युवा संगठित रूप से जिले की आवाज बुलंद कर अपनी माँग सरकार तक पहुँचायेंगे।

## पैरालीगल वालिंटियर्स के द्वारा दी गई आगामी नेशनल लोक अदालत की जानकारी

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



वर्ष का प्रथम नेशनल लोक अदालत 9 मार्च 2024 को आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष व जिला सत्र न्यायाधी बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के निर्देशन में प्राधिकरण के पैरालीगल वालंटियर्स सोनिया राजपूत, चेतन सिंह, टुवेन्द्र सिंह वर्मा, देवेन्द्र कुमार यादव, चंद्रकिशोर सिंह, पवन कुमार, साहू, पंकज कुमार, कुस्वाति द्वारा ग्राम भोइनामाठा, मोहभट्ठा, देवगांव, राउरपुर, अमोरा, फरी, जोगीपुर, कुसमी, उमरिया, नवागांव, व साप्ताहिक बाजार बावामोहतरा, दाढ़ी, केडबरी, बीजा, पिपरभट्ठा, ताला, बहेरा, ढोकला, जिया, पथर्रा, पेंडीतरई, मंजगांव, पहांदा, अछोली, मटिया, बारगांव, कोसपातर, कोदवा, जाता, मुसवा, भरतपुर, बोजेपुर, करहीकचरा, धौराभाटा, घोटवानी, लोधीखपरी, सोमनीकला, चारभाटा, झाल, धनगांव पड़कीडीह, समेसर, अंधियारखोर, खपरी, मरका मेला सब्जी मार्केट तेन्दूभाठा एवं जिला असपताल बेमेतरा, पो.आ. बेमेतरा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बालसमुद, बैंक ऑफबडौदा बेमेतरा, बैंक ऑफ इंडिया बेमेतरा, एसबीआई, एचडीएफसी, पीएनबी, जिला सहकारी ग्रामीण बक बेमेतरा, बालसमुंद, जिला सहकारी ग्रामीण बैंक देवरबीजा, जिला सहकारी व्यवहार न्यायालय साजा में नेशनल लोक अदालत के बारे में पक्षकारों को एवं आमजन को जागरूक किया। इस मौके पर बताया गया कि यदि उनके या उनके किसी मित्र, परिजन का कोई राजीनामा योग्य मामला न्यायालय में लंबित हो तो संबंधित न्यायालय में अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर ऐसे मामलों को उभय पक्ष की सहमति से राजीनामा के आधार पर निराकृत कर सकते हैं। लोक अदालत में निराकृत मामलों के निर्णय अंतिम होते है, उसकी कोई अपील नही होती हैं। न्याय शुल्क यदि लगा हो तो न्यायालय द्वारा उसे वापस प्रदान करने का आदेश दिया जाता है। राजीनामा के आधार पर निराकृत मामलों में उभय पक्ष के मध्य सद्भाव व प्रेम बना रहता है। उक्त नेनिल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित प्रकरणों, धारा 138, पारकम्य लिखित अधिनियम प्रकरण, जलकर, बिजली बिल बकाया प्रकरण, सिविल, दाण्ड़िक, घरेलू हिंसा, परिवार न्यायालय के प्रकरण का निराकरण कराया जा सकता है।

## कुम्हारी स्थित टोल प्लाजा हटाने की मांग को लेकर सांसद विजय बघेल से जनप्रतिनिधि एवं व्यापारी संघ ने की भेंट



पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

दुर्ग जिले के प्रवेश द्वार खारुन नदी तट पर स्थित कुम्हारी नगर स्थित टोल प्लाजा को समाप्त करने की मांग वर्षो से की जा रही है। इसके लिए स्थानीय जन प्रतिनिधियों और नागरिकों ने समय समय पर आवाज भी उठाए, किन्तु इसका समाधान आज पर्यन्त नहीं हो पाया है। व्यापारी संघ कुम्हारी के अनुज शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी महत्वपूर्ण विषय को लेकर विश्व हिंदू परिषद के दुर्ग जिला अध्यक्ष अमरचंद सुराणा, राजेंद्र सिंह चौहान विश्व हिंदू परिषद के दुर्ग नगर अध्यक्ष, ज्ञान चंद पाटनी, संजीव मिश्रा, अनुराग गुप्ता एवं विशाल राठौड़ छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के दुर्ग जिला इकाई के चैम्बर उपाध्यक्ष कुम्हारी व्यापारी वर्ग से अनुज शुक्ला, भूपेन्द्र जैन, सीता राम सहित भारी संख्या मे व्यापारी गणों ने सांसद विजय बघेल के भिलाई स्थित निवास स्थल पर मुलाकात किया। जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया है कि इस सम्बंध में कार्यवाही चालू है और बहुत जल्दी नाका हटेगा।

## 'अर्पण' एक आस आपकी अमानत आपके पास अभियान के तहत मोबाईल मालिकों को किया गया सुपुर्द

### 11 लाख कीमत के 60 नग मोबाईल किये गये मालिको के सुपुर्द

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जिले के थाना/चौकी क्षेत्रों में गुम हुये मोबाईलों को ''अर्पण एक आस आपकी अमानत आपके पास'' अभियान के तहत रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक बेमेतरा के निर्देशन एवं पंकज पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बेमेतरा एवं मनोज तिर्की नोडल अधिकारी सायबर सेल/एसडीओपी बेमेतरा के मार्गदर्शन में आज दिनांक 28.02.2024 को मोबाईल मालिको को सुपुर्द करने का कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार बेमेतरा में आयोजित किया गया। जिसके अन्तर्गत गुम मोबाईल लिंक फार्म के माध्यम से प्राप्त रिपोर्ट/शिकायत के आधार पर साइबर सेल बेमेतरा द्वारा प्रयास कर कुल 60 नग विभिन्न कंपनियों के गुम मोबाइल की जानकारी प्राप्त कर रिकवर किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 11,00000/-रुपये है। उक्त कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के द्वारा प्रार्थीयों को उनके गुमे हुये विभिन्न कंपयिनयों के कुल 60 नग मोबाईलों को वितरण किया गया। मोबाईल स्वामियों ने बताया कि मोबाईल गुम होने के बाद अपने मोबाइल को पाने की उम्मीद छोड़ दिये थे, ऐसे में अर्पण एक आस आपकी अमानत आपके पास अभियान के तहत मोबाईल को पाकर वे काफी खुश है, उनके चेहरे पर खुशी साफ तौर पर देखी जा सकती थी, मोबाईल स्वामियों द्वारा गुम हुये मोबाईल को पुनः पाकर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा एवं पुलिस विभाग के प्रति आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उक्त मोबाईलों की बरामदगी में सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक लोकेश सिंह आरक्षक पंचराम घोरबंधे, विनोद राजपूत की सराहनीय भूमिका रही है।

## विभिन्न रिक्त पदों पर की जा रही भर्ती

**बेमेतरा।** बिलासपुर/छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अधीनस्थ स्थापनाओं के लिए विभिन्न रिक्त पदो पर की जा रही भर्ती के अनु म में सहायक ग्रेड 03 आदेशिका लेखक कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं भृत्य पद हेतु प्रारंभिक लिखित परिक्षा 10 मार्च 2024 को बिलासपुर के विभिन्न स्कुलो में दो पालियों में आयोजित होगी। प्राधिकरण के सदस्य सचिव एवं चयन समिति के अध्यक्ष श्री आनंद प्रकाश दरियाल ने बताया कि सहायक ग्रेड 03 आदेशिका लेखक कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं भृत्य पद हेतु प्रारंभिक लिखिल परिक्षा के संबंध में आवश्यक सूचना प्रवेश पत्र अभ्यर्थियों की सूची इत्यादि छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड की गई है।

## श्रीरुद्र महायज्ञ सेवा संस्थान के 65 वें महाशिवरात्रि महोत्सव का भव्य शुभारंभ




पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

समीपस्थ ग्राम अकोला (बगीचा) के करपात्री तीर्थ आनंद धाम जिला दुर्ग में महा शिव रात्रि महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। जिसमें आसपास के समस्त श्रद्धालु ग्रामवासी हजारों की संख्या में शामिल हुए। प्रातः सर्वप्रथम गौरी गणेश पूजा, दशविधि स्नान, पंचांग पूजा के पश्चात् भव्य कलश यात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ और श्रीराम कथा का शोभा यात्रा निकाली गई। ग्यारह दिवसीय रुद्र महायज्ञ आचार्य पंडित पवन द्विवेदी घुघवा दुर्ग वाले द्वारा 27 फरवरी से 08 मार्च शिवरात्रि तक होगा, श्री अयोध्या धाम से पधारी मानस विदुषी देवी चंद्रकला द्वारा नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा का मंगलाचरण और श्रीराम नाम की महिमा के साथ आरंभ हुआ, जो कि 27 फरवरी से 06 मार्च विजया एकादशी तक होगी। उक्त कार्यक्रम समस्त समीपस्थ ग्रामवासी के सहयोग से संपन्न होता है। यह महाशिव रात्रि महोत्सव का कार्यक्रम 65 वां वर्ष है। जो कि श्रीरुद्र महायज्ञ सेवा संस्थान के द्वारा आयोजित किया जाता है।

## विश्व हिंदू परिषद् बजरंग दल कुम्हारी नगर का हुआ गठन

**कुम्हारी।** विश्व हिंदू परिषद् बजरंग दल कुम्हारी नगर संगठन विस्तार हेतु जिला कार्यवाह सुनील पटेल के मार्गदर्शन में एवं विश्व हिंदू परिषद दुर्ग जिला कार्य अध्यक्ष पारस जंघेल, दुर्ग जिला उपाध्यक्ष ठाकुर निहाल, दुर्ग जिला मंत्री मनीष वैष्णव, दुर्ग जिला संयोजक सौरभ देवांगन, नगर गौ रक्षा प्रमुख नरसिंह सिंन्हा, टोमन साहू आदि की गरिमामयी उपस्थिति में विश्व हिंदू परिषद् बजरंग दल कुम्हारी नगर का गठन किया गया।

## मिलेट मील्स के लिए स्व-सहायता समूह की महिलाएं कर रही लोगों को जागरूक

पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत गठित प्रगति स्व सहायता समूह की महिलाएं आम लोगों को मिलेट खाद्यान्न के उत्पाद के प्रति जागरूक कर रही हैं। समूह की बरखा साहू और हर्ष लता साहू बताती है कि हमारा समूह कुम्हारी स्थित बड़े तरिया में मिलेट मील्स का संचालन कर लोगों को मिलेट खाद्यान्न के विभिन्न उत्पादों को आमजन तक पहुंचा रहा है। इसके अतिरिक्त शासन के सहयोग से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों और मेले इत्यादि में भी हम सभी भाग लेकर मिलेट्स के उत्पाद लोगों तक पहुंचा रहे हैं। वर्तमान में हम लोग रायपुर सरस मेले में भाग लेकर मिलेट खाद्यान्न के विभिन्न उत्पादों का विक्रय करते हुए प्रचार और प्रसार कर रहे हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी जितेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि महिलाएं पिछले एक साल से मिलेट्स के उत्पादों को आमजन तक पहुंचा रहे हैं। आवश्यकता अनुसार हम इन्हें प्रशिक्षण देते हैं और सहायता भी करते हैं, जिससे स्व सहायता समूह अपनी कार्य प्रणाली को और उत्पादों को भी उत्कृष्ट बनाकर विक्रय कर सकें।

# बिर्रा थाना बना अवैध उगाही का अड्डा आरक्षक से लेकर जिम्मेदार अधिकारी भी इस काम में संलिप्त

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के बिर्रा थाना इन दिनो अवैध कारोबार करने वालो को खुल कर संरक्षण दे रहा है और उनसे संरक्षण शुल्क लेकर उनको अवैध कारोबार करने का खुल कर संरक्षण दे रहा है इस थाना क्षेत्र जिम्मेदार अधिकारी से लेकर लंबे समय से जमे आरक्षको ने ट्रैक्टर चालको से लेकर शराब तस्करों से महिना बांधकर उनसे सुविधा शुल्क ले रहे है वही ताजा मामला मंगलवार सुबह का है जहां बिर्रा थाना प्रभारी सुबह अपने दल बल के साथ अवैध रेत तस्करों पर कार्रवाही करने बोरसी रेत घाट पहुंचे हुए थे जहां उन्होंने अवैध रेत उत्खनन करते 6 ट्रैक्टर को पकडा और ट्रैक्टर चालकों से रायल्ट्री मांगी पर ट्रैक्टर चालकों के पास रायल्ट्री नही थी जिसके बाद 6 ट्रैक्टर को पकडा कर उनको बिर्रा थाना लेजाया गया जहां अवैध रेत परिवहन करने वाले ट्रैक्टर चालको से मोटा लिफाफा लेकर उनके खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाही करने के बजाय उनके खिलाफ महज 300 सौ रूपए लेकर उनके खिलाफ एम व्ही एक्ट की



कार्यवाही कर उनको छोड दिया गया है जिसके चलते शासन को राजस्व की हानी हुई है। वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रत्येक ट्रैक्टर चालको से 5300 , 5300 सौ लेने का आरोप बिर्रा पुलिस पर लग रहा है।

**अवैध तस्करी करते 6 ट्रैक्टर चढे बिर्रा पुलिस के हत्थे एम व्ही एक्ट के तहत कार्वाही कर दिया अभय दान**-जांजगीर चांपा जिले के बिर्रा पुलिस ने अवैध रेत परिवहन करने वाले ट्रैक्टर चालकों के खिलाफ नियम के अनुसार इन धाराओ के तहत ट्रैक्टर चालकों के विरूद्ध छ.ग. गौड़ खनिज नियम 2015 के नियम 71 (5) तथा खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन, 1957 की धारा 21 (5) के तहत कार्यवाही होनी थी पर बिर्रा पुलिस ने उनसे मोटा लिफाफा लेकर उनके खिलाफएम व्ही एक्ट के तहत कार्वाही कर उनको थाना से ही छोड दिया है ताकी वह अवैध उत्खनन करते रहे और गौड़ खनिज की तस्करी खुले आम करते रहे ।

**लंबे समय से जमे आरक्षक संभाल रहे है बिर्रा थाना का मैनेजमेंट**-बिर्रा थाना मे लंबे समय से पदस्थ आरक्षक इन दिनो यहां के अवैध कारोबार करने वाले लोगो से महिना बांधकर मोटी रकम लेकर उनको अवैध काम मे संरक्षण दे रहे है बिर्रा थाना के करनौद शबरीया डेरा मे मानो अवैध शराब की भट्टी 24 घंटे संचालित हो रही है जहां से बिर्रा थाना मे लंबे समय से जमे आरक्षक मोटी रकम लेकर उनको संरक्षण देने मे कोई कसर नही छोड रहे है कुछ इसी तरह का हाल बिर्रा थाना के तालदेवरी गांव का भी है इस गांव को भी एक आरक्षक ने ठेका ले लिया है यहां के शराब तस्कर भी लंबे समय से बिर्रा थाना मे पदस्थ आरक्षक को हर महीने पैसा देकर उनके संरक्षण पर खुले आम तालदेवरी मे अवैध शराब की ब्रिक्री कर गांव का माहौल खराब कर रहे है।

ट्रैक्टर चालकों के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत कार्वाही होनी थी अगर बिर्रा पुलिस ने एम व्ही एक्ट की कार्यवाही कर छोडा है तो इसकी जांच कराई जाएगी

**-विवेक शुक्ला**
**पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा**

सीधी बात-बिर्रा थाना प्रभारी कृष्ण पाल सिंह

**सवाल**-सर बोरसी रेत घाट गये थे।

**जवाब** -हां गये थे 6 ट्रैक्टर के खिलाफ एम व्ही एक्ट की कार्यवाही की गई है

**सवाल** -ट्रैक्टर चालकों के पास तो रायल्ट्री नही थी सर

**जबाव**-तो कैसे करोगे भाई रायल्ट्री नही था तो एम व्ही एक्ट कर दिया हूं लोकल है

**सवाल**-ट्रैक्टर चालकों के खिलाफखनिज अधिनियम के तहत कार्वाही होनी थी

**जवाब**-लोकल थे इस कारण एम व्ही एक्ट कर के छोड दिया है सब अपने अपने काम के लिए ले जा रहे थे

**सवाल** -ग्रामीणो का आरोप लगा रहे थे की 5,5 हजार लेकर छोडा गया है।

जवाब -ग्रामीण तो कुछ भी आरोप लगायेंगे न लोकल के नाते 6 ट्रैक्टर पर 18 सौ रूपए का एम व्ही एक्ट के तहत 3 ,3 रुपए लेकर कार्यवाही कर छोडा गया है

# जनदर्शन : कलेक्टर आमजनों की समस्याओं से हुए रूबरू, संवेदनशील मामलों का मौके पर हुआ निराकरण

## दिव्यांग पुरूषोत्तम को मिला ट्राय सायकल

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनदर्शन सभा कक्ष में गांव, गरीब और आम जनों की समस्याएं सुनने उनसे रूबरू हुए। उन्होंने दूर-दराज से आए आम लोगों की समस्याओं को सुना और कई मामलों पर शीघ्र निर्णय लेते हुए मौके पर ही उनका निराकरण भी किया। जनदर्शन में विकास खण्ड पथरिया के ग्राम लमती के दिव्यांग पुरूषोत्तम ने ट्रायसायकल की मांग की। उन्होंने कहा कि ट्रायसायकल नहीं होने की वजह से आने-जाने में काफी तकलीफहोती है। कलेक्टर देव ने उसकी मांग पर संवेदनशीलता से दिखाते हुए तत्काल ट्रायसायकल उपलब्ध कराने निर्देशित किया और मौके पर पुरूषोत्तम को ट्रायसायकल प्रदान किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पीपरखुंटा के हेमलता ने गांव में विद्युत पोल लगाने, ग्राम नागोपहरी के मोहन टंडन ने अधिक बिजली बिल एवं गलत मीटर रीडिंग के संबंध में, ग्राम बोड़तरा के काशीराम मरकाम ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना



का लाभ दिलाने, जरहागांव के सरपंच ने गांव में शाला भवन निर्माण कराने, ग्राम सारंगपुर के कुमारी बाई ने नाली निर्माण कराने, ग्राम रोहराखुर्द के सुखचंद ने अपने पुत्र की दुर्घटना में मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि दिलाने, ग्राम खम्हरिया के ग्रामीणों ने श्मसान घाट से अतिक्रमण हटाने, ग्राम जरेली के आरती ने शौचालय योजना का लाभ दिलाने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों, समस्याओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर मेनका प्रधान, डिप्टी कलेक्टर पार्वती पटेल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। कार्य में लापरवाही एवं गलत मीटर रीडिंग लेने पर मीटर रीडर लक्ष्मीकांत सेवा से निष्कासित- जनदर्शन में कलेक्टर ने लोरमी वार्ड नंबर 02 डोंगरीपारा के मंजुल दास की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कार्य में लापरवाही एवं गलत मीटर रीडिंग लेने पर लोरमी के मीटर रीडर लक्ष्मीकांत डनसेना को सेवा से निष्कासित करने का निर्देश दिया।

# सक्ति से झारखंड पहुंचे 80 मजदूरों की आईपीएस अंकिता की पहल पर हुई सकुशल वापसी

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

जिला पलायन का गढ़ बना हुआ है,दशको से यहां के मजदूर हर साल कमाने खाने अन्य राज्यों की ओर जाते हैं, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण कोरोना काल के दौरान देखने को मिला, जब शक्ति के ही हजारों की संख्या में मजदूरों को ट्रेन से अन्य राज्यों से लाया गया था, किंतु इसके बावजूद मजदूर अपने स्थानीय रोजगार को छोड़कर अन्य राज्यों की ओर कमाने खाने पहुंच जाते हैं, तथा वहां ठेकेदारों का शिकार भी होते हैं एवं बंधक भी बनाए जाते हैं, शक्ति क्षेत्र में मजदूरों को बाहर ले जाने का खेल प्रशासन की मौन स्वीकृति से जोर-जोर से चल रहा है, बाहर से ठेकेदार शक्ति पहुंचते हैं एवं मजदूरों को प्रलोभन देकर तथा दलालों के



माध्यम से मजदूरों को इकट्ठा कर उन्हें बाकायदा सुविधा के साथ अपने राज्यों की ओर ले जाते हैं, जिसकी जानकारी पुलिस को भी रहती है किंतु पुलिस भी मुक्त दर्शक बनी रहती है,शक्ति पुलिस के ध्येय वाक्य समर्पण, सेवा, सुरक्षा को चरितार्थ करती सक्ती जिला की पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के त्वरित प्रयास से 80 मजदूर सकुशल अपने घर लाये गए है,पुलिस अधीक्षक से मजदूरों ने मिलकर धन्यवाद भी दिया है,ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने जब से शक्ति जिले का कार्यभार संभाला है तब से एक ओर जहां उनके निर्देशन में जिला पुलिस के द्वारा अवैध कार्य में लिप्त लोगों के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है दूसरी ओर गांव-गांव में चलित थाना लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी जा रही है लोगों को अपराध से दूर रहने और अपराध के बारे में जानकारी दी जा रही है,पुलिस अधीक्षक के द्वारा समर्पण, सेवा और सुरक्षा शक्ति पुलिस के लिए ध्येय वाक्य बनाया गया है, और इस ध्येय वाक्य को जिला शक्ति पुलिस चरितार्थ कर रही है।

# कलेक्टर ने साप्ताहिक जनदर्शन के माध्यम से सुनी आमलोगों की विभिन्न समस्याएं

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर पन्ना द्वारा जनदर्शन में प्राप्त होने वाले आवेदनों का त्वरित निराकरण कराने के उद्देश्य से संबंधित विभागीय अधिकारियो की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित कराया जा रहा है। जनदर्शन में आज कुल 61 आवेदन प्राप्त हुए है,जनदर्शन में मालखरौदा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुदरी निवासी श्रद्धा चौहान ने राशन कार्ड बनवाने के संबंध में आज सप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुँची। उन्होंने बताया कि उनके शादी हुए 14 वर्ष हो गए हैं लेकिन



अभी तक राशन कार्ड नहीं बन पाया है जिसके लिए वह सप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंची। जिस पर कलेक्टर ने तत्काल संबंधित अधिकारी को नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए, जिस पर जिला खाद्य अधिकारी अमृत कुजूर ने तत्काल आवेदक के नाम से राशन कार्ड बनवाकर कलेक्टर के हाथों कार्ड प्रदान किया गया,इसी प्रकार विकासखंड मालखरौदा के ग्राम सकर्रा निवासी पंकज चंद्रा पिता स्व हरवंश चंद्रा ने मृतक हरवंश चंद्रा के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ती करने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे। इसी प्रकार जैजैपुर तहसील के ग्राम दतौद निवासी पंचराम राही ने मछली पालन के लिए लोन के संबंध में आवेदन सहित अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा राजस्व, आवास, पेंशन भुगतान, भूमि विवाद, नामांतरण, बटवारा सहित अन्य आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे, जिस पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने संबंधित विभागो को सभी प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

# जिला स्तरीय महाविघालीन प्रतियोगिता में साक्षी वैष्णव बनी सुपर गर्ल

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत जिला प्रशासन के अभिनव पहल पर जांजगीर चाम्पा जिले के अग्रणी महाविघालय, टी सी एल महाविघालय जांजगीर में सुपर गर्ल शीर्षक पर जिलास्तरीय शासकीय महाविघालयों के छात्राओं का विभिन्न विधा एकल नृत्य, एकल गायन, एकल चित्रकला, भाषण, वाद निवाद, वाघयंत्र एवं कविता पाठ आदि विधा पर प्रतियोगिता का आयोजन 27 फरवरी को किया गया था। जिसमें जांजगीर चाम्पा जिला के प्रायः सभी शासकीय महा विघालयो के चयनित छात्राओं ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविघालय खरौद की बी. एस.सी..भाग दो की छात्रा साक्षी



वैष्णव कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर सुपर गर्ल बनी। साक्षी के सुपर गर्ल बनने पर लक्ष्मणेश्वर महाविघालय में हर्ष व्याप्त है। महाविघालय के प्राचार्य डॉ. जी. सी.भारव्दाज ने साक्षी को बधाई एवं शुभकामनाए देते हुए।इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महाविघालय मे नियमित अध्ययनरत बालिकाओं के अंदर कलात्मक प्रतिभा को उभारना बताया और उन्होने महाविघालय केअन्य छात्राओं को भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# शराब के नशे में वाहन चलाने वाले लोगों पर यातायात प्रभारी की ताबड़-तोड़ कारवाई




पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

शराब के नशे में वाहन चलाने वाले के ऊपर हुई कार्रवाई की गई है,शराब पीकर वाहन चलाने पर 25000 का चालान काटा गया है,अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक शक्ति के दिशा निर्देशन में यातायात पुलिस शक्ति द्वारा कार्यवाही कर मोटर वाहन अधिनियम के तहत् की गई कार्यवाही, नो पार्किंग एवं बीच सड़क में वहां खड़ा करने वाले चालकों के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत की जा रही है कार्यवाही, जिला पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए एवम यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है,जिला पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले को के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालक के विरुद्ध कार्रवाई की गई जिसमें नीलांबर सिंह सारथी पिता रमेश कुमार ग्राम खडगांव चौकी जो भी थाना खरसिया जिला रायगढ़ निवासी के विरुद्ध शराब पीकर वाहन चलाना एवं वाहन में तीन सवारी बैठा कर वाहन चलाने के विरुद्ध कार्रवाई की गई जिसको माननीय न्यायालय द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत 25000 का समन शुल्क काटा गया।

# कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्रों में धान उठाव की स्थिति का समीक्षा करते हुए जल्द उठाव कार्य पूर्ण करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्य और विभागीय कार्यों की विसतार से समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में आदर्श आचार संहिता के पालन कराने हेतु एस.एस.टी., एफएस.टी, वी.एस.टी. दलों के गठन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए सर्व संबंधित विभागीय अधिकारीयों को अपने



अधीनस्थ कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों की निर्वाचन कार्य से संबंधित पी.पी.इ.एस. सॉफ्टवेयर में समय पर एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिये, साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में धान उठाव की स्थिति का समीक्षा करते हुए जल्द उठाव कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही राईस मिलों का निरीक्षण कर राईस मिलरों को जारी डीओ की मात्रा एवम चावल जमा की मात्रा की जांच करने और गड़बड़ी होने पर मिलर्स के ऊपर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त विभागवार आवेदनों के जल्द से जल्द निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर पन्ना ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए एसडीएम और तहसीलदारों को अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन सहित समस्त राजस्व प्रकरणों को समय सीमा पर निराकरण करने के निर्देश दिए।

## संविदा भर्ती के लिए आवेदन अब 04 मार्च तक

**मुंगेली।** जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर संविदा भर्ती हेतु आवेदन अब 04 मार्च तक किया जा सकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि ब्लॉक डाटा मैनेजर के 01 पद तथा कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के 15 पदों पर भर्ती के लिए अब 04 मार्च शाम 05.30 बजे तक आवेदन किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन रामगढ़ स्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर या पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया एवं भर्ती के संबंध में नियम, शर्तें एवं अन्य विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

# खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही में अवैध खनिज परिवहन के कुल 28 वाहन जप्त

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के दिशा निर्देशन में खनिज एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा जांजगीर-चांपा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों का सघन जाँच किया गया। जिला स्तरीय उडनदस्ता दल खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग चॉपा के द्वारा संयुक्त रूप से चॉपा, पंतोरा, बलौदा, अकलतरा, पामगढ, पीथमपुर में खनिजो के अवैध परिवहन, भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानो का औचक जॉच किया गया।

खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि जाँच के दौरान जिले में अवैध परिवहन करने वाले खनिज निम्न श्रेणी चूना पत्थर के 12 प्रकरण (02 टैक्टर, 10 हाईवा), खनिज रेत के 16 प्रकरण (9 ट्रैक्टर, 01 टीपर एवं 06 हाईवा), दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले कुल 28 वाहनो को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के अंतर्गत कार्रवाई की



जाएगी। उक्त कार्यवाही पुलिस विभाग के एसडीओपी प्रदीप कुमार सोरी, तुलसिंह पट्टावी निरीक्षक, जांजगीर मणीकान्त पाण्डे, निरीक्षक, विनोद जाटवार, उप-निरीक्षक एवं टीम तथा खनिज विभाग के उडनदस्ता दल प्रभारी, उत्तम प्रसाद खुंटे एवं सहायक उडनदस्ता दल प्रभारी पी डी जाडे एवं टीम का सराहनीय योगदान रहा। कलेक्टर के निर्देशन में जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जॉच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहन कर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से संबंधित कार्यों में लाएं तेजी : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने आयुष्मान कार्ड योजना के पंजीयन के संबंध में जानकारी ली और कार्ड बनाने में लक्ष्य अनुरूप प्रगति लाने और प्रतिदिन इसकी रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विकासखण्डों में आयुष्मान कार्ड के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों से कार्ड के पंजीयन के संबंध में जानकारी ली और संतोषजनक जवाब नहीं देने पर विकासखण्ड पथरिया में आयुष्मान कार्ड के नोडल एवं शिक्षा विभाग के सहायक परियोजना अधिकारी अजय नाथ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा



योजना के संबंध में भी जिला उद्योग महाप्रबंधक तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं देने पर जनपद पंचायत पथरिया के सीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्योग विभाग के महाप्रबंधक को शिविर लगाकर विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत आवश्यक प्रगति लाने तथा पंचायत एवं नगरीय निकाय के आधार पर रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए पूरी तत्परता से कार्य करें, कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने सिविल सर्जन को रेफरल ऑडिट करने, अस्पताल में पर्याप्त स्टाफ और नर्स की व्यवस्था, चिकित्सकों की समय पर उपस्थिति तथा अन्य संसाधनों की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के संबंध में भी जानकारी ली। लाईवलीहुड कालेज की सहायक परियोजना अधिकारी निखत कुरैशी ने बताया कि योजना के अंतर्गत 240 लोगों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है, इसके लिए तैयारी चल रही है, जल्द ही बैच बनाकर चिन्हांकित पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी प्रकार उन्होंने जाति प्रमाण पत्र, महतारी वंदन योजना, अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीयन, स्वच्छ भारत मिशन, धान के उठाव की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन, पीएम स्वनिधि योजना, लंबित राजस्व प्रकरणों, जनदर्शन में लंबित प्रकरणों आदि पर विस्तार से समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप आवश्यक प्रगति लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अवैध प्लाटिंग के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर देव ने ग्राम संगवाकापा में जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही पर बिजली विभाग के ठेकेदार पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**समय सीमा की बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस**- कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी करने दिए निर्देश दिए। उन्होंने सक्षम अधिकारी को बिना सूचना दिए के बैठक में अनुपस्थित होने पर संयुक्त कलेक्टर अजीत पुजारी एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला मिशन समन्वयक ओ.पी.कौशिक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्योरिटाइजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है। "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002" की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/ सह–ऋणीयों/ गारण्टर/ बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनो के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तों प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा।जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है । अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें।इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी भी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे।ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम3(5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चों प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060124081301, मदनलाल साहू (ऋणी), श्रीमती सत्या बाई (सहऋणी) | 06-दिसम्बर-23 ₹ 24,52,125/- चौबीस लाख बावन हजार एक सौ पच्चीस रूपये मात्र 05-दिसम्बर-23 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 1516/2, सिहावा नगर पंचायत नागरी, पीसी नं. 17, आर आई सी नागरी, जिला धमतरी, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 478.28 वर्गगज |

दिनांकः 28-02-2024 स्थानः छत्तीसगढ प्राधिकृत अधिकारी ए.यू.स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

# बेर हो रहा ढेर, एक्सपोर्ट बंद, घरेलू बाजार शून्य

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

निर्यात शून्य। घरेलू बाजार में ताला। पहली बार बन रही इस स्थिति को देखकर, इस साल नए बेर की खरीदी से हाथ खींच रहें हैं निर्यातक। हालत इतनी खराब है कि 700 रुपए क्विंटल जैसी कीमत पर भी सौदे नहीं हो पा रहे हैं। वनोपज के बाजार में पहली बार, बेर की खरीदी पूरी तरह से बंद है। सीजन, बीच की अवधि में प्रवेश कर चुका है लेकिन खरीदी से निर्यातकों का इंकार बेर संग्राहकों को बेहद हताश कर रहा है। वैसे इस साल संग्राहकों की संख्या अपेक्षाकृत काफी कम है क्योंकि संग्रहण क्षेत्र को पूर्व में ही सूचित किया जा चुका था कि नई फसल की खरीदी इस बरस संभव नहीं है।



## निर्यात इस बरस भी बंद

बांग्लादेश एक मात्र ऐसा देश, जो भारत के छत्तीसगढ़ से बेर की खरीदी करता था। बेर का अचार बनाने में उपयोग करने वाले इस देश के लिए सरकार ने निर्यात का द्वार लगातार दूसरे बरस भी बंद रखा हुआ है। ऐसे में बीते साल की संग्रहित उपज की पूरी मात्रा कोल्ड स्टोरेज में रखी हुई है। निर्यातक पुरजोर कोशिश कर रहे हैं कि निर्यात की अनुमति मिल जाए ताकि पुराने भंडारण का निपटान हो सके और लगाई गई पूंजी की वापसी की राह आसान हो। सफ्लता नजर नहीं आ रही है।

## रुझान नहीं दिखा रहा राजस्थान

छत्तीसगढ़ के बेर का दूसरा बड़ा उपभोक्ता है राजस्थान। लेकिन इसने दूसरे बरस भी खरीदी से दूरी बनाए रखी है। खटाई के लिए बेर की थोक खरीदी करने वाले राजस्थान से वार्ता का दौर जारी है लेकिन रुझान नहीं दिखा रहा है राजस्थान। स्पष्ट कारण अब तक सामने नहीं आने से प्रदेश के बेर निर्यातक अब हताश होने लगे हैं। घरेलू बाजार से भी मदद की उम्मीद नहीं है।

## जमीन पर भाव

पूरी तरह प्रतिकूल स्थितियों के बीच चल रही इस वनोपज में भाव अब जमीन पर आ चुके हैं। 700 रुपए क्विंटल जैसी सबसे निचली कीमत पर भी बेर को निर्यातक और बाजार नहीं मिल रहे है क्योंकि खरीदी पूरी तरह से बंद है। राहत केवल इतनी ही है कि पूर्व में दी गई सूचना के बाद इस बार काफी कम मात्रा में संग्रहण हो रहा है।


### बेहद खराब दौर


निर्यात पूरी तरह बंद है। राजस्थान भी खरीदी को लेकर रुझान नहीं दिखा रहा है। घरेलू मांग वैसे भी नहीं है। इसलिए इस साल बेर की खरीदी नहीं कर रहे हैं।

-सुभाष अग्रवाल, एसपी इंडस्ट्रीज, रायपुर

# महाशिवरात्रि पर निकलेगी विशाल शोभा यात्रा, 111 जोड़े करेंगे रुद्राभिषेक

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com





प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में विशाल शोभा यात्रा (शिव बारात) व 111 जोड़ों के द्वारा पार्थिव शिवलिंग पूजन रुद्राभिषेक की रूपरेखा बनाने व तैयारी के संदर्भ में जय भोले कांवरिया संघ की बैठक श्याम स्नेह एजेंसी में संपन्न हुई जिसमे तय किया गया कि 8 मार्च महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर संध्या 5.30 बजे महासती मंदिर से भगवान शिव की विशाल शोभा यात्रा निकलेगी जो गोविंद चौक, रामसप्ताह चौक, आजाद चौक, जयस्तंभ चौक, फौव्वारा चौक होते हुए नगर पालिका स्थित महाकाल मंदिर तक जायेगी जहां भगवान शंकर की महाआरती कर ठंडाई का प्रसाद वितरण किया जाएगा तदुप्रांत रात्रि 8 बजे से पुरानी सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल मंडी रोड स्थित मंगल भवन में विद्वान आचार्य ओम प्रकाश जोशी (थान खमरिया) व पंडित जितेंद्र तिवारी जी के कुशल मार्गदर्शन में 111 जोड़ों द्वारा भगवान शंकर का पार्थिव शिवलिंग पूजन रुद्राभिषेक किया जाएगा । विदित हो की जय भोले कांवरिया संघ द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर प्रतिवर्ष जो शोभायात्रा निकाली जाती है उसमे शामिल होने नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से भी शिवभक्त आते है जिनका नगर की धार्मिक, सामाजिक, व्यापारिक व राजनीतिक संस्थाओं द्वारा जगह जगह स्वागत किया जाता है। पार्थिव शिवलिंग पूजन रुद्राभिषेक में बैठने वाले जोड़ों के लिए पूजा की समस्त सामग्री की व्यवस्था संघ के द्वारा निशुल्क की जाती है इस वर्ष रुद्राभिषेक में बैठने भिलाई, रायपुर से भी कई जोड़ों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। उक्त आयोजन को लेकर शिवभक्तों में विशेष उत्साह दिख रहा है आयोजन समिति भी सभी तैयारियों को पूर्ण रूप देने में सक्रिय है। सम्पूर्ण आयोजन को लेकर हुई बैठक में प्रमुख रूप से संघ के वरिष्ठ सदस्य बृज किशोर अग्रवाल, मुकेश बालानी, विपिन अग्रवाल, गोपाल पुरोहित, दीपक मल, रामजी जोशी, रवि गुप्ता, प्रकाश शर्मा, धनंजय गुप्ता, विनय ठाकुर, मोनू मल दिनेश सचदेव, नंदन शर्मा सहित भागवत कथा वाचक पंडित हरगोपाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

# सेवा समिति ग्राम सिरौली द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

जिला एम,सी बी संस्कृति कार्यक्रम सेवा समिति ग्राम सिरौली द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्र में अनगिनत ऐसे युवा हैं जो विलक्षण प्रतिभा और कला से सम्पन्न हैं जिनको अपना हुनर दिखाने के लिए मंच की आवश्यकता पड़ती है। नृत्य के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा रहे अनेक कलाकारों को मंच देने का काम कई वर्षो से सांस्कृतिक कार्यक्रम सेवा समिति कर रही है। प्रतिभाओं को मंच देने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम सेवा समिति का यह कार्य काबिले तारीफ है। उपरोक्त बातें पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने ग्राम पंचायत सिरौली में आयोजित डांस प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची विधायक रेणुका सिंह ने पूर्व जनपद सदस्य रफीक मेमन की मांग पर सिरौली में सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए अपने विधायक निधि से 15 लाख रुपये देने की घोषणा की। वहीं आगामी वर्षो में इस आयोजन के लिए



हर संभव सहयोग की बात कही। विशेष रूप से आयोजन में सरजू यादव पार्षद नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका मनेंद्रगढ़, लखन लाल श्रीवास्तव पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, प्रदीप वर्मा भाजपा जिला कार्यालय मंत्री, आनंद अग्रवाल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स, संजय राय, धर्म सिंह टेकाम, संजय यादव, अजय मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी एमसीबी, सुरेंद्र प्रसाद जायसवाल बीईओ, वीरेंद्र प्रसाद पांडे सहा. बी ई ओ मनेंद्रगढ़ उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में एकल में प्रथम स्थान अभिषेक हल्दीबाड़ी चिरमिरी, द्वितीय स्थान आकाश वी आई बिलासपुर, तृतीय स्थान प्रांशु तिवारी शहडोल, समूह में प्रथम स्थान द मर्ज क्रु अंबिकापुर, द्वितीय स्थान द वेपन्स् चरचा, तृतीय स्थान फैशन बॉयज चिरमिरी, जूनियर में प्रथम स्थान अरायना घोष चिरमिरी, द्वितीय स्थान चंकी प्रतापपुर, प्राची अंबिकापुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डांस प्रतियोगिता के निर्णायक पंकज बेलवंशी थे। कार्यक्रम को सांस्कृतिक कार्यक्रम सेवा समिति ग्राम सिरौली के संरक्षक रफीक मेमन, अध्यक्ष निर्मल सिंह, उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, सचिव मोहम्मद इब्राहिम, सचिन सिंह, कोषाध्यक्ष अब्दुल शहीद, हरि सिंह, अर्जुन सिंह, संजय वर्मा, कार्यक्रम संयोजक मोहम्मद इसराफिल, रफीक खान, बबलू, घनश्याम प्रसाद केवट एवं सदस्य प्रकाश सिंह पूर्व सरपंच, असलम बाबा, सफीउल्लाह खान, अब्दुल शहीद, अब्दुल सफीक, मयंक, उमेश ठाकुर, मयंक सिंह, सुनील रजक, राम अवतार, नारायण राजवाड़े, दिनेश कुमार सविता, भूपत सिंह, गुलाब सिंह, सुंदर राम केवट, धर्मेंद्र सिंह, भुवनेश्वर सिंह एवं ग्राम वासियों के सहयोग से संपन्न कराया गया।

# कार सहित नदी में डूबने से युवक की मौत

भाटापारा। ग्राम ओटेबंद और राजपुर के तीन दोस्त पवन गिधोड़े यशवंत दिनकर और जयलाल सोनवानी अपने वैगन आर कार से पिकनिक मनाने ग्राम रामपुर मंदिर के पीछे नदी किनारे गए शाम करीबन 6.30 पिकनिक खतम कर पवन गिधोड़े, यशवंत दिनकर हाथ मुंह धोने नदी में चले गए और जयलाल सोनवानी कार को चालू कर दिया, जिसको कार चलाना नहीं आता था, और कार सहित नदी के पानी में घुस गया। जिसे उसके दोनो साथी कार कि खिड़की से खीच कर पानी से बाहर निकाले, जो बेहोश हो गया था। सूचना पर तत्काल हमराह स्टाफ पहुंच कर पेट्रोलिंग वाहन से जिला चिकित्सालय बलोदाबाजार लाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा जांच कर जयलाल सोनवानी को मृत घोषित किया गया है अंधेरा होने से कार को नदी से नही निकाला जा सका है।



# भैंसापसरा अग्निकांड का पर्दाफाश, घर में आग लगाने वाले 02 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

## जघन्य हत्याकांड में दो व्यक्तियों की हो गई थी मृत्यु एवं 02 लोग जलने से गंभीर रूप से हो गए हैं घायल

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शहर के भैंसापसरा क्षेत्र में वृद्धा आश्रम के पास 24, 25 फरवरी को एक मकान में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस दौरान सूचना पाकर थाना सिटी कोतवाली का पुलिस बल तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुआ। इस बीच स्थानीय लोगों एवं आस-पड़ोस के लोगों द्वारा आसपास संसाधनों, पानी आदि से आग बुझाने का कार्य प्रारंभ किया गया, तब तक घर के अंदर निवासरत 04 लोग आग में जलने से बुरी तरह से झुलस गए थे। जैसे-तैसे पड़ोसियों द्वारा दरवाजा खोलकर घर अंदर से आग में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया, जिसमें चारों लोग गंभीर रूप से आग से झुलस गए थे। सभी लोगों को तत्काल उचित उपचार हेतु जिला अस्पताल बलौदाबाजार पहुंचाया गया, जिसमें पुत्र एवं माता की मृत्यु हो गई तथा बहन एवं भाजी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उक्त आगजनी की घटना को बहुत गंभीरता से लिया गया। घटनास्थल का निरीक्षण एवं आसपास निवासियों से पूछताछ पर यह ज्ञात हुआ कि आग लगने की सूचना पाकर जब पड़ोसी आग बुझाने के लिए गए तब तक आग फैल चुकी थी। प्रकरण की जांच हेतु रायपुर मुख्यालय से विशेष तौर पर फारेंसिक की टीम बुलाई गई, जिसने विवेचना को दिशा दी और यह तथ्य सामने आया कि घटना के समय घर का दरवाजा बाहर से बंद रहा होगा। साथ ही सायबर सेल से निरीक्षक लखेश केंवट, आरक्षक हेमंत नायक की टीम द्वारा मामले में सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल आदि का तकनीकी विश्लेषण कर मानवीय आसूचना से अहम सुराग ढूंढने का भी प्रयास किया



जा रहा था। इस आगजनी की घटना का खुलासा करने एवं मामले में संलिप्त आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। प्रकरण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव के मार्गदर्शन में टीम प्रभारी निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार के सांथ टीम में शामिल निरीक्षक अमित तिवारी, उपनिरी एल.एस.राजपूत, सउनि मलिक राम भारद्वाज, प्रधान आरक्षक अंजोर मांझी, आरक्षक मोहन मेश्राम, यशवंत यादव, अकरम खान की टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास क्षेत्र का निरीक्षण कर प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ एवं इस जघन्य अग्निकांड का कारण एवं इसमें शामिल आरोपियों की मंशा को समझने का कार्य प्रारंभ किया गया। साथ ही पुलिस की एक टीम द्वारा मोहल्ले में ही रहकर घटना के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटाया जा रहा था। सभी पहलुओं की जांच करने पर पता चला कि इस आगजनी में निश्चित ही किसी स्थानीय एवं घर के आसपास रहने वाला ही कोई आदमी शामिल है, जिसके बाद टीम का पूरा ध्यान उसी मोहल्ले में ही रहने वाले संदिग्ध आरोपी की खोजबीन में लग गया। विवेचना के क्रम में निधि नाग द्वारा अंबेडकर हॉस्पिटल रायपुर जाकर घायल रानू साहू से पूछताछ किया गया जिसमें रानू साहू द्वारा संदिग्ध दोनों आरोपियों का नाम बताते हुए आगजनी करने में इन दोनों का हाथ होना बताया। संपूर्ण जांच क्रम में मृतकों के पड़ोस में ही रहने वाले करण बघेल एवं दौलत सोनवानी को पकड़ा गया। दोनों आरोपी आदतन शरारती झगड़ालू और बदमाश प्रवृत्ति के हैं। मृतक परिवार द्वारा अपने घर के सामने झिल्ली आदि से परछी बनाया गया था तथा साथ ही सामने साड़ी, रस्सी से घेर दिया गया था। आरोपीगण इस घेरे में लगे साड़ी को फाड़ दिया करते थे, जिसे मृतिका कमला साहू द्वारा बार-बार मना किया जाता था। 24.02.2024 को शाम के समय भी परछी में लगे साड़ी एवं रस्सी को आरोपियों द्वारा फाड़ दिया गया था, जिसे मृतिका कमला साहू द्वारा मना किया गया, जिस पर वाद विवाद हुआ था।

# दुःख कितना भी बड़ा क्यों ना हो, धैर्य और संतुलन रखिए, समय आपको हारने नहीं देगा

## समाजसेवी स्व. कैलाश खेड़िया को मनेन्द्रगढ़ वासियों ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

इस दुनिया में कुछ सच हो न हो, लेकिन एक सच यह जरूर है कि जो इंसान इस धरती पर जन्म लिया उसे एक दिन मृत्यु की गोद में सोना है। इसलिए कुछ ऐसा कर चलो कि लोग आपको याद रखें। उक्त बातें नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी व विभिन्न समाजसेवी संगठनों से जुड़े स्व. कैलाश खेड़िया को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में ला। कौशल अरोरा ने कही। विमल छविग्रह में आयोजित श्रद्धांजलि सभा बहुत याद आओगे तुम का आयोजन लायंस परिवार मनेन्द्रगढ़ द्वारा किया गया। सर्वप्रथम गोपाल खेड़िया, प्रमोद खेड़िया, डॉ. के पी पटेल, अशोक जायसवाल जसवीर सिंह कालरा, तरुण खेड़िया,




विकास खेड़िया, बाल मुकुंद खेड़िया, व्यंकटेश खेड़िया, विनोद खेड़िया समेत उपस्थित जनों ने स्व. कैलाश खेड़िया के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर डा. एस के आचार्य ने अपनी श्रद्धांजलि देते हुये कहा कि परोपकार की जो भावना स्व. कैलाश खेड़िया में थी वह अन्यत्र देखने को नहीं मिलती। क्लब के लिए उन्होंने जो सहयोग किया वह हमेशा याद किया जायेगा। युवा व्यवसायी संजीव ताम्रकार ने अपनी श्रद्धांजलि देते हुये कहा कि यह संसार प्रकृति के नियमों के अधीन है और परिवर्तन एक नियम है। शरीर तो मात्र एक साधन है। इस दुःख की घड़ी में हम सब आपके साथ हैं। डा. के पी पटेल ने अपनी श्रद्धांजलि देते हुये कहा कि वे गरीबों के मसीहा थे। उन्होंने वृद्धाश्रम के लिए जो कार्य किये हैं वह दूसरा कोई कर नहीं सकता। लायंस क्लब प्राइड की अध्यक्ष सिम्मी जैन ने कहा कि उनका स्नेह हम सभी को सदैव मिलता था। उनकी कमी हमेशा महसूस होगी। वी क्लब की अध्यक्ष प्रीति जायसवाल को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये उन्हें मोक्ष देने की प्राथना ईश्वर से की। जिस दिन हम सब को छोड़ कर गये उस दिन सभी की आँखे नम हो उठी। आनंद अग्रवाल ने चेम्बर परिवार की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि दी।

# कोलंबिया कॉलेज, रायपुर में वैल्यू एडेड कोर्स, स्पोकन इंग्लिश का आयोजन




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कोलंबिया कॉलेज, रायपुर में वैल्यू एडेड कोर्स, स्पोकन इंग्लिश का आयोजन कार्यक्रम में जन प्रगति एजुकेशन सोसाइटी के सेक्रेटरी हरजीत सिंह हूरा, वैल्यू एडेड कोर्स स्पोकन इंग्लिश की रिसोर्स पर्सन एवं कोलंबिया कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉक्टर आभा दुबे, सभी शिक्षक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना से की गई तत्पश्चात कोलंबिया कॉलेज की सहायक प्राध्यापिका रंजना ठाकुर द्वारा स्वागत भाषण दिया गया एवं डॉ आभा दुबे द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं रूपरेखा विस्तार पूर्वक प्रस्तुत की गई, जिसमें दो माह में कोर्स पूर्णता की संपूर्ण जानकारी दी गई। जनप्रगति एजूकेशन सोसाइटी के सेक्रेटरी हरजीत सिंह हूरा ने स्पोकन इंग्लिश कोर्स की पहल को एक अच्छा प्रयास माना तथा अंग्रेजी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कई इंग्लिश मीडियम स्कूलों में इंग्लिश जानने वाले शिक्षकों की ही भर्ती होती है अतः अंग्रेजी भाषा को जानना समझना तथा उसके माध्यम से अपने विचार व्यक्त कर पाना हम सभी के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अन्य किसी भाषा को जानना तथा समझना। कार्यक्रम के अंत में कोलंबिया कॉलेज के सहायक प्रध्यापिका रंजना ठाकुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# विधायक इन्द्र साव ने किया स्वीकृत विकास कार्यो का भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

विधायक इन्द्र साव की क्षेत्र के निवासियों के हितार्थ के लिए सक्रियता आरंभ से ही बनी हुई है व दिखने लगी है। इसी कड़ी में समीपस्थ सिमगा ब्लाक के ग्राम धोबनी में कुछ दिनों पूर्व इन्ही के द्वारा ग्रामवासियों की मांग पर विधायक निधि से स्वीकृत सी.सी. रोड का भूमिपूजन 23 फरवरी को किया गया। वहीं सिमगा ब्लाक के ही एक अन्य समीपस्थ ग्राम नवागांव में जनपद सदस्य निधि से स्वीकृत रंगमंच के लिए भी इन्द्र साव ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर निधी कोमल टंडन जनपद सदस्य, हेमलाल साहू, वासु साहू, हिरेन्द्र कोशले, शैली भाटिया, मोहन साहू, रवि साहू, लखन साहू, भीखम साहू आदि उपस्थित थे।

# एयरटेल ने रायपुर में अपनी रिटेल स्टोर्स का विस्तार किया, शहर में पहले से मौजूद 5 स्टोर्स में 3 और नए स्टोर जोड़े गए

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल ने घोषणा की कि उसने रायपुर शहर में कंपनी के अपने 3 नए नेक्स्ट जनरेशन स्टोर लॉन्च किए हैं। भनपुरी, भाटागांव और तेलीबांधा में खोले गए नए स्टोर से एयरटेल ने रिटेल उपस्थिति को मजबूत किया है जिससे ग्राहकों को अद्वितीय सेवा का अनुभव होगा। स्टोर अपने पोर्टफोलियो में एयरटेल की अत्याधुनिक तकनीकों का भी प्रदर्शन करेंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन और ग्राहकों को आजीवन सेवा देने की थीम पर डिजाइन किए गए ये स्टोर एक्सस्ट्रीम, एक्ससेफ, 5जी प्लस आदि सहित एयरटेल की पेशकशों की पूरी श्रंखला

airtel

प्रदर्शित करेंगे। अद्वितीय सेवा अनुभव प्रदान करने की दृष्टि से 'एयरटेल फ्रेंड्स' के तौर पर देखे जाने वाले स्टोर कर्मचारियों को मोबाइल, ब्रॉडबैंड और डीटीएच सहित एयरटेल के सभी पोर्टफोलियो में ग्राहकों के प्रश्नों व उलझनों को संबोधित करने तथा हल करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। इस विस्तार पर टिप्पणी करते हुए रितेश अग्रवाल- सी ई ओ, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़, भारती एयरटेल ने कहा, ग्राहकों की संतुष्टि का जुनून हमें आगे बढ़ने के प्रेरित करता है, इसलिए हम मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य में बड़े पैमाने पर रिटेल का विस्तार कर रहे हैं। ग्राहकों की सभी जरूरतों के लिए वन-स्टॉप के रूप में मोहल्लों में स्थित ये स्टोर मोबाइल, ब्रॉडबैंड, डीटीएच आदि सहित सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करेंगे। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य हमारे लिए एक बड़ा फोकस मार्केट बना हुआ है और हम इस मार्केट में निवेश करना जारी रखेंगे। एयरटेल पिछले कुछ वर्षों से देश में अपनी रिटेल उपस्थिती को मजबूत करते हुए अपनी ऑफ्लाइन उपस्थिति निरंतर बढ़ा रहा है। वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर पर कंपनी के 1500 स्टोर हैं।

# रायपुर में ऑटोमोबाइल डीलरों के साथ एलओटीएस की सफल लॉन्चिंग ने सड़क पर कानूनी मदद में एक बड़ा कदम रखा



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन, रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन और एक अग्रणी कानूनी-तकनीकी प्लेटफॉर्म, के बीच सहयोग से रायपुर, छत्तीसगढ़ में एक सफल लॉन्च कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम ने भारत भर में वाहन मालिकों के लिए सड़क पर कानूनी मदद को नया रूप देने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया, जिसमें स्र्ह्लज्जस (स्ङ्24द्बद्ध ह्ट्ट-ज्जद्धद्व-स्थ्श्ह्ल), सड़क पर कानूनी सहायता सेवा, की पेशकश की गई जो वाणिज्यिक वाहनों से लेकर निजी कारों तक, हर यात्री के लिए डिज़ाइन की गई है, ताकि बिना किसी कानूनी व्यवधान के सहज यात्रा सुनिश्चित की जा सके। 24,7 भारत भर में उपलब्ध, एलओटीएस 70 हजार से अधिक वकीलों के विशाल नेटवर्क के साथ तत्काल ऑन-कॉल समाधान प्रदान करता है। यह ई-चालान को संभालने और वाणिज्यिक वाहनों को कानूनी मुद्दों से सुरक्षित रखने के प्रयासों में सहज तरीके पेश करके अलग खड़ा है, हर यात्रा को चिंता-मुक्त बनाता है। लॉन्च को बड़ी हस्तियों की उपस्थिति ने सम्मानित किया, जिनमें मुख्य अतिथि एस प्रकाश, परिवहन विभाग के सचिव और परिवहन आयुक्त, और सम्मानित अतिथि डी. रविशंकर, अतिरिक्त परिवहन आयुक्त, शामिल थे, जो इस पहल के लिए सरकार के समर्थन और महत्व को दिखाते हैं।

## डीलर्स की पहल ने सहयोग को बढ़ावा दिया

इस सहयोग की शुरुआत ऑटोमोबाइल डीलरों द्वारा एक सक्रिय कदम से हुई, जिन्होंने पहले एफएडीए से संपर्क किया, अपने ग्राहकों को सड़क पर कानूनी समस्याओं का सामना करते देखकर। एक समाधान की जरूरत महसूस करते हुए, एफएडीए ने पिछले साल सितंबर में Lawyered के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये और इस समस्या को हल करने का वचन दिया। रायपुर में एफएडीए की सफल लॉन्चिंग डीलरों और उद्योग के सभी हितधारकों की वाहन मालिकों को पूरा समर्थन देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही Lawyered द्वारा विकसित इस कानूनी-तकनीकी प्लेटफॉर्म की क्षमता को भी उजागर करता है जो वाहन मालिकों को मौके पर सड़क पर कानूनी समस्याओं को बिना किसी परेशानी के सुलझाने में सक्षम बनाता है।


### न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क./202402140400016/अ-6/2023-24

// उद्घोषणा //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण किशोर सिन्हा पिता केजुराम सिन्हा निवासी शीतलापारा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर व अन्य 01 के द्वारा मोहल्ला शीतलापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 6 ए, प्लाट नं. 16 में से क्षेत्रफल 683 वर्गफुट पक्का मकान वार्षिक भू-भाटक 1024.50 रु. केजूराम पिता बोधीराम, राजबती पति केजूराम कलार नजूल अभिलेख में दर्ज है। खातेदार केजूराम पिता बोधीराम की मृत्यु दिनांक 22.01.2022 एवं राजबती सिन्हा पति केजुराम की मृत्यु दिनांक 02.08.2022 को होने का उल्लेख करते हुए मृतक का नाम विलोपित कर विधिक वारिस का नाम दर्ज करने इस न्यायालय में भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के साथ प्रकरण में सुनवाई दिनांक 07/03/2024 तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। उक्त नियत दिनांक के पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12/2/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्रमांक/202402115600083/31-6/2023-2024

रायपुर, दिनांक 23/02/2024

ग्राम चगोराभाठा, प.ह.नं.-59,
तहसील व जिला रायपुर

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (1) संतू राम साहू वल्द स्व जगनू राम साहू (2) श्रीमती मीना बाई साहू पति संतूराम साहू (3) लवकुमार साहू वल्द संतूराम साहू सभी निवासी गणपति नगर काली मंदिर के पास न्यू चंगोराभाठा, तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम चंगोराभाठा, प.ह.न. 59, रा.नि.म. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 123/37 रकबा 1440 वर्गफुट भूमि आवेदकगण के पुत्र/भाई रोहन तरूण साहू पिता श्री संतूराम साहू के नाम पर दर्ज है। जिसे स्वत्व घोषणा एवं स्थायी निषेत्राज्ञा हेतु माननीय नेशनल लोक अदालत खण्डपीठ क्रमांक 30 रायपुर छ.ग. (नेशनल लोक अदालत की तिथि 16/12/2023) में व्यवहार वाद क्रमांक 247/अ/2018 संस्थित दिनांक 08/08/2018 में दिनांक 16/12/2023 को अवार्ड घोषित करते हुए आवेदकगणों को संयुक्त स्वामित्व घोषित किया गया है का लेख करते हुए उपरोक्त अनुसार खसरा नंबर/रकबा की भूमि पर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार आवेदकगणों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदकगण का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनाक 18/03/2024 को होगी।

अतएव उक्त भूमि को आवेदक के नाम नामांतरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 18/03/2024 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकत है। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

### न्यायालय:- श्रीमान् बलराम कुमार देवांगन प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01 मुंगेली, जिला मुंगेली

संदीप कुमार कतलम - आवेदक
प्रति,
आम जनता वगैरह - अनावेदकगण
उत्तराधिकार प्र.क्रं. 03/2024
पेशी दिनांक - 22/03/2024
प्रोसेस क्र.-76/24

// समंस/नोटिस //

आम जनता जो इस प्रकरण से संबंधित है इस न्यायालय में आवेदक द्वारा आम जनता जो इस प्रकरण से संबंधित है के विरूद्ध धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसमें पेशी दिनांक 22.03.2024 को नियत है।

अतः आम जनता जो इस प्रकरण से संबंधित है। आप स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा में संबंध में जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 23.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

मुहर

(बलराम कुमार देवांगन)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1
मुंगेली (छ.ग.)

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद छत्तीसगढ़

// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

निविदा क्रमांक 17/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड 2024 गरियाबंद, दिनांक - 26/02/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/फ्लोराईड हटाने वाले संयंत्रों के प्रातिष्ठित निर्माताओं/वितरक से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम :-** गरियाबंद जिले अंतर्गत विकासखण्ड देवभोग के विभिन्न ग्रामों में सोलर आधारित फ्लोराईड रिमूव्हल प्लांट का संधारण-संचालन कार्य। शेड्यूल अनुसार

| स.क्र. | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम कोड़कीपारा-बस्ती (प्रा.शा.) | 1.68 लाख | 2000/- |
| 2 | ग्राम लाटापारा-फुडेलपारा (प्रा.शा.) | 1.71 लाख | 2000/- |
| 3 | ग्राम फलसापारा-बस्ती (प्रा.शा.) | 1.55 लाख | 2000/- |
| 4 | ग्राम धौराकोट-बस्ती (प्रा.शा.) | 1.94 लाख | 2000/- |
| 5 | ग्राम खवासपारा-बस्ती (प्रा.शा.) | 1.87 लाख | 2000/- |
| 6 | ग्राम मुड़ागांव-टीपपारा (प्रा.शा.) | 1.81 लाख | 2000/- |
| 7 | ग्राम डोंगरीगुड़ा-बस्ती (प्रा.शा.) | 1.77 लाख | 2000/- |
| 8 | ग्राम लाटापारा-काडपारा (प्रा.शा.) | 1.46 लाख | 2000/- |
| 9 | ग्राम लाटापारा-छोटेलाटापारा (प्रा.शा.) | 1.72 लाख | 2000/- |
| 10 | ग्राम सहसखोल-बस्ती (प्रा.शा.) | 1.66 लाख | 2000/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में दिनांक 05.03.2024 तक देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
गरियाबंद (छ.ग.)

G-08166/3

# दलेश्वर के लोक मंडई में नया विवाद, पुलिसकर्मी ने भाजपाई को पीटा, मचा बवाल, टीआई ने कहा गोली से उड़ा दूंगा


रायपुर, मंगलवार 27 फरवरी 2024
www.dailypioneer.com
पायनियर

लोक मंडई के भाजपाईकरण के मायने क्या दलेश्वर पाला बदलने वाले हैं?

आमंत्रण व विज्ञापन में किसी एक कांग्रेसी का नाम नहीं, पहले भी विवादों में रह चुका है लोक मंडई

शिकायत मिलेगी तो कार्यवाही किया जाएगा दीपक बैज

बड़े नेताओं को अवगत कराया गया है, सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष से करेंगे शिकायत : भागवत

जिन्होंने किया था विरोध वही मधु अब मुख्य अतिथि

आयोजन के माध्यम से जनता को साधने का प्रयास

विधानसभा चुनाव में भी कमजोर साबित हुए हैं दलेश्वर

## भाजपाइयों ने कहा कार्यवाही नहीं हुई तो देंगे इस्तीफा

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डोंगरगढ़ मुसराकला में लोक मंडई उत्सव समिति के तत्वाधान में आयोजित होने वाले दलेश्वर साहू के आयोजन में एक नया विवाद जुड़ गया है । आयोजित लोक मंडई के समापन कार्यक्रम में बीते दिनों आधी रात उस समय जमकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई, जब एक पुलिस कर्मी ने आयोजन समिति के सदस्य एवं भाजपा कार्यकर्ता को जमकर पीट दिया। समिति के पदाधिकारियों ने जब इस आशय की शिकायत की तो टीआई भरत बरेठ ने यह कह दिया कि वे गोली मार सकते हैं। टीआई के इस बयान से आक्रोशित लोगों ने जब नारेबाजी शुरू कर दी, तब पुलिस ने इस मामले में माफी मांगी। गौरतलब है कि डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू द्वारा इस साल मुसराकला में लोक मंडई का आयोजन किया जा रहा है और उस दफे पूरे आयोजन का भाजपाईकरण कर दिया गया है जिसकी शिकायत भी स्थानीय कांग्रेसियों ने अपने बड़े नेताओं से की है। आयोजन में अवैध शराब की बिक्री को लगातार शिकायतों के बीच समापन समारोह में विवाद की स्थिति भी निर्मित हो गई। बताया जाता है कि कन्हारडबरी निवासी जितेन्द्र वर्मा आयोजन समिति का सदस्य और भाजपा का कार्यकर्ता है। कल कार्यक्रम में वह सपरिवार शामिल होने के लिए जैसे ही वीआईपी गेट में पहुंचा, पुलिस ने उसे रोक दिया। यहां ड्यूटी में तैनात नशे में धुत एक पुलिस कर्मी ने जितेन्द्र की जमकर पिटाई कर दी। जिससे उसकी आंखों के पास गंभीर चोंट आई है।

### लोकमंडई का विवादों से पुराना नाता

गौरतलब है कि लोकमंडई का शुरू से विवादों से गहरा नाता रहा है। लोकमंडई को लेकर अच्छा खासा विवाद दलेश्वर साहू ने पहले भी झेला है जिसमे डोंगरगढ़ जनपद से भुगतान किया जाना, सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग सहित अन्य बातें शामिल थीं। इस वर्ष आयोजन के बहकाजपाईकरण को लेकर भी वो शुरू से घिरे हुए हैं लेकिन अब भाजपा के कार्यकर्ता की पिटाई के बाद आयोजन में एक नया विवाद जुड़ गया है ।

### विजय शर्मा से शिकायत पार्टी छोड़ने की धमकी

भाजपा कार्यकर्ता की पिटाई के मामले में समिति के पदाधिकारियों ने मामले की शिकायत गृहमंत्री विजय शर्मा से की है। गृहमंत्री ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी, यदि पुलिस कांस्टेबल पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे पार्टी छोड़ देंगे।

### कार्यकर्ताओं ने मचाया बवाल, पुलिस ने माँगी माफी

पुलिस द्वारा कार्यकर्ता की पिटाई किए जाने की जानकारी जैसे ही समिति के सदस्यों को हुई, उन्होंने जमकर आ ेश व्यक्त किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष ने इस जब टीआई भरत बरेठ से पिटाई का कारण पूछा तो उन्होंने यह कह दिया कि युवक ने पुलिस की कालर पकड़ी थी। जिसके कारण उसकी पिटाई हुई है, जब कार्यकर्ता इस बात को नहीं माने तो श्री बरेठ तैश में आ गए और उन्होंने बार-बार धमकी देते हुए यह कहा कि मेरी कॉलर पकड़कर देखो मैं गोली मार दूंगा। बार-बार इस तरह कहने से कार्यकर्ता भी उत्तेजित हो गए तथा पुलिस के मुलाहिजे की मांग करने लगे। डॉक्टर मुलाहिजा की बात आते ही टीआई को जैसे सांप सूंध गया। उन्होंने तत्काल माफी मांगना प्रारंभ कर दिया।

### एक दूसरे पर नशे में धुत होने का लगाया आरोप



भाजपा कार्यकर्ता की पिटाई के मामले में भाजपाई और पुलिस प्रशासन दोनों ने ही एक दूसरे पर नशे में धुत होने का आरोप लगाया है। भाजपाइयों ने अपने बयान में कहा कि उक्त पुलिस कर्मी बहुत नशे में था जबकि टीआई भारत बरेठ ने कहा कि कार्यकर्ता नशे में धुत फिर भी मैने पुलिसकर्मी की ओर से माफी मांग ली थी। गोली मार देने की बात पर मैंने यह कहा था कि मेरा हथियार यदि कोई छीनेगा तो मुझे मजबूरन गोली चलानी पड़ेगी।

# टैक्स वसूली : राशन कार्ड वितरण का सारा प्रपंच कांग्रेस और महापौर ने रचा : किशनु यदु

## साहस जुटाएं और महापौर कार्यालय के सामने प्रदर्शन करें कुलबीर

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर निगम क्षेत्र में निजी एजेंसियों द्वारा कर की वसूली और राशन कार्ड वितरण को लेकर कांग्रेस पार्षद कुलबीर छाबड़ा के बयान को नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने उनकी अपरिपक्व बताया है। उन्होंने कहा कि ङ्क उन्होंने जितने भी मुद्दों पर बात की है उन सभी का संबंध नगर निगम, महापौर और कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार से है। इसके लिए भाजपा को दोषी बताया जाना महज उनकी अपरिपक्वता और मुद्दा विहिन राजनीति के लक्षण ही हैं। उन्होंने कहा कि राशन कार्डो का नवीनीकरण उपरांत वितरण नगर निगम की जिम्मेदारी है। महापौर और एमआईसी इसके लिए व्यवस्था सुनिश्चित कर सकती है। लेकिन वे खुद इससे दूर हैं और जनहित के कार्यो में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। वार्डो में शिविर लगाने की मांग तो भाजपा के पार्षद भी कर रहे हैं लेकिन महापौर और एमआईसी के सदस्य ही इस पर चुप हैं। निगम प्रशासन की खामियां और महापौर की उदासीनता का विरोध करने का साहस खुद कुलबीर छाबड़ा भी नहीं जुटा पा रहे हैं। इसलिए वे बेवजह राज्य शासन पर मिथ्या आरोप गढ़ खुद की जिम्मेदारी से बच रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष किशनु यदु ने कहा कि ङ्क यही नहीं नगर निगम में निजी एजेंसी द्वारा टैक्स की वसूली का सारा प्रपंच भी कांग्रेस ने ही रचा है। उन्होंने कहा कि जब पूर्व महापौर मधुसूदन यादव के कार्यकाल में वर्ष 2017 में जब इस योजना के लिए पत्र आया था तो उन्होंने इसे इसलिए रोक दिया ताकि जनता पर बोझ न पड़े और निगम के राजस्व सेवक प्रभावित न हों।

## शतप्रतिशत नागरिकों का आधार पंजीयन करें : कलेक्टर

### किसी भी आधार का गलत उपयोग ना हो, नहीं तो होगी कड़ी कार्रवाई

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में आज आधार निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित आधार सेवा केंद्र के संचालन और इसके क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिले का हर एक नागरिक महत्वपूर्ण है और इन सभी नागरिकों का आधार पंजीयन हो, यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी दशा में कोई भी नागरिक आधार पंजीयन से वंचित न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जिले के समस्त आधार सेवा केंद्रों के संचालक यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी दशा में एक भी फर्जी आधार पंजीयन ना हो, इसके साथ ही किसी भी नागरिक के आधार का गलत इस्तेमाल ना हो, इसका संवेदनशीलता के साथ पालन किया जाए। किसी आधार पंजीयन का गलत इस्तेमाल किये जाने पर संबंधित आधार सेवा केंद्र के संचालक के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले में नया आधार केंद्र खोलने के संबंध में चर्चा की गई। आने वाले समय में जिले में एक और आधार पंजीयन केंद्र संचालित किया जाएगा।

# पर्यावरण संरक्षण में जीवाश्म ईंधन सबसे बड़ी रोड़ा : हारुन मानिकपुरी

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने कहा कि जीवाश्म ईंधन के निष्कर्षण से वनों की कटाई, आवास विनाश और जल प्रदूषण होता है। जिससे जैव विविधता की हानि और परिस्थितिकी तन्त्र क्षरण हो रहा है। जीवाश्म ईंधन का निष्कर्षण और उत्पादन अक्सर स्वदेशी लोगों, स्थानीय समुदायों और पर्यावरण रक्षकों के अधिकारों का उलंघन करता है। जिन्हें भूमि कब्जा, विस्थापन, हिंसा, धमकी, अपराधीकरण का सामना करना पड़ता है। जीवाश्म ईंधन को गंभीर मानवाधिकार क्षति से जोड़ा जा सकता है। हारुन मानिकपुरी ने कहा कि वनों से रोज सैकड़ों हरी-भरी लकड़ियां काट दिया जाता है। बढ़ती हुई आबादी की जरूरतों के कारण एवं राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते पर्यावरण संरक्षण में लगे अधिकारी कर्मचारी बौने साबित होते हैं। एक बात और भी है अगर नगरीय निकाय क्षेत्र में निवासरत गरीब तबके के महिला एवं पुरुषों को उचित दर पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए तो काफी हद तक वनों के विनाश को रोकने में मददगार बनेगा।

मानिकपुरी ने एक बार फिर आम जनों से निवेदन करते और पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन को रोकने लिए ज्यादा आक्सीजन एवं दुषित वायु शोधन हेतु बरगद, पीपल,नीम,आम, अर्जुन (कहा) का पेड़ लगाने की अपील की है।

# सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना : प्रतिमाह मिलेगा 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ

## देश के एक करोड़ घरों की छतों पर सौर पैनल की स्थापना की जाएगी

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत देश के एक करोड़ घरों की छतों पर सौर पैनल स्थापना का लक्ष्य रखा है। योजना अंतर्गत प्रति माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। साथ ही 78 हजार रूपए तक की अधिकतम सब्सिडी एवं सस्ते ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। क्रेडा की जिला प्रभारी अधिकारी पूर्णिमा गुप्ता ने बताया कि शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को भी अपने अधिकार क्षेत्र में छत पर सौर प्रणाली को बढ़ावा देने प्रोत्साहित किया जाएगा। योजना से अधिक आय, कम बिजली और नवीन रोजगार सृजन होगा। नवीनीकृत ऊर्जा स्त्रोत के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि छतों पर सौर पैनल स्थापना के लिए हितग्राहियों को प्राप्त होने वाले अनुदान के अंतर्गत रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता एक से 2 किलोवॉट एवं 0 से 150 यूनिट विद्युत खपत होने पर 30 हजार से 60 हजार रूपए की राशि का अनुदान दिया जाएगा। इसी तरह रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता 2 से 3 किलोवॉट एवं 150 से 300 यूनिट विद्युत खपत हाने पर 60 हजार से 78 हजार रूपए का अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसी तरह रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता 3 किलोवॉट एवं 300 यूनिट से अधिक विद्युत खपत होने पर 78 हजार रूपए का अनुदान मिलेगा।

# चारभाटा में जस झांकी स्पर्धा के नतीजे घोषित

- झांकी में काकरेल को अव्वल ईनाम कई मंडलियों ने जीते आकर्षक पुरस्कार

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला अंतर्गत ग्राम चारभाटा ठेलकडीह में दो दिवसीय विराट देवी जस झांकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस स्पर्धा में झांकी वर्ग में पहला इनाम 7001 रुपए ओम नवरत्न सेवा जस झांकी परिवार ककरेल सोमनी को मिला, पुरुष रचना वर्ग में पहला इनाम 3000 रुपए श्री शिव शक्ति सेवा भजन मंडली पारीखुर्द भरेंगांव को दिया गया। इसी प्रकार महिला रचना वर्ग में प्रथम पुरस्कार 2001 रुपए जय मां सरस्वती बालिका जस जगराता बगघरा मंडली ओम नगर उरला वार्ड दुर्ग को मिला। प्रतियोगिता की विस्तृत नतीजे इस प्रकार हैं झांकी पक्ष में दूसरा इनाम अंजोरा, तीसरा अंडा, चौथा पटपर, पांचवा बेलोडी, छतवान सुपेला, सातवां चिखली की मंडली को मिला। पुरुष रचना वर्ग में दूसरा सुराडाबड़ी, तीसरा पचपेड़ी, चौथ डूमरडी कला, पांचवा चंदनपुर की मंडली को दिया गया। इसी प्रकार महिला रचना वर्ग में दूसरा ईनाम गोडरी, तीसरा जोरातरी चौथ डोमा, पांचवा कुर्सीडीह मंडली को मिला। विशेष पुरस्कारों की बात करें तो श्रेष्ठ दुर्गा बनने पर अंजोरा दानव पक्ष में अंडा, भगवा में जमरी, अनुशासन में करेठी, रचना में सलोनी धारा और वादन में सहसपुर जरवाही की मंडलियों को प्रत्येक 333 रुपए पुरस्कार प्रदान किया गया।

# भाजपा की सत्ता आते ही नागरिकों को भुगता रहा निगम प्रशासन : कुलबीर

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भाजपा सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदेश में संचालित राशन कार्डो के नवीनीकरण के पश्चात जिला प्रशासन के निर्देशन पर वार्डो में शिविर के माध्यम से नए राशन कार्ड का वितरण शुरू किया जा रहा है किन्तु चार से पांच-वार्ड का राशन कार्ड एक स्थान पर वितरण किया जा रहा है। इन हितग्राहियों को बुलाकर भटकाया जा रहा है। जिसको लेकर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने व्यवस्था सुधारने की मांग को लेकर आयुक्त को पत्र लिखा है। जानकारी देते हुए कुलबीर छाबड़ा ने बताया कि राज्य सरकार के आदेशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राज्य में प्रचलित राशन कार्डो का नवीनीकरण किया गया उसके पश्चात जिला प्रशासन के निर्देशन पर शहर के वार्डों में शिविर के माध्यम से नए राशन कार्ड का वितरण शुरू किया गया है। जिसके तहत शहर वार्डों में स्थल पर चयन कर एक स्थान से राशन कार्ड वितरित किया जाना चाहिए था, किन्तु निगम प्रशासन 04 से 05 वार्डों के नागरिकों को भटकाने को लेकर किसी एक वार्ड के स्थान से कार्ड का वितरण किया जा रहा है जिसके कारण दूसरे वार्ड के नागरिकों को अपने वार्ड से दूर जाकर राशन कार्ड लेना पड़ रहा है जिसके कारण नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ रही वहीं कई हितग्राहियों का राशन कार्ड बनकर नहीं आया है करके निगम कर्मचारियों द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। छाबड़ा ने साफ साफ शब्दों कहा है कि भाजपा राज आते ही निगम की इस कार्यप्रणाली से जनता के परेशानी का दौर निगम प्रशासन ने शुरू कर दिया है।

# जिला पंचायत के सीईओ ने मानपुर में किया प्रधानमंत्री आवास योजना का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता मोहला
www.dailypioneer.com



जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी में गत दिवस 27 फरवरी को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जनपद पंचायत मानपुर के दूरस्त क्षेत्रों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव सुरूचि सिंह के द्वारा ग्राम बसेली के आश्रित ग्राम सहपाल में हितग्राहियों का उन्नमुखीकरण एवं डोर-टू-डोर आवास का निरीक्षण कर हितग्राही कारजी राम, सरगो बाई, अहिरलाल एवं अन्य हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु प्रोत्साहित किया गया। मदनवाड़ा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम कलवर में भी डोर-टू-डोर निरीक्षण कर हितग्राही देहके बाई, गणपत राम इत्यादि से समन्वय कर आवास जल्द से जल्द समय सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सीतागांव में भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा निरीक्षण किया गया एवं उन्नमुखीकरण कर हितग्राहियों को जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने हेतु निर्देशत किया गया। ग्राम पंचायत बसेली जनपद पंचायत मानपुर में ठोस तरल अपशिष्ट निष्पादन शेड निर्माण किया गया है। पर कचरा संग्रहण नही हो रहा है। सीईओ जिला पंचायत के द्वारा कचरा संग्रहण हेतु निर्देशित किया गया है। निरीक्षण में जिले के प्रधानमंत्री आवास योजना के सहायक परियोजना अधिकारी, जिला समन्वयक आवास एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मुख्य कार्यालन अधिकारी जनपद पंचायत मानपुर, विकास खण्ड समन्वयक आवास, मनरेगा के तकनीकी सहायक तथा ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक भी उपस्थित रहे।

## सघन पल्स पोलियो अभियान 3 से 5 मार्च तक, बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने ट्रांजिट टीम का गठन

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में 3 से 5 मार्च 2024 तक सघन पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान अंतर्गत प्रथम दिवस 3 मार्च को जिले के निर्धारित कुल 478 बूथ पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाई जायेगी। 4 एवं 5 मार्च 2024 को घर-घर भ्रमण कर मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, प्रशिक्षु नर्सिंग व पैरामेडिकल छात्राओं द्वारा पिलाया जाएगा। कलेक्टर अग्रवाल ने जिले के सभी 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों से पोलियो बूथ में पहुंचकर अपने बच्चों को दवा पिलाने की अपील की है।

# लोक मंडई में शामिल हुए बिसेसर, कृषकों को नवाचार के लिए प्रेरित किया

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




राजनांदगांव जिले के ग्राम डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुसरा में तीन दिवसीय लोक मंडई का आयोजन किया जा रहा है। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने स्टॉल लगाए गए हैं। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता व नवाचारी कृषक बिसेसर साहू अतिथि के तौर पर शामिल हुए। बिससेर साहू कृषि के क्षेत्र में नवाचार के लिए जाने जाते हैं। उनकी उपलब्धियों पर उन्हें अब तक अलग-अलग पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। लोक मंडई कार्यक्रम में कृषि विभाग ने भी स्टॉल लगाकर कृषकों को नई योजनाओं और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर चर्चा की। बिससेर साहू ने इस मौके पर किसानों से चर्चा करते हुए उन्हें कृषि की तकनीक और वैज्ञानिक पहलुओं पर जानकारी साझा की। इस दौरान उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डे भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि - केंद्र की मोदी सरकार ने कृषि उत्पादों पर रियायतें बढ़ाकर किसानों को बड़ी सहूलियत मुहैया कराई है। समय के साथ कृषि में बड़ा परिवर्तन आया है। इसमें मशीनों की भूमिका तो बढ़ी ही है। इसके साथ ही नई - नई ब्रिड के साथ धान, दलहन-तिलहन और सब्जियों की खेती हो रही है। इसमें बड़ा मुनाफा भी किसानों के हिस्से आ रहा है। राज्य की भाजपा सरकार भी कृषकों को मजबूत बनाने के लिए काम कर रही है। धान का समर्थन मूल्य 31 सौ रुपए, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी किए जाने से भी बड़ा फायदा किसानों को मिला है। उन्होंने कृषकों को नवाचार के लिए प्रेरित किया।

## 01 मार्च को पंडित शिवकुमार शास्त्री की पुण्यतिथि

**राजनांदगांव।** प्रख्यात चिंतक व विचारक तथा भारतीय जनसंघ व भाजपा के पुरोधा वरिष्ठतम नेता पंडित शिवकुमार शास्त्री की 13वी पुण्यतिथि 01 मार्च 2024 को मनाई जायेगी, इस हेतु जिला भाजपा कार्यालय में पंडित शास्त्री जी को श्रद्धा-सुमन अर्पित करने की तैयारी शुरू हो गई है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि शास्त्री जी के भगीरथ प्रयत्नों से ही क्षेत्र में भाजपा की जड़े मजबूत हुई है। वे ज्योतिष शास्त्र के सुविख्यात विद्वान थे। उनसे परामर्श करने जनसंघ सहित भाजपा के तमाम नेता आते रहे है। ऐसे मनीषी की पुण्यतिथि पर पार्टी के कार्यकर्ता उन्हे जिला भाजपा कार्यालय में दोपहर 11.30 को श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उनके पार्टी कार्यालय में लगें प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।

**अमित जैन का लगातार विरोध , फिर भी वो पद में**

# डोंगरगढ़ में भाजपा चुनाव कार्यालय के शुभारम्भ में बवाल, मारपीट की नौबत, काले झंडे दिखाने की धमकी

पायनियर संवाददाता डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को भाजपा के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करने के साथ प्रभारियों के नामो की घोषणा करते हुए जवाबदारी दी गई। नगर पहुंचे लोकसभा के प्रभारी नारायण चंदेल, संयोजक मधुसुदन यादव, सह संयोजक नीलू शर्मा, दिनेश गाँधी ने कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। पं. दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता की पूजा अर्चना करने के बाद चुनाव प्रभारी, कार्यालय प्रभारी, शहर एवं ग्रामीण प्रभारी, चुनाव प्रक्रिया सम्बंधित विभिन्न जिम्मेवारी सौंपा गया। सभी अतिथियों ने लोकसभा चुनाव को लेकर दिशा निर्देश देने के साथ अपने विचारो को कार्यकर्ता के समक्ष रखा। लेकिन कार्यक्रम की शुरुआत के बाद डोंगरगढ़ के भाजपा कार्यकर्ताओं का गुस्सा बड़े नेताओं पर फुट पड़ा जिसके बाद वहां मारपीट की नौबत तक आ गई थी। कार्यक्रम में हरविदंर सिंग मंगे, अमित जैन, लक्ष्मीनारायण, प्रदीप बाघ, कुलवंत कक्कड़, पवन मेश्राम, महेन्द्र भाई पटेल, सुनील जैन, प्रकाश चौरडिया, संतु राव अन्ना, तुलसी मिश्रा, प्रकाश, महेन्द्र अग्रवाल, सत्यप्रकाश मिश्रा, राकेश अग्रवाल, प्रिंस कक्कड़, सुमित ताम्रकार, जसमीत सिंग, सहित अन्य उपस्थित थे।



### जारी सूची एवं अमित जैन का तगड़ा विरोध

विधानसभा चुनाव में हार के बाद लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ता की जानकारी के बिना प्रभारी बनाने और जिम्मेदारी सौंपने का कई कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ जनो ने विरोध किया और फिर से सूची बनाने की मांग की। वर्तमान सूची को लेकर जमकर विरोध हुआ। वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अतिथियों ने तालमेल बैठाकर पुन समीक्षा बैठक के माध्यम से सभी सहमति से नै सूची बनाने का आश्वासन दिया। कुछ कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव में विरोध में काम करने वाले लोगों ने घर में बैठकर अपने हिसाब से सुची बनाकर जिला कार्यालय को भेज दिया। लोकसभा चुनाव की जवाबदारी ऐसे लोगों को सौंपा गया जिन्होंने चुनाव में इमानदारी से काम नहीं किया था।

### पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष ने कहा काले झंडे दिखाएंगे

बीते दिनों कार्यालय उदघाटन में उपजे विवाद के बाद भारतीय



जनता युवा मोर्चा डोंगरगढ़ के पूर्व अध्यक्ष व् सदैव सक्रिय नेता प्रिंस कक्क ड़ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारे डोंगरगढ़ के छोटे से कार्यकर्ता ईमानदारी से पेट भरने वाला एक छोटा सा काम भी बता दे जो इनके बोलने भर से हो जाये तो इनको समझ नहीं आता की क्या काम बात बताये हैं और उन्ही कार्यकर्ताओं के सामने जब डोंगरगढ़ के चरित्रहीन लोग महिला उत्पीड़न में 3 महीने जेल में रहकर बेल में बाहर आये हो वो अगर 10 काम करवाने के लिए कागज़ ले के आते हैं तो उन्ही कार्यकर्ताओं के सामने उनके पुरे काम करते हैं और वो जहाँ बोलते हैं वहा तुरंत फ़ोन करके बोलते हैं की इनका काम हो जाना चाहिए। प्रिंस ने आगे लिखा कि अब अगर डोंगरगढ़ के कार्यकर्ताओं को मान सम्मान नहीं मिला तो इन्ही बड़े नेताओं को डोंगरगढ़ आने पर काले झंडे भी दिखाएंगे। जिसको जो करना है कर ले।


और पवन साय को घेरा, छुरिया में एबीवीपी और भाजपा में विवाद

जामवाल व रमन सिंह में मामले को गंभीरता से लिया

अमित जैन के कार्यकाल में सभी चुनाव हारा संगठन, नवाज से सांठगांठ के भी आरोप

### अजय जामवाल के आश्वासन के बाद भी नहीं बदला गया अध्यक्ष

दरअसल पूरा मामला भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित जैन से जुड़ा हुआ है जिन पर लगातार पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप लगते रहे है और ज्यादातर कार्यकर्ता उन्हें हटाने की मांग कर रहे है लेकिन जिलाध्यक्ष के संरक्षण की वजह से वो हटाए नहीं जा रहे है। जिसका खामियाजा अब आम कार्यकर्ताओं की नाराजगी के रूप में सामने आने लगा है । पायनियर ने इस मामले में पहले भी ख़बरों का प्रकाशन किया है । नौ साल से मंडल अध्यक्ष की कुर्सी पर काबिज अमित जैन के खिलाफ स्थानीय कार्यकर्ताओं विरोध दर्ज करते हुए जनवरी माह में डोंगरगढ़ प्रवास के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय जामवाल व् पवन साय का घेराव कर दिया था और मंडल अध्यक्ष अमित जैन को हटाए जाने की मांग की थी जिस पर अजय जामवाल ने कार्यकर्ताओं की बातों को गंभीरता से सुना था और शिकायतकर्ताओं के दल को रायपुर आकर मिलने की बात कही थी और मंडल अध्यक्ष को हटाने का आस्वाशन दिया था लेकिन अब तक कुछ हुआ नहीं ।

### अमित जैन के कार्यकाल में सभी चुनाव हारा संगठन, नवाज से सांठगांठ के भी आरोप

लगातार विवादों से घिरे डोंगरगढ़ मंडल अध्यक्ष अमित जैन के कार्यकाल में भाजपा दो बार विधानसभा चुनाव और दो बार नगर



पालिका का चुनाव भाजपा हार चुकी है। इसके अलावा भी मंडल अध्यक्ष अमित जैन पर तमाम आरोप लगते रहे हैं । डोंगरगढ़ के ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाम नहीं छापने की शर्त पर पायनियर को बताया कि पिछले दिनों एक शराब तस्कर को डोंगरगढ़ पुलिस ने पकड़ा था और नवाज खान के फोन करने के बाद भी उसे नहीं छोड़ा जा रहा था लेकिन फिर अमित जैन ने मध्यस्थता की और उस शराब तस्कर को छुड़ाया गया । इस मामले में कहीं ना कहीं लेनदेन किये जाने की भी बातें सामने आई हैं । मिली जानकारी के अनुसार चुनाव के समय असम से आये कुछ कार्यकर्ताओं से बदसलूकी के मामले में भी अमित जैन व् उनकी टीम का नाम सामने आया था जिसे लेकर अब स्थानीय कार्यकर्ता व् नेता अमित को हटाने की मांग पर अड़े हैं।

# विज्ञान को जानने के पहले भारत के प्राचीन इतिहास को जानना आवश्यक : विधायक रायमुनी भगत

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शासकीय राम भजन राय एन ई एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर नगर में छत्तीसगढ़ विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद ,रायपुर छत्तीसगढ़ के वित्तीय सहयोग से राष्ट्रीय विज्ञान सप्ताह अंतर्गत आज सातवाँ यानी समापन दिवस को रायमुनि भगत विधायक, जशपुर मुख्य अतिथि एवं डॉ विजय रक्षित के अध्यक्षता में लोकप्रिय विज्ञान वार्ता रखी गयी ।जिसमे विषय विशेषज्ञ के रूप में राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित डॉ वैधनाथ मिश्र, झारखण्ड एवं डॉ प्रशांत सिंह सहायक प्राध्यापक, वनस्पति द्वारा स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर आधारित आकर्षक व्याख्यान दिया गया। जिसमे महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने बहुत उत्सुकता से सुना एवं विषय विशेषज्ञ से अपने जिज्ञासावों को साझा किया। कार्यक्रम का विधिवत प्रारंभ मुख्य अतिथि रायमुनि भगत विधायक जशपुर, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित, एवं विशिष्ट अतिथियों के उपस्थिति में मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया ,प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं की सक्रियता एवं आकर्षक प्रदर्शन को प्रशंसा करते हुए उन्हें कार्यक्रम में सहभागिता से क्या लाभ होते हैं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिए । डॉ रक्षित ने कहा कि एशिया के सर्वप्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकटरमन ने 28 फरवरी 1928 को भौतिकी के क्षेत्र में रमन प्रभाव को देखा था इसलिए उनके सम्मान में तथा विज्ञान के प्रचार प्रसार हेतु सन 1987 से प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को अनवरत विज्ञान दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष पूरे भारत में इस दिवस को विकसित भारत 2047 के लिए स्वदेशी तकनीक की थीम पर आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि रायमुनि भगत, विधायक जशपुर ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शित प्रोजेक्ट एवं वेस्ट टू वेल अंतर्गत अनुपयोगी वस्तुओं से निर्मित डेकोरेशन सामग्री बनाने के लिए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी तथा विकसित भारत 2047 के लिए स्वदेशी तकनीक की उपयोगिता को अहम भूमिका बताई तथा विज्ञान की चौमुखी विकास की प्रशंसा करते हुए वर्तमान समय में भारत की प्राचीन पद्धति से भी सीख लेने की बात कही। कार्यक्रम के संयोजक प्रो डी आर राठिया ने बताया कि प्रोजेक्ट मॉडल बनाना एक गहन, व्यावहारिक अनुभव है जो जिज्ञासा जगाता है, रचनात्मकता का पोषण करता है, जीवन और कैरियर कौशल सिखाता है और हमें वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। पॉपुलर साइंस टॉक में प्रथम विषय विशेषज्ञ डॉ प्रशांत कुमार सिंह ने विकसित भारत 2047 के लिए सतत विकास की पद्धति को अहम बताया क्योंकि सतत विकास से प्राकृतिक स्रोत भविष्य के लिए भी सुरक्षित रहेगा एवं वर्तमान समय की जीवनशैली से कृषि, उद्योग और अन्य सेवाओं से पर्यावरण का लगातार नुकसान हो रहा है। समाज की सक्रिय भागीदारी, शिक्षा, जागरूकता और मूल्यांकन के द्वारा ही सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। द्वितीय विषय विशेषज्ञ राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित डॉ वैद्यनाथ मिश्र , खगोलशास्त्री लोहरदगा झारखंड ने "विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी" विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। इन्होंने प्राचीन भारतीय ग्रंथ ऋग्वेद एवं अथर्ववेद में विज्ञान के विषय वस्तु का उल्लेख किया। भगवत गीता के श्लोक को उल्लेख करते हुए बताया कि "ब्रह्म के समग्र स्वरूप को जानने के लिए ज्ञान विज्ञान को जानना चाहिए"। उन्होंने गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत के बारे में बताया कि न्यूटन द्वारा सिद्धांत दिए जाने के 600 वर्ष पूर्व ही भास्कराचार्य ने अपनी रचना "सिद्धांत शिरोमणि" में गुरुत्वाकर्षण के बारे में लिखा है। इसके पश्चात डॉ सीवी रमन की जीवनी और उनके कार्य रमन प्रभाव, रमन प्रभाव के उपयोग और भविष्य में रमन प्रभाव की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दिए। इन्होंने अंधविश्वास और विज्ञान के विषय में भी प्रकाश डाला। इसके अंतर्गत उन्होंने बताया कि कुछ जो परंपराएं हैं उनके वैज्ञानिक आधार भी है। इसी वजह से भारतीय विज्ञान की दिशा को मूल से शिखर की ओर कहते है।

# पिता के मरते ही कलयुगी बेटे ने बदला रंग

## मां व बहन को खेदकर घर पर किया कब्जा, दर-दर भटकने को मजबूर मां-बेटी

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनदर्शन में जिले के तमनार थाने क्षेत्र से एक पीड़िता अपनी बेटी के साथ पहुंची। जहाँ पति के देहांत के बाद पुत्र द्वारा मेरे घर में कब्जा कर मेरी बेटी को गुमराह किया गया जो बाद में माफी मांग कर मेरे साथ रहने बाद में मुझे और मेरी बेटी को 2 अगस्त 2022 घर से निकाल दिया हम दोनों माँ बेटी दर-दर भटक रहे हैं। महिला ने बताया कि उसने इस मामले की शिकायत तमनार थाने में लिखित में आवेदन किया था जिसके छाया प्रति आवेदन के साथ संलग्न है मेरी तमनार थाने में भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है गांव में मितानिन का नौकरी करती हूं गांव जाने से मुझे पुत्र प्रमोद राठिया सरेआम गाली गलौज करता है जिसके वजह से 2 साल से हम दर्द झेल रहे और भटक रहे हैं। नौकरी भी नहीं कर पा रही हूं मेरे बेटे का पढ़ाई लिखाई 2 साल से अब तक नहीं हो पाया है मेरे पुत्र द्वारा मेरे घर को कब्जा कर मेरी बेटी का स्कूल का सारा अंक सूची और मेरी बेटी का कपड़ा को जला दिया गया। जिसके कारण सब अज्ञात है साथ ही उसने मेरे घर में रखा हुआ एक्टिवा, स्कूटी, साड़ी, बर्तन, सिलाई मशीन, फ्रिज, कूलर, दोनों पंखा,तीन सोने चांदी के आभूषण, लगभग एक लाख रूपए साइकिल, दोनों टीवी एवं एंटीना आदि को बेचकर कृपया सूची अनुसार मेरे सामानों को दिलवा दिया जाए। मेरी बेटी का स्कूल का सारा अंक सूची दसवीं तक का दिलवा दे में मेरे घर में मेरे पुत्र द्वारा महुआ का दारू बनाया जाता है जिसका गांव के कुछ लोग साथ देते हैं मेरे बारे में मेरे पुत्र एवं गांव के कुछ लोग गलत अफ्वाह फैला रहे हैं मेरे पुत्र प्रमोद राठीया द्वारा पति को देहांत के बाद उन्होंने कब्जा कर हमें बेदखल किया गया जिसका मुख्य कारण मेरा घर है। जिसका अनुमानित बिक्री मूल्य 2.50 करोड़ है मेरे पुत्र का साथ मेरे गांव वालों द्वारा दिया जा रहा है जिसके साथ मेरे रिश्तेदार भी शामिल है अतः हमारी स्थिति को ध्यान में रखते हुए घर को कोई मुझे दिलाया जाए जिससे मैं मितानिन का काम कर सकूं साथी मेरा गांव मेरी बेटी का पढ़ाई अपना भविष्य बना सके हाथ जोड़कर विनती करती हूं कि मेरे इस विषय में इसे ध्यान देकर हमें चैन से जीने दिया जाए।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धमतरी के जिला कार्यकारणी की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल पूरे देश में हिंदू समाज का नेतृत्व करता है और देश भर मे हिंदुओ को संगठित करना, भारतीय संस्कृति, सभ्यता को संरक्षित कार्य हिंदू समाज तथा देश की निरंतर सेवा का कार्य करता रहा है। अभी वर्तमान में राम मंदिर निर्माण, का कार्य पूरे देश में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा संपन्न हुआ। पूरे देश में लव जिहाद, धर्मांतरण,गौ तस्करी, को रोकने में संगठन का अहम योगदान रहा है। संगठन के कार्य को लगातार जिला में विस्तार किया जा रहा है जिससे जिलें के लगभग सभी नगरए ग्रामो तक विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की टीम का विस्तार हो चुका है आज धमतरी जिला विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धमतरी के कार्यकारणी का बैठक रखा गया जिसमे विभाग मंत्री उत्तम वर्मा राजिम विभाग की उपस्तिथि में धर्मांतरण करने वाले पास्टरो के खिलाफ़ कारवाही करने, और लव जिहाद की साजिश करने वाले जिहादियों के खिलाफ़ कारवाही करने तथा संगठन में प्रशिक्षण को मजबूत कर समाज के हर वर्ग को संगठन के साथ जोड़ने की योजना बनाई गई। साथ ही जिले तथा प्रखण्डो में नए कार्यकर्ताओं को पदभार दिया गया जिसमे मुख्य रूप से जिला मे कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर दीपक ठाकुर, जिला सह संयोजक रजनीकांत देवांगन, जिला उपाध्यक्ष महिला गायत्री सोनी, सह विशेष सम्पर्क प्रमुख विजय मिश्रा, जिला प्रचार प्रमुख, योगेन्द्र साहू, नगर अध्यक्ष कैलाश बकतानीए देवेंद्र ध्रुवंशी अखाड़ा प्रमुख आयुष पात्रे सह संयोजक, प्रेम राव सह संयोजक, मानव यादव गौ रक्षा प्रमुख, जतिन देवांगन संपर्क प्रमुख दुर्गेश साहू विद्यार्थी प्रमुख के साथ नगर प्रखण्ड और जिलें में महत्वपूर्ण पदों पर विभाग मंत्री उत्तम वर्मा के द्वारा दायित्व सौंपा गया।

# उल्लास- नव भारत साक्षरता कार्यक्रम राज्य में प्रारंभ, शामिल हुए धमतरी के एक नोडल अधिकारी व तीन स्त्रोत व्यक्ति

## जन जन साक्षर थीम पर राज्य स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



जन जन साक्षर थीम पर आधारित उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का शुभारंभ 26 फरवरी को एससीईआरटी में हुआ जिसमें जिला अधिकारियों एवं स्त्रोत व्यक्तियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ एससीईआरटी व एसएलएम डायरेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा (भाप्रसे) असिस्टेंट डायरेक्टर जेपी रथ, एसएलएमए असिस्टेंट डायरेक्टर प्रशांत कुमार पाण्डेय, अमन गुप्ता कंसल्टेंट सीएनसीएलए एनसीईआरटी, भावना खेरा सीएनसीएलए एनसीईआरटी, एसएलएम, असिस्टेंट डायरेक्टर दिनेश कुमार टांक, इन्चार्ज एससीएल डीपी वर्मा के द्वारा सरस्वती माता की प्रतिमा में पुष्प गुच्छ व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। राज्य स्तरीय एससीईआरटी के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में धमतरी से डीपीओ केके साहू, जिला नोडल आकाश गिरी गोस्वामी स्त्रोत व्यक्ति प्रीति शांडिल्य व संजय पाल शामिल हैं। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एससीईआरटी व एसएलएम डायरेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा भाप्रसे ने कहा राज्य में अगले चार साल में क्या करना है इसका योजना हमें बनाना है और हमें अपने राज्य में क्या करना है इसके हिसाब से करना है। और जो क्षेत्र में प्रचलन में है उसे इस कार्यक्रम में शामिल करना है। हमें इस कार्य में जुडे वालेंटियर को प्रेरित भी करना है जिससे इस कार्यक्रम का उद्देश्य सेतु का कार्य करे। आगे कटारा ने कहा कि हम सबको एक व्यक्ति को साक्षर करना है तभी हम सबको साक्षर कर पाएंगे। सहायक संचालक जेपी रथ ने कहा हमें इस कार्यक्रम में मिलकर कार्य करना है तभी सफलता मिलेगी। आगे कहा असाक्षरों को इतना साक्षर कर दें कि उन्हें अपने अधिकारों व कर्तव्यों के साथ कैसे जीना है यह समझ पाए। इन्ही अनेक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की शुरुवात छत्तीसगढ में की जा रही है।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से सब्जी व्यवसायी की मौत

## एनएच 49 में मांड नदी पुल के पास हुआ हादसा

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले की खरसिया विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार की सुबह एनएच 49 में अज्ञात वाहन की ठोकर से बाईक सवार एक ग्रामीण की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये खरसिया अस्पताल भेज दिया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खरसिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चपले निवासी मोतीलाल पटैल पिता भगवान दीन पटैल 29 साल मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 4 बजे चपले से सब्जी लेने के लिये पटेलपाली सब्जी मंडी की ओर जा रहा था। बाईक सवार ग्रामीण जब रक्सापाली गांव के पास पहुंचा ही था कि मांड नदी पुल के पास एक अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार ग्रामीण मोतीलाल पटैल को जोरदार ठोकर मार दी।

# एसडीएम गगन शर्मा का बस्तर तबादला प्रवीण तिवारी होंगे रायगढ़ के नये एसडीएम

**रायगढ़।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य सरकार ने एक बार फिर से राज्य प्रशासनिक अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत 14 अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। जिसमें रायगढ़ के दो डिप्टी कलेक्टर गगन शर्मा, एवं रमेश कुमार मोर जो कि वर्तमान में एसडीएम के पद पर पदस्थ हैं उनका अन्यत्र जिला तबादला हुआ है। राज्य सरकार के द्वारा जारी आदेश के तहत रायगढ़ एसडीएम गगन शर्मा को बस्तर भेजा गया है ।

# अवैध रेत उत्खनन और ईंट भट्ठों पर करें सख्त कार्यवाही : कलेक्टर अजीत वसंत

## समय सीमा की बैठक में हुई विभागीय कार्यों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◀ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने समय सीमा की बैठक में सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि जिले में कोई भी ईंट भट्ठा अवैध रूप से संचालित न हो। उन्होंने स्वीकृत रेतघाटों के अतिरिक्त होने वाले अवैध रेत उत्खनन पर भी कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर वसंत ने टीएल के संबंधित पत्र, विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और अन्य गतिविधियों पर चर्चा की। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में होने वाले राखड़ परिवहन पर नजर रखने और नियम विरुद्ध राखड़ परिवहन करने पर संबंधित वाहन पर कार्यवाही के निर्देश एसडीएम, पर्यावरण अधिकारी, परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागों में डीएमएफ अन्तर्गत मांगी गई जानकारी प्रस्तुत करने, निरस्त किये गए कार्यों और अप्रारंभ कार्यों की राशि जमा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कोई भी स्कूल भवन विहीन न हो और जो भी जर्जर स्कूल हैं उसकी मरम्मत अवश्य कराई जाए। उन्होंने ऐसे स्कूल भवन जो 15 साल से अधिक पुराने हैं और जर्जर हो चुके हैं ऐसे स्कूलों के लिए नए भवन हेतु डीएमएफके माध्यम से स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। जिले में आवश्यकता वाले ऐसे स्कूलों को चिन्हित कर प्रस्ताव उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युतीकरण, पहुँचमार्ग के लिए आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

# खेले गए तीन मैच में बालको इलेवन, स्वास्थ्य विभाग इलेवन व मेयर इलेवन ने दर्ज की जीत

- स्वास्थ्य विभाग इलेवन से डॉ. सुमित ने अपनी टीम के लिए खेली शानदार पारी खेली

पायनियर संवाददाता ◀ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा अंचल के घंटाघर मैदान में आयोजित स्व. केशव लाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2024 के चौथे लगातार तीन मैच खेले गए। पहला मैच शाम 04.00 बजे बालको इलेवन और सीएसईबी पश्चिम इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें प्रतियोगता में इस वर्ष का सर्वाधिक स्कोर 206/4 रन बालको इलेवन की टीम ने बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसईबी पश्चिम इलेवन की टीम निर्धारित ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर महज 119 रन ही बना सकी। इस तरह मैच बालको इलेवन ने 87 रन से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच बालको इलेवन के ज्योतिष सिन्हा चुने गए, उन्होंने 29 गेंद पर 14 छक्के और 2 चौके की मदद से 98 रन बनाए।

दूसरा मैच शाम 06.00 बजे स्वास्थ्य विभाग इलेवन और वन विकास निगम इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 178/6 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वन विकास निगम इलेवन की टीम निर्धारित ओवर तक मैच खेलते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 120 रन ही बना सकी। इस तरह स्वास्थ्य विभाग इलेवन ने मैच जीत लिया, जिसमें मैन ऑफद मैच डॉ. सुमित को चुना गया। तीसरा मैच रात 08.00 बजे मेयर इलेवन और कलेक्टर इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें कलेक्टर इलेवन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 136 रन बनाए। मेयर इलेवन टीम के ओपनर बल्लेबाजों ने धुआंधार बल्लेबाजी की। जिससे 10वें ओवर में टीम ने लक्ष्य हासिल करते हुए 8 विकेट से मैच जीत लिया।

# पुलिस अधीक्षक ने ली डीजे, साऊंड सिस्टम, एम्पली संचालकों की बैठक

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा मान.उच्च न्यायालय के गाईड लाईन एवं कोलाहल नियंत्रण अधिनियम में दिए गए प्रावधानों एवं आगामी होने वाले बोर्ड परीक्षा को मद्देनजर रखते हुए डीजे संचालकों एवं साउंड सिस्टम, एम्पली संचालकों की बैठक ली गई। शहर के मैरिज पैलेस एवं मैरिज गार्डनो में वृहद संख्या में वैवाहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें संचालकों द्वारा तेज आवाज में डीजे एवं साउंड सर्विस, एम्पली का संचालन किया जा रहा है जिसमें छात्र छात्राओं, बीमार व्यक्ति एवं आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है साथ ही डीजे व धुमाल से निकलने वाले तीव्र ध्वनि के कारण आम नागरिक एवं आसपास के रहवासियों को भी परेशानी का सामना करना पडता है। जिसके लिए सभी संचालकों को निर्देशित किया गया की वे माननीय उच्च न्यायालय के गाईड लाईन एवं कोलाहल नियंत्रण अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के तहत रात्रि 10 बजे के बाद डीजे धुमाल बजाना पूर्णता प्रतिबंधित रहना एवं कार्यक्रम बुकिंग के बाद नियमानुशार पूर्व अनुमति प्राप्त करने के संबंध में निर्देशित किया गया हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा डीजे, साउंड सर्विस संचालकों से अपने सुझाव भी मांगे जिसपर उन लोगों के द्वारा भी अपना सुझाव रखा गया की हम दिये गए निर्देशों के पालन करते हैं लेकिन हमें आयोजक समितियों द्वारा दबाव डाल के 10 बजे के बाद भी चलाने के लिए दबाव डाला जाता है। उनके तरफ से यह भी प्रस्ताव रखा गया कि मैरिज ग्राउंड, वैवाहिक भवनों द्वारा ऐसा भी कर सकते हैं कि डीजे एवं साउंड सर्विस के लिए अलग से विद्युत कंनेक्शन दें जिसको वो 10 बजे के बाद स्वंय से बंद कर दें। कार्यक्रम आयोजन समिति एवं वैवाहिक भवनों एवं मैरिज ग्राउण्ड के संचालको को भी नियमों एवं शर्तों के बारे में निर्देशित करने एवं अवमानना पर उनके विरुद्ध भी कार्यवाही करने के सुझाव दिये गए जिस पर आगे भी मैरिज ग्राउंड जवं वैवाहिक भवनों के संचालकों से चर्चा करने कि बात कही गई।

# धान खरीदी केन्द्र में हाथियों ने धान की बोरियों को पहुंचाया नुकसान

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में गर्मी शुरू होते ही एक बार फिर से जंगली हाथियों का उत्पात शुरू हो चुका है। रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र के अलग-अलग गांव में बीती रात जंगली हाथियों ने आधे दर्जन से अधिक किसानों की फसलों को क्षति पहुंचाया है। साथ ही धान खरीदी केन्द्र में भी दो जंगली हाथियों ने चार बोरी धान की बोरियों को नुकसान पहुंचाया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गर्मी शुरू होते ही रायगढ़ जिले के जंगलों में विचरण कर रहे जंगली हाथियों का रूख गांवों की ओर हो जाता है। भोजन और पानी की तलाश में भटकते-भटकते जंगली हाथी कभी भी गांव में दस्तक देकर जमकर तबाही मचाते हुए वापस जंगलों में लौट जाते हैं। इसी क्रम में रायगढ़ जिला मुख्यालय से तकरीबन 15 किलोमीटर दूर बंगुरसिया गांव के धान खरीदी केन्द्र में बीती रात दो जंगली हाथियों ने दस्तक दी। जहां जंगली हाथियों ने धान खरीदी में रखे 4 बोरी धान को नुकसान पहुंचाया है।

**खेतों की हरियाली से आकर्षित होते हैं हाथी-**गांव के ग्रामीणों ने बताया कि पतझड़ लगते ही जंगली हाथी गांव तक पहुंचते हैं। खेतों में लगी हरी भरी फसल के अलावा धान की खुशबू जंगली हाथियों को अपनी ओर आकर्षित करती है। जिससे हाथी के द्वारा फसल नुकसान की घटनाएं सामने आते रहती है।

**धान की बोरियो को अंदर रखने कहा गया** - वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि बंगुरसिया धान खरीदी केन्द्र में 30 से 40 बोरी धान बाहर में रखा हुआ था। बीती रात जंगली हाथियों ने यहां चार बोरी धान को नुकसान पहुंचाया है। सुबह धान खरीदी केन्द्र के लोगों को धान को अंदर रखने को कहा गया है। आशंका जताई जा रही है कि मंगलवार की रात को भी जंगली हाथी धान खरीदी केन्द्र तक पहुंच सकते हैं।

**82 जंगली कर रहे विचरण-**एक जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ और छाल रेंज में इन दिनों 67 जंगली हाथियों का दल अलग-अलग विचरण कर रहा है, इस दल में 14 नर, 36 मादा और 17 शावक शामिल है। इसमें छाल के कुडेकेला में 14, छाल में 12, लैलूंगा के चिंगारी में 15 के अलावा बोरो में 12 जंगली हाथी की मौजूदगी है। इसके साथ ही अलग-अलग गांवों में भी जंगली हाथियों की मौजूदगी है। इसी तरह रायगढ़ वन परिक्षेत्र के जंगलों में इन दिनों 15 जंगली हाथी विचरण कर रहे हैं जिसमें 7 नर, 5 मादा व 3 शावक शामिल है। रायगढ़ और धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र को मिलाकर जिले में 82 जंगली हाथी विचरण कर रहे हैं।

**फसलों का नुकसान-**जंगली हाथियों ने बीती रात आमापाली में धान की फसल, नागदरहा में धान की फसल, बांसाझार में धान की फसल, लैलूंगा रेंज के गंजपुर में दो किसानों की आलू और गेंहू की फसल को नुकसान पहुंचाया गया है। इसी तरह रायगढ़ वन परिक्षेत्र के बंगुरसिया में जंगली हाथी ने धान की बोरी के अलावा मुंगफली की फसल को नुकसान पहुंचाया है।


## यूवी एसेट रिकन्सट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ("यूवीएआरसीएल")

**कॉर्पोरेट कार्यालयः 1304, चिरंजीव टॉवर, 43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली – 110 019**

**बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

प्रतिभूतिकरण व वित्तीय परिसम्पत्तियों के पुनर्निर्माण व सुरक्षा हित अधिनियम के क्रियान्वयन अधिनियम, 2002, जिसे सुरक्षा हित (क्रियान्वयन) नियम 2002 के नियम 6, 7, 8 एवं 9 के अनुसार यह बिक्री सूचना सार्वजनिक की जाती है। निम्नलिखित सम्पत्ति का कब्जा लेने के बाद यूवी एसेट रिकन्सट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, (यूवीएआरसीएल), एक एसेट रिकन्सट्रक्शन कंपनी जो कि भारतीय रिजर्व बैंक से सरफेसी अधिनियम 2002 के अंतर्गत पंजीकृत, ने अपने सुरक्षित ऋण की वसूली के लिए निम्नलिखित उधारकर्ता के साथ नीचे विस्तारित जमानतदार की सम्पति बेचने के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्णय लिया गया। **"जो है जैसा है, जहां है वहां है व जैसा है वैसा है"** के आधार पर अधोहस्ताक्षरी इच्छुक क्रेताओं व बोली लगाने वालों से निम्न वर्णित सम्पतियों के खरीद के लिए बन्द लिफाफे में आवेदन आमन्त्रित की जाती है।

| खाता/कर्जदार/बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना के अनुसार दावा राशि | सम्पत्ति/यों का विवरण | आरिक्षत मूल्य / धरोहर राशि (10%) | कब्जे की स्थिति |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| उधारकर्ता – **मैसर्स बीएसआर डायग्नोस्टिक लिमिटेड** (पंजीकृत कार्यालयः 15, वाणिज्यिक परिसर, नेहरू नगर (एफ), भिलाई, जिला दुर्ग (सीजी) पिन–462020) और इसके 'गारंटर' | **रु. 66,67,45,675/– (रु. छियासठ करोड सडसठ लाख पैतालीस हजार छः सौ पचहत्तर केवल) दिनांक 30.04.2017 तक और दिनांक 01.05.2017 से उक्त राशि पर संविदात्मक दरों से आगे का ब्याज, आकिस्मक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि, बाद का क्रेडिट घटकार यदि कोई हो** | परिवर्तित रिहायशी प्लॉट नं. 15, टाईप ए-1, खसरा नं. 7/35 का हिस्सा, वीआईपी सिटी, कुशा भाऊ ठाकरे वार्ड, वार्ड नं. 26, मौजा सड्डू, रायपुर (सी जी) साथ ही उस पर निर्माण भी, यह सम्पत्ति डॉ. मनमोहन कुमार खंडूजा पुत्र डी.पी खंडूजा के नाम पर है। भूमि क्षेत्रफल 2400 वर्ग. फुट. (40'x60'), प्लिंथ क्षेत्रफल 1006 वर्ग फीट, चौहद्दीः पूरब में - रोड, पश्चिम में - प्लॉट नं. एफ-2, उत्तर में - प्लॉट नं. ई-3, दक्षिण में - प्लॉट नं. ई-1 | **Rs. 86,00,000/-** / **Rs. 8,60,000/-** | दिनांक 12.02.2024 को भौतिक कब्जा लिया गया |

**संपत्तियों के निरीक्षण की तिथि और समयः 01.03.2024 से 14.03.2024 को प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच**
**प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि और स्थानः यूवी एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, 1304, चिरंजीव टॉवर, 43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 पर 16.03.2024 को दोपहर 02.00 बजे तक**
**निविदाएं खोलने की तिथि और स्थानः कॉर्पोरेट कार्यालय अर्थात यूवी एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, 1304, चिरंजीव टॉवर, 43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 पर 16.03.2024 को शाम 04.00 बजे तक**

**नियम व शर्तें**
बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.uvarcl.com पर उपलब्ध हैं।
किसी भी प्रश्न के लिए आप कृपया प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक के बीच 9319164656, 9477305326 पर संपर्क कर सकते है या resolutionteam@uvarcl.com, uvarcl@gmail.com पर लिखें।
*यह उक्त वर्णित सम्पति के ऋणी/गारंटर को भी अधिसूचना है कि उनका बताये गये ऋण के पूरा भुगतान न होने की स्थिति मे उक्त वर्णित सम्पति की नीलामी हो रही है।*

दिनांकः 29-02-2024,
स्थानः रायपुर

हस्ता/–
प्राधिकृत अधिकारी,
(यूवी एसेट रिकन्सट्रशन कंपनी लिमिटेड)

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहलः बेलतरा क्षेत्र के 12 गांवों को अब मिलेगा सिंचाई का पानी

## खारंग जलाशय के समीप के 12 गांवों को पानी देने बजट में लिफ्ट एरिगेशन का प्रावधान

**किसानों ने विधानसभा पहुंचकर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार जताया**

**सिंचाई सुविधा की वर्षों पुरानी मांग होगी पूरी, 2500 एकड़ में किसानों को मिलेगी सिंचाई की सुविधा**



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर जिले के बेलतरा क्षेत्र के 12 गांवों की खेती-किसानी अब बिलकुल बदल जाएगी, यह पूरा क्षेत्र लहलहा उठेगा। खेतों में सिंचाई लिफ्ट इरीग्रेशन सिस्टम से की जाएगी। इस सिस्टम से खारंग जलाशय से 2500 एकड़ में सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के पहले बजट में बेलतरा क्षेत्र के खारंग जलाशय के नजदीक के 12 गांवों को लिफ्ट एरिगेशन योजना के जरिए सिंचाई का पानी देने के लिए किए गए बजट प्रावधान से इन ग्रामीणों में वर्षों पुरानी अपनी मांग के पूरा होने का विश्वास जगा है। इन उत्साहित ग्रामीणों ने राजधानी रायपुर में विधानसभा पहुंचकर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री श्री साय से मुलाकात की और बजट प्रावधान करने के लिए उनके प्रति आभार प्रकट किया। गौरतलब है कि बेलतरा क्षेत्र के नेवसा, गिधौरी, कर्रा, जाली, टेकर, गढ़वट, अकलतरी, बाम्हू, बेलतरा, कड़री, सलखा, लिम्हा (लिम्हा जलाशय) खारंग जलाशय के नजदीक हैं, वर्षों से यहां के किसान खेतों में पानी पहुंचाने की मांग करते रहे, लेकिन इन्हें सिंचाई की सुविधा नहीं मिली। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बजट में प्रावधान करने के बाद इन गांवों में पानी पहुंचाने के लिए नेवसा उद्वहन सिंचाई योजना का निर्माण किया जाएगा इससे इन गांवों की 2500 एकड़ जमीन की सिंचाई हो सकेगी। अधिकारियों ने बताया कि उद्वहन सिंचाई योजना में लगभग 45 करोड़ रूपए की लागत आयेगी। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप, विधायक अजय चन्द्रकार, भैइयालाल राजवाड़े, गोमती साय, अनुज शर्मा, गजेन्द्र यादव भी इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इन ग्रामीणों का स्वागत करते हुए कहा कि आपके आशीर्वाद से नई सरकार बनी है। यह किसानों की हितैषी सरकार है। हमारा देश कृषि प्रधान है। अधिकांश लोग खेती से जुड़े हैं। सिंचाई सुविधा मिलने से आप लोग और बेहतर तरीके से खेती कर सकेंगे। राज्य सरकार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी कर रही है, 3100 रूपए प्रति क्विंटल दाम भी देंगे। अभी किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान किया गया है। अंतर की राशि भी एकमुश्त जल्द ही दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी की सरकार में किसान क्रेडिट कार्ड योजना प्रारंभ हुई। किसानों को बिना किसी ब्याज पर ऋण की सुविधा मिली। पहले महाजनों से कर्ज लेना पड़ता था और मूलधन का डेढ़ गुना चुकाना पड़ता था। किसान क्रेडिट कार्ड से किसानों को सुविधा हुई। फसल बीमा योजना का सरलीकरण भी उन्हीं के कार्यकाल में हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों की आय दोगुना करने के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई है। कृषि मंत्रालय का नाम बदलकर कृषक कल्याण मंत्रालय कर दिया गया है। आधुनिक खेती की जानकारी देने के लिए किसान चैनल प्रारंभ किया गया है। पीएम सिंचाई योजना शुरू की गई। पशुपालन एवं मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होगी। 12 गांवों को सिंचाई सुविधा मिलने से दो फसल ले सकेंगे। किसानों की आय बढ़ेगी।

# जशपुर साहू परिवार के अरबों की जमीन पर जमकर हुआ फर्जीवाड़ा, जन्म लेने से पहले हो गई रजिस्ट्री

## दाखिल खारिज के मुताबिक जन्म 1956 में हुआ, रजिस्ट्री नाम से 1954 में हो गई



पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

खाली पड़ी कीमती जमीनों पर गिद्ध की नजर राजस्व अमला और जमीन के कारोबारियों की आज से नहीं है। बहुत पहले से यह होता आ रहा है। इसका एक जिंदा उदाहरण और कूटरचना का मामला जशपुर जिला मुख्यालय में सामने आया है। बताया जा रहा है कि 80 के दशक में मध्यप्रदेश राज्य होने के दौरान जशपुर क्षेत्र में कोई प्रभावशील पटवारी पदस्थ थे जिन्होंने जशपुर के एक साहू परिवार की वर्तमान में करोड़ों, अरबों के कीमत की जमीन को कूटरचना कर अपने परिवार वालों के नाम कर दिया था। इसकी जानकारी सामने आने पर जब साहू परिवार के वर्तमान वारिसान इसकी तफ्तीश में जुटे तो उन्हें कई चौंकाने वाले पहलुओं से सामना हुआ। नगर पालिका क्षेत्र के महावीर वार्ड से बाकी नदी के आसपास लगी लगभग 4 एकड़ जमीन को एक व्यक्ति के नाम उसके जन्म से पूर्व कागज बनाया गया था। इस बात को जमीन के वारिसान और आवेदक गंगामुनी बाई के पुत्र श्रीराम साहू ने सरकारी दस्तावेज से प्रमाड़ित कर सामने लाया है।

### यह है मामला

मुख्यमंत्री के द्वारा गरीब परिवारों की जमीन (90एकड़) के फर्जीवाड़ा के जांच के लिए कलेक्टर जशपुर को निर्देशित किया गया है। फर्जीवाड़ा की जानकारी प्राप्त होने पर फर्जीवाड़ा बड़े पैमाने पर होना प्रतीत हो रहा है एक व्यक्ति नाम फकीर जिसका जन्म 19/07/1956 को हुआ है और उसके द्वारा जमीन को 29/ 11/ 1954 को अपने नाम पर रजिस्ट्री कराया गया। जन्म से पहले जमीन को कोई कैसे खरीद सकता है? इतना बड़ा फर्जीवाड़ा जशपुर राजस्व विभाग के द्वारा किया गया है।

### दाखिल खारिज से खुलासा

फकीर राम के जन्म और जमीन के बनाए गए कागजात से तिथियों के मिलान करने से यह बात सामने आई कि फकीर के जन्म से पहले जमीन का कागज बनाने का फर्जीवाड़ा किया गया था। जशपुर के बालक स्कूल वर्तमान आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल से जानकारी निकाले जाने पर दाखिल खारिज में फकीर की जन्मतिथि 11 जुलाई 1956 है। जबकि सरकारी दस्तावेज बनाए जाने की तिथि 29 नवंबर 1954 है जिसमें फकीर के नाम जमीन का जिक्र किया गया है। वर्तमान में फकीर के परिवार के पास जमीन की रजिस्ट्री के कोई कागजात भी उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

### मुख्यमंत्री करा रहे हैं जांच

जमीन के वारिसान ने बताया कि मामले की जांच की गुहार मुख्यमंत्री से की गई थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने जशपुर कलेक्टर को मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

# मूल पदस्थापना स्कूलों के लिए शिक्षकों को कार्यमुक्त करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर से गैर शैक्षणिक कार्यो में संलग्न शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों को उनके मूल पदस्थापना स्कूल हेतु कार्यमुक्त किए जाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालक लोक शिक्षण, सभी संभागायुक्त, जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारियों से कहा गया है कि शासन के निर्देशानुसार गैर शिक्षकीय कार्यो में संलग्न सभी शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों का संलग्नीकरण तत्काल समाप्त कर, उन्हें उनके मूल पदस्थापना शाला में अध्यापन कार्य हेतु कार्य मुक्त किया जाए। संलग्नीकरण समाप्त किए जाने संबंधी प्रमाण पत्र सात दिवस के भीतर संचालक लोक शिक्षण को अनिवार्यतः प्रेषित करें। इस निर्देश का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करें। जारी निर्देश में यह भी उल्लेख किया गया है कि राज्य शासन को बहुधा यह शिकायत प्राप्त होती है कि स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक संवर्ग के कर्मचारी गैर शिक्षकीय कार्य हेतु विभिन्न कार्यालयों एवं संस्थाओं में संलग्न है, गैर शिक्षकीय संलग्नीकरण से शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने इस संबंध में स्कूल शिक्षा सचिव को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा था कि संभागायुक्त एवं जिला कलेक्टरों को निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

# राजिम कुंभ मेला स्थल में यूनिसेफ एवं एनएसएस वालंटियर ने कुपोषण मुक्त पंचायत और प्लास्टिक मुक्त छत्तीसगढ़ का दिया संदेश



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजिम कुंभ कल्प 2024 मेला स्थल में यूनिसेफ एवं एनएसएस वॉलंटियर के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 27 से 29 फरवरी तक चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत वालंटियर द्वारा कुपोषण मुक्त पंचायत एवं प्लास्टिक मुक्त छत्तीसगढ़ का संदेश दिया जा रहा है। स्वयं सेवकों द्वारा आओ मिलकर कुपोषण दूर भगाए, प्लास्टिक हटाओ जीवन बचाओ के नारे से लोगो को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही शिशु संरक्षण माह के तहत शिशु के देखभाल और टीकाकरण के महत्व को भी बताया जा रहा है। इसी थीम पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को कुपोषण मुक्त कराना, गर्भवती महिलाओं के लिए आयरन की दवाई, गरम भोजन, एएनसी जांच के महत्व का प्रचार-प्रसार करना है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम की भूमिका के बारे में भी विस्तार से जानकारी दिया जा रहा है।

# मां के पार्थिव शरीर को मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने दिया कंधा, अंतिम यात्रा में शामिल हुए मंत्री, विधायक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की मां पिस्तादेवी का मंगलवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को उनके निवास स्थान मौलश्री विहार से निकली। मां की पार्थीव शरीर को मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कांधा दिया। इस दौरान उनके परिजन मौजूद थे। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मंत्रीगण, विधायकगण और सांसदों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# टेकलगुडेम और पूवर्ती गांव के लोगों ने विधानसभा का किया भ्रमण



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

टाप नक्सली कमांडर हिड़मा के गांव पूवर्ती के लोगों ने जिनकी आवाज अब तक नक्सली बंदूकों के साये में चुप करा दी जाती थी, उन्होंने पहली बार विधानसभा में जनता की आवाज को जनता के प्रतिनिधियों के माध्यम से लोकतंत्र के मंदिर में गूंजते सुना। सुकमा जिले के पूवर्ती के साथ ही टेकलगुडेम के ग्रामीणों ने विधानसभा में देखा कि किस तरह लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष मुद्दों पर सहमति-असमहति के बावजूद चर्चा कर अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचते हैं और जनकल्याण की दिशा में आगे बढ़ते हैं। वे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के आमंत्रण पर विधानसभा पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री से देर तक अपने गांव के बारे में बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल आतंकवाद की वजह से बरसों आपके इलाकों में विकास प्रभावित रहा। बस्तर के विकास के बगैर और आप लोगों तक विकास पहुंचाये बगैर छत्तीसगढ़ का विकास संभव नहीं। हमने इसके लिए नियद नेल्लानार योजना आरंभ की है। न केवल हम आप लोगों को सुरक्षा प्रदान करने वहां नये कैंप लगा रहे हैं अपितु कैंप के 5 किमी के दायरे में इस योजना के अंतर्गत 25 तरह की मूलभूत सुविधाएं 32 तरह की व्यक्तिमूलक योजनाओं के माध्यम से दे रहे हैं। मोदी का निर्देश है आप लोगों को सारी सुविधाएं मिलनी चाहिए- चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष रूप से बस्तर के विकास का ध्यान रखते हैं।

# राज्यपाल हरिचंदन ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नालॉजी रायपुर के चेयरमेन निशांत त्रिपाठी एवं विद्यार्थियों ने सौजन्य मुलाकात की। संस्थान के विद्यार्थियों ने 36 घंटे के कोडिंग टूर्नामेंट (स्मार्ट इंडिया हैकथॉन) में प्रथम स्थान प्राप्त कर 1 लाख रूपए का पुरस्कार जीता है। उन्होंने इस उपलब्धि की जानकारी राज्यपाल को दी। हरिचंदन ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनका उत्साह वर्धन किया।

# एक बार फिर ग्रामीणों का जत्था पहुंचा एसपी दफ्तर

## हुरनतराई मुठभेड़ में दो युवकों ने किया नया खुलासा



पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

कोयलीबेड़ा के हुरनतराई पुलिस नक्सली मुठभेड में तीन नक्सलियों के मारे जाने के बाद मृतक के परिजन व ग्रामीण लगातार मुठभेड को फर्जी बताते हुए विरोध कर रहे हैं। बुधवार को एक बार फिर मृत नक्सलियों के परिजन ग्रामीणों के साथ गुहार लगाने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे व ग्रामीणों के साथ पहुंचे दो युवकों ने इस पूरे घटना म को ले नया खुलासा किया है। उनका कहना है कि जिस दिन हुरनतराई में यह घटना हुई। दोनों युवक भी घटना स्थल में मौजूद थे एक युवक ने कहा कि सभी तेंदूपत्ता बांधने के लिए जंगल में रस्सी लेने गये थे। सुबह खाना बनाने के दौरान गोलीबारी की आवाज सुनकर दोनों भागकर अपनी जान बचायी। जिस युवक को पुलिस गोली लगने का दावा कर रही है, वह भी परिजनों व ग्रामीणों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा था उसने कहा कि पुलिस उसे भी नक्सली बताकर मार सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि हम आदिवासी हैं। जंगल के बिना हमारा गुजारा नहीं होता। जंगल जाने पर पुलिस नक्सली बताकर गोली मार देती है। बता दें कि 25 फरवरी को कोयलीबेडा के हुरनतराई में पुलिस द्वारा मुठभेड के बाद तीन नक्सलियों को मार गिराने की पुष्टि की है तीनों के शव भी बरामद किये गये। दूसरे दिन मृत नक्सलियों के परिजन व ग्रामीण शव लेने पहुंचे तो उन्होंने इस मुठभेड को फर्जी बताते हुए मृतकों के नक्सली होने से भी इंकार किया था। बुधवार को ग्रामीणों के साथ पहुंचे अंतागढ़ ब्लाक के पेवारी निवासी मुकेश सलाम व मरदा के सुबर सिंह आंचला भी पहुंचे थे। मुकेश सलाम ने बताया कि तीनों मृतकों के साथ वह स्वयं व सुबर भी जंगल में रस्सी लेने गये थे। ग्रामीणों ने बताया कि जिस पेड़ की छाल को वे रस्सी के रूप में उपयोग करते हैं। उसके लिए 10 से 15 किमी दूर जंगल में जाना पड़ता है। ग्रामीण दो तीन दिन जंगल में ही रूकते हैं। अपना राशन कपड़े आदि आदि लेकर घने जंगल में जाना पड़ता है। मुकेश सलाम ने बताया तीनों मृतकों के साथ कुल पांच लोग जंगल गये थे। 25 फरवरी की सुबह खाना बना रहे थे इसी दौरान अचानक फायरिंग होने के बाद मुकेश सलाम और सुबर सिंह वहां से भागकर अपनी जान बचायी। उन्हें घटना के दूसरे दिन पता चला कि जंगल में तीन लोगों की गोली लगने से मौत हो गयी।

# कोयलीबेड़ा मुठभेड़ की हाईकोर्ट के जज की निगरानी में न्यायिक जांच हो : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कांकेर के कोयलीबेड़ा मुठभेड़ की उच्चस्तरीय जांच की मांग किया है। कांकेर जिले की पुलिस द्वारा 25 फरवरी को कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र में हुये तथाकथित पुलिस और नक्सली मुठभेड़ के संबंध में मुठभेड़ में मारे गये लोगों के बारे में उनके परिजनों तथा ग्रामीणों द्वारा गंभीर सवाल खड़ा किया जाना तथा कहना कि मारे गये तीनों लोग नक्सली नहीं थे उनके यह आरोप बेहद ही चौकाने वाले है तथा उन सभी के परिजनों ने मृतकों के बैंक पासबुक, आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, पेन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड सभी कुछ दिखाया है। कांकेर जिला मुख्यालय में मृतकों के परिजन स्वयं सामने शिकायत करने आये थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि मारे गये लोगों की पत्नियों ने कहा कि वे सब चावल, दाल लेकर रस्सी लेने जा रहा हूं बोलकर निकले थे। अभी तेंदूपत्ता बूटा कटाई का समय है। अप्रेल में तेंदूपत्ता तोड़ाई होता है उसके लिए सब लोग अभी रस्सी जुगाड़ कर लेते है। उसी को लेने ये लोग जंगल गए थे, हमारे पति नक्सली नहीं है, और ये लोग जो समान दिखा रहे है, वैसा कुछ नहीं है। हमारे पति को नक्सली बता कर मारा गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायतें बेहद ही गंभीर और संवेदनशील है। आरोप पुलिस पर लगे है। आरोपों को गंभीरता को देखते हुये यह आवश्यक है कि इस मामले की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच की जानी चाहिये।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403